रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 05 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-313 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सुको पहुंचा राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने वहां के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह 'उपचारविहीन' हो गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह पश्चिम बंगाल पुलिस को आवश्यक निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है।

### भारत और आस्ट्रेलिया ने रक्षा संबंधों की समीक्षा की



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने टेलीफोन पर बातचीत की तथा दोनों देशों के रक्षा संबंधों की समीक्षा की। सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स के साथ बात की। हमने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले चैंपियन्स...




पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य गुरुवार सुबह विशेष विमान 'चैंपियंस वर्ल्डकप 24' से राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जैसे ही उतरे वहां बड़ी संख्या में उनके प्रशंसकों टीम का भव्य स्वागत किया। भारतीय क्रिकेट टीम, टी-20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के जबड़े से जीत छीनकर विश्व विजेता बनी। स्वादेश लौटते ही इंडियन क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की।

# दिव्यांगता कमजोरी नही, मन के हौसले से जीवन की उड़ान : साय

## ट्रायसायकल मिलने पर दिव्यांग पति-पत्नी के चेहरे खिल उठे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



दिव्यांगता को कमजोरी नही मान कर हौसले से जीवन को सहज और सरल तरीके से जीने की कला कोई भागवत से सीखे। जन्म से ही दोनों पैरों से विकलांग भागवत आरंग विकासखंड के ग्राम केशला के रहने वाले है। शिक्षा समाप्ति के बाद बिजली विभाग में कॉल अटेंडर के रूप में कार्य करना शुरू किया। भागवत की दिव्यांगता के चलते विवाह में दिक्कतें हुई। ऐसे में उन्होंने दिव्यांग लड़की से विवाह करने का फैसला लेकर दिव्यांग वीणा निषाद से विवाह किया। बिजली विभाग फोन अटेंडर के रूप में कार्य करने से होने वाली आय से घर परिवार चलाने में दिक्कते खड़ी होना प्रारम्भ हो गया। वैसे भी उन्हें कार्यस्थल तक आने जाने के लिए दूसरों की मदद लेनी होती थी। किसी पर आश्रित नही होने की महत्वाकांक्षा उसे अंदर ही अंदर खाये जा रही थी। कही भी आने जाने की सुविधा के लिए भागवत ने निःशुल्क बैटरी चलित ट्रायसाइकल के लिए समाज कल्याण और सम्बन्धित विभागों में आवेदन देने के बाद भी पिछले 2 सालों से उन्हें सहायता नही मिल पा रहा था। ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा आमजनों की शिकायतों और मांगो को पूरा करने के लिए जनदर्शन के बारे में पता चला। भागवत मुख्यमंत्री के सहृदयता के बारे में विभिन्न माध्यमो से अवगत थे। उन्हें पूरे विश्वास था कि जनदर्शन में जाने से निश्चित रूप से मदद मिलेगी। जनदर्शन कार्यक्रम में भागवत अपनी दिव्यांग पत्नी के साथ उपस्थित होकर बैटरी चलित ट्रायसाइकल हेतु मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आवेदन प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने उनके आवेदन पर संवेदनशीलता से विचार कर दोनों को तत्काल बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल करते हुए दिव्यांग पति-पत्नी को बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान की गई। ट्रायसाइकल मिलने पर दिव्यांग पति पत्नी के खुशी का ठिकाना न रहा।

# मोदी के ढाई घंटे के भाषण में महंगाई का ढाई आखर में भी जिक्र नहीं : खड़गे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि वह संसद में ढाई घंटे तक भाषण देते रहे लेकिन एक बार भी मुद्रास्फीति का जिक्र नहीं किया गया जबकि आसमान छूती महंगाई ने लागों की कमर तोड़ दी है। खड़गे ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम लोगों के बस से बाहर हो गये हैं लेकिन सरकार जनता की इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है और मोदी सिर्फ भाषण दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित एक पत्र में उन्होंने कहा, मोदी, आप ढाई-ढाई घंटे के भाषण देते हैं, पर महँगाई के मुद्दे के बारे में ढाई शब्द नहीं बोल पाते। जनता करती है खून-पसीने से मेहनत की कमाई, आप करते हैं झूठी राजनीतिक रोटियों की सिकाई।

# हेमंत सोरेन को झारखंड में नई सरकार बनाने का न्योता, 7 को लेंगे शपथ



**रांची/वार्ता।** झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को राज्य में नई सरकार बनाने का न्योता दिया। सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं सहयोगी दलों कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के साथ बृहस्पतिवार को राज्यपाल से मिले और तभी उन्हें यह न्योता मिला है। अब हेमंत सोरेन 7 जुलाई को तीसरी बार मुख्यमंत्री के पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।


# भारत का संप्रभुता, प्रादेशिक अखंडता के सम्मान, आतंकवाद पर कार्रवाई पर बल

वार्ता < अस्ताना
www.dailypioneer.com



भारत ने चीन, पाकिस्तान और रुस जैसे 12 से अधिक देशों के शीर्ष नेताओं की आयोजित एक बैठक में एक से अधिक देशों से जुड़ी सम्पर्क-सुविधा और अवसंरचना क्षेत्र की परियोजनाओं में देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ध्यान रखने पर बल दिया और सीमापार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का भी आह्वान किया। शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी घरेलू व्यस्तताओं के कारण एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने अस्ताना नहीं आ सके। विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।



# मलिन बस्तियों के पुनर्वास के लिए योजनाबद्ध प्रयास अपेक्षित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मलिन बस्तियों के पुनर्वास के लिए योजनाबद्ध प्रयास अपेक्षित हैं। नगर विकास विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, प्रत्येक नगर निगम में एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार करें, जिसमें स्कूल, बाजार और पार्क जैसी बुनियादी सुविधाएं हों। उन्होंने कहा, विकसित बाजार को इस मलिन बस्ती के परिवारों को आवंटित किया जाना चाहिए। बनाए गए पार्कों के प्रबंधन की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी जानी चाहिए। इससे पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से मलिन बस्तियों का पुनर्वास होगा और यहां के लोगों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।



योगी ने कहा कि शहरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बनती जा रही है। सरकार, प्रशासन और जनता को मिलकर इसका समाधान निकालने की जरूरत है।

यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े हों, सड़क किनारे नहीं।

उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हो तो प्रवर्तन कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग बहुत उपयोगी साबित हो रही है। मल्टीलेवल पार्किंग में व्यावसायिक स्थलों को शामिल करना सुनिश्चित करें। स्थानीय आवश्यकताओं का अध्ययन करने के बाद ही नए पार्किंग स्थलों की योजना बनाएं। भविष्य में बेहतर पार्किंग सुविधाओं के लिए 'पार्किंग स्थल नियम' विकसित करें। योगी ने कहा कि सुनिश्चित करें कि कहीं भी सड़क किनारे बाइक, कार या टैक्सी खड़ी न हो। रेहड़ी-पटरी वालों के लिए एक निश्चित स्थान की व्यवस्था करें। अवैध टैक्सी स्टैंडों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। शहरी परिवहन में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को बढ़ावा दें। नालों पर अतिक्रमण जलभराव का मुख्य कारण है। जहां भी नालों पर अतिक्रमण है, वहां जनता से संवाद कर समाधान निकालें। कार्रवाई करते समय यह सुनिश्चित करें कि संबंधित परिवार को घर में प्रवेश करने या बाहर निकलने में अनावश्यक असुविधा न हो। योगी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में गलत तरीके से लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग न केवल शहर की सुंदरता को खराब करते हैं, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का कारण भी बनते हैं। इसे व्यवस्थित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय क्षेत्र में किसी भी भवन के ऊपर कोई होर्डिंग न लगाई जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रचलित होर्डिंग के स्थान पर एलईडी डिस्प्ले लगाई जाए। यह तकनीक आधारित व्यवस्था विज्ञापन एजेंसियों, विज्ञापनदाताओं, स्थानीय प्रशासन और आम जनता के लिए सुविधाजनक होगी। निर्धारित क्षेत्रों को छोड़कर कहीं भी किसी भी प्रकार की विज्ञापन होर्डिंग न लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में नगरीय जनसंख्या में वृद्धि, घनत्व और नगरीय निकायों के विस्तार को देखते हुए नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। नई व्यवस्था निर्धारित करते समय जनसंख्या को आधार बनाया जाए।

# मध्यप्रदेश में बनेगा दिल्ली की तरह एयर कार्गो हब : यादव

एजेंसी ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति एवं विकसित अधोसंरचना को देखते हुए मध्यप्रदेश में दिल्ली की तरह एयर कार्गो हब बनने की पूरी संभावना है। डॉ यादव ने ये विचार एयर कार्गो फोरम इंडिया के वार्षिक कॉन्क्लेव-2024 में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश भारत के दिल (मध्य) में स्थित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में रेलवे, मेट्रो और एक्सप्रेस-वे का घना जाल बिछाया जा चुका है। अब प्रदेश में हवाई यातायात एवं कार्गो की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश में सातों एयरपोर्ट में कार्गो की संभावना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा राज्य है जहां अंतर्राज्यीय वायु सेवा प्रारंभ की गई है। प्रदेश में पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई है, जिसमें सक्षम व्यक्तियों के अलावा आयुष्मान कार्ड धारकों को भी इस सेवा का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में पर्यटन



को बढ़ावा देने के लिए हेली सर्विस भी शुरू करवाई गई है। इस दृष्टि से वायु परिवहन के साथ साथ एयर कार्गो के लिए भी प्रदेश में समुचित अधोसंरचना विकसित है। डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश के संसाधनों के दोहन के लिए व्यापार को बढ़ावा देने के लिए और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रदेश में कार्गो हब का निर्माण सहायक होगा। भविष्य में मध्यप्रदेश को व्यापार का केंद्र बनाने के लिए 'फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश' नाम से डेस्क भी तैयार किया गया है। प्रदेश की आर्थिक विकास गति 20 प्रतिशत से अधिक है और कृषि विकास की दर 25 प्रतिशत है। गत दिवस प्रस्तुत किए गए प्रदेश के बजट में पिछले बजट के मुकाबले 16 प्रतिशत अधिक आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में एयर कार्गो के माध्यम से 6 अरब डॉलर मूल्य के उत्पादों का परिवहन होता है। उन्होंने बताया कि इस दृष्टि से एयर कार्गो उद्योग के लिए मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं है। डॉ. यादव ने एयर कार्गो उद्योग को प्रदेश के विकास में सहभागी बनने और प्रदेश में निवेश करने का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने एयर कार्गो फोरम इंडिया द्वारा प्रकाशित 'स्किलिंग मैन्युअल' नाम की पुस्तक का विमोचन किया। डॉ. यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एयर कार्गो फोरम इंडिया टास्क पिलर्स: स्किल डेवलपमेंट, नॉलेज एंड रिसर्च, डिजिटल ऑटोमेशन, गो ग्रीन, डोमेस्टिक एयर कार्गो, प्रोसेस सिंपलिफिकेशन, ब्रांडिंग, पॉलिसी एडवोकेसी और इवेंट मैनेजमेंट के लीडर्स को भी सम्मानित किया।

## हाथरस जैसे हादसों से बचने को सरकार को बनानी चाहिए एसओपी : प्रो रामगोपाल यादव

एजेंसी ‹ इटावा
www.dailypioneer.com

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव ने कहा है कि हाथरस में सत्संग समारोह में हुए दर्दनाक हादसे के बाद सरकार को चाहिए कि इस तरह के आयोजन के लिए सरकार को एसओपी बनाए जाने की जरूरत है तभी इस तरह से हादसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव गुरुवार को सैफई स्थित आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसी एसओपी बनाने की जरूरत है जिसमे किसी की आयोजन के लिए भीड़, आयोजन स्थान, सुरक्षा, दमकल गाड़ियों को पहुंचने का रास्ता आदि ठीक है या नहीं तभी आयोजन की अनुमति दी जानी चाहिए अगर ऐसे सख्त नियम बनाए जाएंगे तभी इस तरह के हादसों पर रोक लग पाना संभव होगा। यादव ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है जिसमे आस्थावान लोगो की मौत हुई है । उन्होंने सबरी माला हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि साकार हरि बाबा के सत्संग में आस्था के चलते बड़ी तादात में लोग जमा हुए हैं जहा हुए हादसे में बड़ी सख्या में लोग शिकार हो गए हैं। इस हादसे के लिए भोले बाबा को जिम्मेदार ठहरना किसी भी सूरत में उचित नहीं है। वे नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का बचाव करते नज़र आए हैं। उन्होंने कहा कि हादसे तो हादसे होते ही रहते है जब आस्था के चलते जरूरत से ज्यादा लोग किसी समारोह में शामिल होंगे तो अव्यवस्था के चलते इस तरह के हादसे होना आम बात है। हादसे के बाद यूपी सरकार पूरी निगरानी कर रही है,न्यायिक जांच कमेटी का गठन किया जा चुका है। प्रो.रामगोपाल ने कहा कि ये हादसा है ये किसी के द्वारा डिजाइन या साजिश नहीं है लेकिन फिर भी कुछ लोग हादसा या साजिश कहने लगे है। सरकार को ऐसे नियम बनाने चाहिए कि इस तरह के कार्यक्रम हो तो कितनी भीड़ हो, जगह है कि नहीं है, आने जाने की व्यवस्था सही है कि नहीं है।

## जनता के आशीर्वाद, कार्यकर्ताओं के परिश्रम से मिली प्रचंड विजय : शर्मा

**कटनी।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है और पार्टी ने प्रदेश की सभी 29 सीटों पर विजय हासिल करके इतिहास रचा है। इसका पूरा श्रेय जनता जनार्दन के आशीर्वाद और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम को जाता है। शर्मा ने जिले की बहोरीबंद विधानसभा में आयोजित मतदाता एवं कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में जनता-जनार्दन एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे इस क्षेत्र और मध्यप्रदेश के मतदाता भाई-बहनों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते है, आभार जताते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन भी किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उतरे थे। हमने कहा था कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं और उनकी सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग के जीवन को बेहतर बना रही हैं। शर्मा ने कहा कि अन्य दल अपनी हार की समीक्षा करते हैं, लेकिन भाजपा अपनी जीत की भी समीक्षा करती है। हमें यह देखना है कि हम कहां पर और अच्छे परिणाम ला सकते थे।

## खराब सड़क को लेकर सदन में दो विधायक आमने-सामने

एजेंसी ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश विधानसभा में सिवनी जिले की एक सड़क के कथित तौर पर घटिया निर्माण को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के दो विधायक आमने-सामने आ गए। प्रश्नकाल के दौरान सिवनी से भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने विधानसभा क्षेत्र में एक खराब सड़क का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसी सदन के एक सदस्य ने वो सड़क बनवाई है। इस पर लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लगभग नौ किलोमीटर लंबी उस सड़क को लेकर ठेकेदार से वसूली भी की गई है। मंत्री के जवाब पर प्रश्नकर्ता विधायक राय ने कहा कि पूरी सड़क को दोबारा बना दिया जाए। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस के एक विधायक का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने ये सड़क बनवाई है। स्वयं पर आरोप लगते ही कांग्रेस विधायक ने भी भाजपा विधायक पर पलटवार किया, जिसे लेकर सदन में शोर-शराबा होने लगा। कांग्रेस विधायक ने भाजपा विधायक पर व्यक्तिगत आरोप लगाए, जिसे अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यवाही से विलोपित करवा दिया। इसी बीच मंत्री सिंह ने कहा कि वो सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की है, जिस पर विभाग का नियंत्रण नहीं है। ऐसे में विभाग प्राधिकरण को इस बारे में सूचित कर देगा। मंत्री के जवाब के बाद अध्यक्ष तोमर ने शोर-शराबे के बीच ही कार्यवाही आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

### अवैध कॉलोनियों में नागरिक सुविधाएं देने के प्रयास कर रही सरकार : मंत्री

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विधानसभा में कहा कि राज्य के अधिकतर शहरों में अवैध कॉलोनियां एक बड़ी समस्या हैं, सरकार इन्हें वैध नहीं करने जा रही, लेकिन इन कॉलोनियों के निवासियों को नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। विजयवर्गीय ने प्रश्नकाल के दौरान विधायक हरदीप सिंह डंग के सवाल के जवाब में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शहरों में अवैध कॉलोनियों की समस्या बहुत है। इसके पीछे एक पूरा 'नेक्सस' काम कर रहा है। ऐसी कॉलोनियां ना बनें, इसके लिए कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी अवैध कॉलोनी को वैध नहीं करने जा रही, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार ऐसी कॉलोनियों के निवासियों को नागरिक सुविधाएं प्रदान करने के लगातार प्रयास कर रही है।

## हरियाणा में जंगलराज : कुमारी सैलजा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा सीट से सांसद कुमारी सैलजा ने वीरवार को आरोप लगाया कि हरियाणा में जंगलराज चल रहा है और इस साल जनवरी से जून के बीच प्रदेश में 465 हत्यायें, 720 बलात्कार, 813 अपहरण, 80 दहेज हत्याओं के साथ महिलाओं से छेड़छाड़ की 709 घटनाये हुयी हैं। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार प्रदेश में न तो बेरोजगारी और भ्रष्टाचार रोक पायी है और न अपराधों पर अंकुश लगा पा रही है। सांसद ने कहा कि राज्य में न तो व्यापारी सुरक्षित हैं और न महिलायें और न बच्चे। मंगलवार रात करनाल में एक सहायक उप निरीक्षक की गोली मारकर हत्या की घटना का हवाला देते हुये उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस वालों पर हमला करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास ही गृह विभाग है और उन्हें कठोर कदम उठाने चाहिये।

## ट्रक की चपेट में एक चरवाहे व बड़ी संख्या में भेड़ों की मौत

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में एक ट्रक की चपेट में आने से एक चरवाहे सहित बड़ी संख्या में भेड़ों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुरवाया थाना क्षेत्र में कोटा कानपुर फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमोल पुल के पास सुबह में एक बड़ा ट्रक सड़क पर जा रही भेड़ के झुंड पर चढ़ गया। इस घटना में एक चरवाहे सहित करीब 40 भेड की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना में राजस्थान के नागौर निवासी चरवाहे रुपाराम जाट (55) की मौत हो गयी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है वह मौके से ट्रक लेकर भाग गया।




## ईंट भट्ठे के गड्ढे में मिले दो बच्चों के शव

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की शहर कोतवाली क्षेत्र के मोढ़ बाजार के नरोत्तमपुर गांव स्थित एक पुराने ईंट भट्ठे के गड्ढे में गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे दो बच्चों का शव मिलने से सनसनी फैल गई। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि जिले की शहर कोतवाली अंतर्गत मोढ़ रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित यादव के भट्ठे के गड्ढे में गुरुवार की सुबह दो बच्चों के शव मिले हैं। जिसने एक की उम्र लगभग पांच तथा दूसरे की सात वर्ष प्रतीत हो रही है। दोनों शवों का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि मोढ़ स्टेशन के दक्षिणी तरफ नरोत्तमपुर गांव में भदोही के राजपुरा निवासी सुरेश यादव का एक पुराना ईंट का भट्ठा है, जो पिछ्ले लगभग 2 वर्ष से बंद पड़ा है।

## लोडिंग वाहन पलटने से एक युवक की मौत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में एक लोडिंग वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के पाटनिया गांव का निवासी शब्बीर खान (20) लोडिंग वाहन पर अपने रिश्तेदार खलील खान के साथ काम करता है। कल रात वह लोडिंग वाहन चला रहे खलील के साथ अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान धामनियां गांव के पास उनका वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर पलट गया। हादसे में शब्बीर वाहन के नीचे दब गया, जबकि खलील को मामूली चोटें लगी। घायल शब्बीर को स्थानीय लोगों ने वाहन के नीचे से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पशुपालकों को आवश्यक दवाइयां कराई जा रही है उपलब्ध : कुमावत

वार्ता ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में कहा कि राज्य में संचालित पशु चिकित्सालयों व उप केन्द्रों में पशुपालकों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कुमावत प्रश्नकाल में सदस्यों के पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि शेष दवाइयों के लिए टेण्डर प्रक्रिया में है। राज्य सरकार द्वारा दवाइयों की खरीद के लिए 60 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि 137 दवाइयां निःशुल्क दवाइयों की सूची में शामिल हैं। चुनावों की आचार संहिता के चलते दवाइयों की उपलब्धता में कठिनाई के बावजूद पशु चिकित्सा हेतु आपातकालीन दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। इससे पहले विधायक रूपिन्द्र सिंह कुन्नर के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कुमावत ने बताया कि पशु चिकित्सा संस्थाओं द्वारा पशुपालकों के रोगी पशुओं के उपचार हेतु पशु चिकित्सा संस्थाओं की मांग एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता अनुसार निःशुल्क औषधियां उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उपखंड पदमपुर एवं श्रीकरणपुर क्षेत्र की पशु चिकित्सा संस्थाओं में पशु चिकित्सा के लिए आपातकालीन औषधियां उपलब्ध हैं।

कुमावत ने कहा कि उपखण्ड पदमपुर तथा उपखण्ड श्रीकरणपुर के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालयों में पशुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिये पशु रोग निदान प्रयोगशाला (लैब) स्वीकृत की गई है, जिन पर प्रयोगशाला के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पशु रोग निदान कार्य के लिए वर्तमान में जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर में एक जिला रोग निदान इकाई स्वीकृत एवं क्रियाशील है।

## नये कानून जनहितार्थ एवं त्वरित न्याय दिलाने वाले हैं : चौधरी

**अजमेर।** केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा है कि देश में लागू तीन नये कानून जन हितार्थ एवं त्वरित न्याय दिलाने वाले हैं। चौधरी ने पत्रकारों से कहा कि जुलाई 2024 से लागू हुये तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनयम हैं। ये कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और पुराने भारतीय साक्ष्य अधिनयम की जगह ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर, 2023 को इन तीन कानूनों में बदलाव के विधेयक लोकसभा में प्रस्तावित किये गये थे। बीस दिसंबर, 2023 को लोकसभा और 21 दिसंबर, 2023 को राज्यसभा से ये पारित हुये। पच्चीस दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति ने तीन विधेयकों को अपनी मंजूरी दी, वहीं 24 फरवरी, 2024 को केंद्र सरकार ने घोषणा की थी। चौधरी ने कहा कि अंग्रेजों के जमाने के भारतीय दंड संहिता , दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम अब समाप्त हो गये हैं। अब इनकी जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ले ली है। उन्होंने बताया कि इन कानूनों में अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है। दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करके इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेज को कानूनी वैधता दी गयी है। इससे अदालतों में लगने वाले कागजों के अंबार से मुक्ति मिलेगी। चौधरी ने बताया कि 'जीरो एफआईआर' से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है।

## आकाशीय बिजली गिरने से छात्रा की मौत

एजेंसी ‹ अलवर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के कोटपुतली बहरोड़ जिले में बारिश के दौरान बिजली गिरने से एक छात्रा की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहरोड़ के गूंती गांव में बुधवार शाम बिजली गिरने से एक छात्रा की मौत हो गयी। बीए अंतिम वर्ष में अध्ययनरत मृतका सपना मेघवाल (20) गुंती गांव की निवासी है। मृतक छात्रा के भाई मोहित ने बताया कि उसकी बहन सपना शाम को बाजार में दुकान से दूध लेकर घर लौट रही थी। इस वक्त बिजली लगातार कड़क रही थी। सपना जैसे ही मकान के आंगन में लगे पेड़ के पास पहुंची तो बहुत तेज बिजली कड़की और बिजली सपना के ऊपर गिर गयी। जैसे ही बिजली गिरी वैसे ही उसके कान में खून निकल पड़ा और अचेत हो गई। ऐसी हालत देखकर परिजनों ने शोर मचाया। परिजन तुरंत उसे बहरोड़ के जिला अस्पताल पहुंचे। वहां से हालत गंभीर होने पर उसे अलवर रेफर कर दिया। अलवर के राजकीय अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉ आदर्श अग्रवाल ने बताया कि बिजली गिरने से सपना का ब्रेन डैमेज हो गया, जिसके कारण कानों से ब्लड आ गया।

## भाजपा झूठ बोल कर लोगों को गुमराह कर रही है : सिंह

एजेंसी ‹ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र का विकास कांग्रेस की देन रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास के नाम पर झूठ बोल कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास करती है। उन्होंने इस क्षेत्र से चुने गए पूर्व निर्दलीय विधायक को भी आड़े हाथ लेते हुए कहा उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों की भावनाओं को आहत किया है और यहीं वजह है कि अब इस क्षेत्र में उप चुनाव होने जा रहा है। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा के पक्ष में बुधवार को डोली,



सुन्ना, धरमाणा, बेहड़ी, रिवालसर, रामशहर व बरोग में चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हुए सिंह ने हरदीप सिंह बाबा को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन उप चुनावों के लिये भाजपा पूरी तरह दोषी है। उन्होंने कहा कि निर्दलीयों विधायको का समय से पूर्व विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देना प्रदेश के इतिहास में पहला मौका है। उन्होंने कहा कोई भी निर्दलीय विधायक किसी भी दल या सता पक्ष को अपना समर्थन देने के लिये स्वतंत्र होता है। उन्होंने कहा कि तीन निर्दलीयों विधायकों का अपने अपने पद से त्यागपत्र देना व फिर से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना साफ दर्शाता है कि इसमें कुछ न कुछ तो काला हुआ है। सिंह ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत है जो अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि तीन उप चुनावों के परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएंगे और विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की संख्या 41 हो जाएगी। सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी दस गारंटियों में से पांच पूरी कर दी है। इसमें कर्मचारियों को ओपीएस व महिलाओं को हर माह 1500 रुपए की सम्मान राशि जारी करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनहित के कार्यो को हमेशा प्रमुखता देते हुए उन्हें हर हाल में पूरा करती है। इस दौरन पूर्व मंत्री आशा कुमारी ने भी सभाओं को सम्बोधित करते हुए हरदीप बाबा को इस बार विजयी बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि पूर्व में जो गलती हुई है उसे अब नही दोहराना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के निर्दलीय विधायक जिसे उन्होंने पांच साल के लिये क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिये विधानसभा में भेजा था।

### देहरा की समस्याओं का समाधान अब मेरा दायित्व : सुक्खू

**देहरा।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देहरा की समस्याओं का समाधान अब मेरा दायित्व है और



अब यह मुख्यमंत्री का चुनाव क्षेत्र बन चुका है। सुक्खू ने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण वह अभी कोई घोषणा नहीं करेंगे, लेकिन आने वाले समय में देहरा की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेता आए दिन तरह-तरह के बयान दे रहे हैं, जबकि यह उपचुनाव प्रदेश की जनता पर भाजपा ने ही थोपे हैं। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों और कांग्रेस के छह विधायकों ने भाजपा के साथ मिलकर चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा।

## राजस्थान विधानसभा में द्वितीय सत्र के दूसरे दिन भी विपक्ष का रहा जोरदार हंगामा

वार्ता ‹ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान की सोलहवीं विधानसभा के द्वितीय सत्र के दूसरे दिन भी सदन में विपक्ष का जोरदार हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही तीन बार स्थगित हुई। प्रश्नकाल में आदिवासियों के डीएनए जांच मुद्दे को लेकर विपक्ष के सदस्य 11 बजकर 50 मिनट पर वेल में आकर नारेबाजी शुरु कर दी जिससे सदन में शोरगुल और हंगामा हुआ। इसके बाद शून्यकाल में नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्तावों पर सदस्य हरिमोहन शर्मा बिजली एवं पेयजल को लेकर अपनी बात रख रहे थे तभी 12 बजकर 12 मिनट पर



विपक्ष के सदस्य वेल में आ गए और फिर नारेबाजी शुरु कर दी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विपक्ष के सदस्यों से अपनी जगहों पर जाने के लिए कहा लेकिन उनकी नारेबाजी जारी रही। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर खड़े होकर बोलने लगे तो वेल में नारे बाजी कर रहे सदस्य और नारेबाजी करते हुए दिलावर की तरफ बढ़ने लगे और इस दौरान सत्ता पक्ष के लोग भी वेल में आ गए और हंगामा बढ़ गया। हंगामा बढ़ते देख अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 बजकर 25 मिनट पर आधा घंटे के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद करीब पौने दो बजे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोलने लगे इस पर सत्ता पक्ष के सदस्य और बाद में विपक्ष के सदस्यों के बोलने पर फिर शोरगुल और हंगामा हुआ। पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के खडे होकर बोलने फिर आमने सामने होने लगे तभी अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 13 बजकर 44 मिनट पर भोजन अवकाश के लिए दो बजे तक स्थगित कर दी।

# संपूर्णता अभियान का हुआ शुभारंभ, लक्ष्य हासिल कर कोंडागांव को बनाएंगे अग्रणी जिला: उसेण्डी

## सभी बच्चों के हाथों में होगी किताबें और स्कूल होंगे बिजली से रोशन, स्व-सहायता समूहों को व्यापार में विस्तार के लिए मिलेगी चक्रीय निधि

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com






नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार एवं कृषि के क्षेत्र में निर्धारित संकेतकों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए संपूर्णता अभियान का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। जिला मुख्यालय स्थित ऑडियोरियम में अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक लता उसेंडी ने कहा कि, नीति आयोग द्वारा निर्धारित इन लक्ष्यों को प्राप्त कर हम विकास की राह में तेजी से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि, इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं कि, प्रशासन के साथ ही समाज को भी मिल-जुलकर प्रयास करना होगा, क्योंकि कोई भी कार्य जनसहभागिता के बिना सिद्ध नहीं हो सकता। समाज के आगे बढ़कर इन योजनाओं का लाभ लेने पर हम लक्ष्यों को बहुत ही आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य भारत को विश्व का तीसरा प्रमुख अर्थव्यवस्था बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें नीति आयोग द्वारा निर्धारित इन लक्ष्यों को प्राप्त करना जरुरी है। उन्होंने कहा कि, शिक्षित और स्वस्थ समाज के साथ ही अच्छा रोजगार और अच्छी कृषि के लिए नीति आयोग द्वारा ये लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और निश्चित तौर पर हम इन लक्ष्यों को प्राप्त कर अपने जिले को नम्बर वन बनाएंगे।

### सभी गर्भवती महिलाओं की होगी जांच और दिया जायेगा पोषक आहार

विधायक उसेंडी ने कहा कि, स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से जहां शिशु और मातृ मृत्यु दर में कमी आई हैं। वहीं स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। इसके साथ ही महिलाओं में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि, शिक्षित और स्वस्थ समाज का निर्माण के साथ ही रोजगार और कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने हेतु इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए भी कार्य किया जाएगा।

### खेतों की उर्वरता बढ़ाने के लिए होगी मिट्टी की जांच

जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा कि, कोंडागांव जिला विभिन्न क्षेत्रों में लगातार अच्छा कार्य कर रहा हैं और आकांक्षी जिलों के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी हम सभी मिलकर बेहतर कार्य करेंगे और निश्चित तौर पर इन लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इस अवसर पर कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर आकांक्षी जिला और ब्लॉक कार्यक्रम प्रारंभ की गई और इस कार्यक्रम के प्रारंभ होने के पश्चात् अपेक्षाकृत पिछड़े जिलों ने कई क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया और बदलाव के नेतृत्वकर्ता बने। उन्होंने कहा कि, कोंडागांव जिले ने दो बार डेल्टा रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया और इसके लिए सात करोड़ रुपए की सम्मान राशि भी प्राप्त की जिसका उपयोग जिले के विकास कार्यों में किया गया। उन्होंने कहा संपूर्णता अभियान के माध्यम से सभी गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाएगी। इससे महिलाओं में किसी भी प्रकार के जटिल रोग की जानकारी पहले ही हो जाएगी और सुरक्षित प्रसव के लिए आवश्यक उपचार भी प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं को टेक टू होम राशन का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे माता एवं शिशु का पोषण स्तर अच्छा बना रहे। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करने से भूमि की उर्वरता एवं आवश्यकता का पता चलेगा, जिससे आवश्यकता अनुसार खेतों में उर्वरक डालकर भूमि को उपजाऊ बनाया जा सकेगा और फसल की उपज बढ़ेगी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कुपोषण मुक्त आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता तथा कुपोषणमुक्त ग्राम पंचायत को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक की उपलब्धता और स्कूलों में बिजली की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि, निर्धारित तीन माह के भीतर इन लक्ष्यों को अवश्य प्राप्त करते हुए कोंडागांव को अग्रणी जिला बनाया जाएगा। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 40 महिला स्व सहायता समूहों को 6 लाख रुपए का चक्रीय निधि की राशि तथा गर्भवती महिलाओं को टेक टू होम राशन प्रदान किया गया।

### संपूर्णता अभियान को सफल बनाने का संकल्प

इस अवसर पर विधायक लता उसेंडी ने जिले वासियों को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध कोंडागांव के निर्माण हेतु संपूर्णता अभियान के सभी संकेतकों को संतृप्त करने हेतु योगदान का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही संकल्प पट्टिका पर हस्ताक्षर भी किया।

### प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

इस अवसर पर संपूर्णता अभियान के संकेतकों को संतृप्त करने हेतु जनजागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर विधायक उसेंडी ने रवाना किया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, खेमचंद नेताम, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम, प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट के अजीत राना, अभिनय रात्रे सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहें।

# तौरेंगा में हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव व न्योता भोज

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के विकासखंड माकड़ी के संकुल-तौरेंगा में जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव आदित्य चांडक के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजूराम साहू के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक मानिक राम कंवर के नेतृत्व में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव जनप्रतिनिधियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की गरिमामय उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, संकुल तौरेंगा के समस्त शालाओं शास.प्राथमिक व मा.शाला तौरेंगा,शास.प्राथ. व मा.शाला हीरावंडी, शास.प्राथमिक व माध्यमिक शाला बेलौंडी के समस्त शिक्षकगण व जनप्रतिनिधि सरपंच बेलौंडी आशाराम बघेल, भूतपूर्व सरपंच रामदयाल पोयाम, हीरावंडी सरपंच गीता मरकाम व तौरेंगा सरपंच ललिता मरकाम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित विशिष्ट ग्राम प्रमुख की उपस्थिति में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव तथा न्यौता भोज करवाया गया। जिसमे नवप्रवेशित बच्चों को राज्य शासन से प्राप्त निःशुल्क गणवेश व निःशुल्क पाठयपुस्तक का वितरण किया गया। जिसको पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बघेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव है। शिक्षा ही है जो संस्कृति को संस्कार से जोड़ती है। शिक्षा के बिना मनुष्य अपने अधिकार व कर्तव्यों से वंचित हो जाता है। इसलिए हमारे जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है।

# अवैध रेत खदान पर कार्यवाही करने गये खनिज विभाग के कर्मचारियों पर भाजपा नेताओं ने दिखाया धौंस, चाबी छीन शासकीय कार्य में किया बाधा



पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

## कांग्रेस ने की कार्यवाही करने करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कांकेर जिला NSUI के द्वारा कांकेर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चारामा क्षेत्र के ग्राम अरौद में अवैध ढंग से चल रहे रेत खदान में कार्यवाही करने पहुंचे शासकीय कर्मचारियों के साथ भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला महामंत्री रवि सिन्हा भाजयुमो चारामा के मंडल अध्यक्ष अंकित जैन, भाजयुमो के अंकित नशेने के द्वारा खनिज सिपाही से चैन माउंटेन की चाबी छीनकर वाहनों से चालको को भगा दिया गया जो कि शासकीय कार्य में व्यवधान डालने का कार्य किया गया है एवं एक कचरा पृथक कारण शेड सरकारी भवन में चैन माउंटेन का ड्राइवर एक महीने से अवैध रूप से कब्जा करके बैठे हैं उनके खिलाफ भी कार्यवाही करने की बात कही है। तीन दिवस के भीतर कानूनी कार्यवाही किया जावे, कार्यवाही नहीं होने की दशा में युवा कांग्रेस एवं NSUI के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी! जिसमें मुख्य रूप से आज पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य राजेश भास्कर जी, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव महेंद्र नायक, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सुमित राय, उपाध्यक्ष अमन गायकवाड, विधानसभा तराश सिन्हा, संदीप मांझी, प्रशांत सिन्हा, सौरम्भ तारांम, देव तिवारी, सुधांशु पांडे, समीर बांचोर, मुकेश, डायमंड राणा, बालवंत साहू, सूरज कुरेटि एवं साथी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बैठक लेकर उल्लास कार्यक्रम के प्रगति की जानकारी ली

## साक्षरता अभियान की सफलता के लिए दिलाई शपथ

पायनियर संवाददाता उत्तर बस्तर कांकेर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के जिले में बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत सभी युवा, प्रौढ़, पुरूष एवं महिलाओं को शत-प्रतिशत बुनियादी साक्षरता प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी आगे बढ़कर कार्य करें। साथ ही वालेंटियर शिक्षक के रूप में कार्य करने जिले के नागरिकों को भी प्रेरित करें। कलेक्टर ने उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अब तक की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और सभी विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित लोगों को साक्षरता अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम के तहत स्वेच्छा से अपनी सेवा देने के इच्छुक लोगों को वालेंटियर शिक्षक के रूप में चयनित किया जाना है। इसके लिए युवाओं सहित मैदानी स्तर के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं एनजीओ के सदस्यों की भी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि साक्षर करने हेतु स्थलों का चयन कर उल्लास साक्षरता केन्द्र स्थापित किया जाना है। साक्षरता कार्यक्रम के जिला नोडल श्री वैभव कुमार मेश्राम ने उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्य एवं जिले की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अनुशंसित उल्लासः नव भारत साक्षरता कार्यक्रम केन्द्र प्रवर्तित योजना है, जो कि सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत-प्रतिशत साक्षर किए जाने का लक्ष्य है। साक्षरता केवल पढ़ना, लिखना और अंक ज्ञान की जानकारी ही नहीं है बल्कि इससे बढ़कर कार्यात्मकता, सशक्तिकरण तथा आगे सीखते रहना है। साक्षरता एक व्यक्ति के लिए बेहतर आजीविका व अवसरों तक पहुंचने, समुदाय के लिए समाज की एकता व सबके स्वास्थ्य व शिक्षा हेतु और देश के लिए जनतंत्र की मजबूती व आर्थिक तरक्की एवं विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उल्लास कार्यक्रम के पांच महत्वपूर्ण घटक हैं, जिनमें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, बुनियादी शिक्षा, व्यावसायिक कौशल विकास एवं सतत् शिक्षा शामिल है। बैठक में जिले के सभी जनपद पंचायतों के अध्यक्षगण, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक कुमार पटेल, सभी बीईओ, एबीईओ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# विधायक के हाथों नक्सली घटना के पीड़ित परिजनों को मिली अनुकंपा नियुक्ति



**कोंडागांव।** जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में नक्सल घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने यहां चितुराम पटेल, ललिता नाग, सोमारी नाग, लछबती बघेल, यशवंत राणा, सनवारिन कुंजाम, रमेश कोर्राम व फूलचंद मानिकपुरी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, जिला पंचायत सदस्य बालसिंह बघेल, खेमचंद नेताम, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

# भागवत महिला मंडली ने किरंदुल में किया नवनिर्मित ग्रह पूजन में अखंड रामायण पाठ



### भागवत महिला मंडली निरंतर कई वर्षों से करती आ रही है रामायण सुंदरकांड पाठ

**किरंदुल।** शांति देवी प्रसाद के यहां नवनिर्मित ग्रह पूजन में भागवत महिला मंडली ने अखंड रामायण मे शामिल हुए किरंदुल में सभी मातृशक्तियों ने प्रेम पूर्वक अखंड रामायण में रामायण पढ़ने के बाद प्रसाद ग्रहण किये



भागवत महिला मंडली निरंतर कई वर्षों से लगातार सुंदरकांड अखंड रामायण भजन जन्मदिन में भजन शादी की सालगिरह में भजन कीर्तन करती आ रही है और प्रति सोमवार राम मंदिर जाकर भजन कीर्तन हमेशा निरंतर करती है मंगलवार को हनुमान भजन रेती पारा में चौक में किया जाता है।सुन्दर कांड का महत्व बताते हुए मामी जी ने कहा माना जाता है कि सुंदरकांड के पाठ से हनुमानजी प्रसन्न होते हैं. सुंदरकांड के पाठ में बजरंगबली की कृपा बहुत ही जल्द प्राप्त हो जाती है. जो लोग नियमित रूप से सुंदरकांड का पाठ करते हैं, उनके सभी दुख दूर हो जाते हैं. इसमें हनुमानजी ने अपनी बुद्धि और बल से सीता की खोज की है.।

# भाजपाइयों ने मनाया स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि

पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com



ओजस्वी वक्ता महान विचारक एवं युग प्रवर्तक युवाओं के प्रेरणाश्रोत उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति जब तक न हो जाये रुको मत इस वाक्य का उद्धघोष करने वाले युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि आज भाजपाइयों द्वारा कोड़ेनार रिंग रोड नम्बर 04 पेट्रोल पम्प के पास स्थित स्वामी जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वल्लित व प्रतिमा में पुष्प अर्पण करके पुण्यतिथि मनाई गई और उनकी राष्ट्र निर्माण के लिये की गई उल्लेखनीय कार्यो को याद किया गया। मौके पर कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी,भाजपा मंडल अध्यक्ष डी पी मिश्रा,विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता,भावना सक्सेना, पंकज सिन्हा,तपन दास,शालिनी कर्मा,सुनीता साहू उपस्थित थे।

# वनमंडलाधिकारी ने किया कर्तव्य विमुख कर्मचारी को बर्खास्त

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव वनमंडल में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 अनिल कुमार मंडावी को कर्तव्य विमुखता के कारण वन मंडलाधिकारी द्वारा बर्खास्त कर दिया गया। वन मंडलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक ग्रेड-3 अनिल कुमार 4 मार्च 2022 से बिना पूर्व सूचना के तथा बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनाधिकृत रूप से कर्तव्य से अनुपस्थित थे। उन्हें अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु 11 अप्रैल 2022, 3 अगस्त 2022 व 9 नवंबर 2022 को पत्राचार किया गया था, लेकिन वे निरंतर कार्यालय के आदेश का उल्लंघन करते रहे जिसके कारण उनके विरूद्ध छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 7 के उल्लंघन के कारण विभागीय जांच की गई। विभागीय जांच के दौरान सहायक ग्रेड-3 श्री अनिल कुमार मंडावी अपने अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में पर्याप्त कारण बता पाने में असमर्थ रहे तथा उनके विरूद्ध लगाये गये आरोप विभागीय जांच में सिद्ध पाये गये। विभागीय जांचकर्ता अधिकारी द्वारा 16 मई 2024 को अपने जांच प्रतिवेदन के तहत वनमंडल कार्यालय को सूचित किया गया जिसके फलस्वरूप वनमंडल कार्यालय द्वारा 19 जून 2024 को उन्हें अंतिम बचाव अवसर दिया गया था। अनिल कुमार मंडावी द्वारा इसका प्रतिउत्तर निर्धारित समयावधि में नहीं दिया गया। अनिल कुमार मंडावी सहायक ग्रेड-3 की सेवा नियुक्ति दिनांक 14 अक्टूबर 2008 को हुई थी जिसके पश्चात् वे 1415 दिवस तक अनुपस्थित रहे। इस तरह उनकी कुल सेवा अवधि 16 वर्ष में वे 11 वर्ष विभिन्न अवधियों में अनुपस्थित रहे। इस तरह अनिल कुमार मंडावी जानबूझकर सेवा विमुख होने के आदी पाये जाने के कारण उनके विरुद्ध दीर्घ शास्ति आरोपित हुए। लंबी अवधि से अनुपस्थित रहने के कारण और उनके आचरण में कोई सुधार परिलक्षित नहीं होने के कारण अनिल मंडावी को सेवा से बर्खास्त किया गया।

# राज्य के सभी महाविद्यालयों में शुरू होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

## नई शिक्षा नीति को लेकर हुआ सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com




राज्य शासन द्वारा 2024 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 सभी महाविद्यालय में लागू किया जा रहा हैं। जिसे लेकर जिले महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापकों और कर्मचारियों को इस नई शिक्षा नीति के लिए प्रशिक्षण देकर तैयार किया गया। बताया जा रहा है कि, इस शिक्षा नीति में पुरानी शिक्षा नीति से बहुत ज्यादा बदलाव हैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के समस्त बिंदुओं पर जानकारी होना सभी शिक्षक और विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य हैं। इसके लिए संचालनालय उच्च शिक्षा विभाग रायपुर के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफल क्रियान्वयन लिए जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं जो जिले के समस्त महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापको व कर्मचारियों को इस नीति के से अवगत कराएंगे जिसके तहत चयतु गायता आलोर शासकीय महाविद्यालय फरसगांव जिला कोंडागांव में मास्टर ट्रेनर शशि भूषण कन्नौज के द्वारा प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बताया गया कि, अब सभी महाविद्यालयो सेमेस्टर शिक्षा प्रणाली लागू होगी, जिसमे 6 माह में सेमेस्टर एग्जाम देने होंगे अब नवीन शिक्षा नीति 3 वर्षीय या 4 वर्षीय पाठ्यक्रम होगा। जिसमें 3 वर्ष पश्चात पढ़ाई छोड़ देने पर विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त होगी एवं चौथे वर्ष वह पढ़ाई जारी रखना चाहता है तो किसी पर्टिकुलर विषय में ऑनर्स कर सकता है एवं 75 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित करने पर वह ऑनर्स के साथ रिसर्च कर सकता हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति चॉइस बेस क्रेडिट सिस्टम पर आधारित होगा इस शिक्षा नीति में साइंस बैकग्राउंड के विद्यार्थी को जेनेरिक इलेक्टिव के रूप में आर्ट या कॉमर्स के विषय पढ़ सकते हैं और इसी प्रकार आर्ट के विद्यार्थी साइंस या कॉमर्स के एक सब्जेक्ट पढ़ सकते हैं एवं कॉमर्स के विद्यार्थी भी इसी तरह आर्ट्स या साइंस के एक विषय पढ़ेंगे यह शिक्षा नीति विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निपुण बनाएगी, जिसमें विद्यार्थी स्नातक की डिग्री के साथ सभी विषयों की जानकारी रख सकेगा। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में रेगुलर और प्राइवेट विद्यार्थियों के लिए एक समान कोर्स तैयार किया गया हैं। सभी विद्यार्थियों को इंटरनल असेसमेंट देना अनिवार्य होगा 30 प्रतिशत मार्क महाविद्यालय से एवं 70 प्रतिशत मार्क्स का असेसमेंट विश्वविद्यालय के द्वारा होगा विद्यार्थियों को पास होने के लिए अब 40 प्रतिशत मार्क्स की अर्जित करने की आवश्यकता होगी। इस नीति में विद्यार्थी अपनी डिग्री 7 वर्ष के अवधि के भीतर पूर्ण कर सकते हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सिद्धार्थ चौधरी ने बताया कि, महाविद्यालय में कार्यरत सभी प्राध्यापक और कर्मचारियों ने आज के प्रशिक्षण में भाग लिया एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के भली-भांति समझा हैं। इस नीति के क्रियान्वयन के लिए महाविद्यालय स्तर पर कमेटी की गठन किया गया है जिनके द्वारा नवीन विद्यार्थियों को विषय चयन में मार्गदर्शन किया जाएगा एवं जल्द ही विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित की जाएगी जिससे विद्यार्थियों में इस शिक्षा नीति को लेकर कोई भ्रम ना रहे और भली भांति इससे अवगत हो सके और इस कार्यक्रम में एम.आर.जागड़े, बी.पी.साहू, राजेंद्र मरकाम, सीमा बघेल, तीरथ बरिहा, चंपा मरकाम, सुलोचना सलाम, नवरोजी वृंदा, पटेल व महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहें।

# गायत्री मंत्र का अलख जगाने वाले अमृतलाल साहू हुए पंचतत्व में विलीन

पायनियर संवाददाता कोंडागांव
www.dailypioneer.com







अमृतलाल साहू का 1 जुलाई को निज निवास बांसकोट में स्वास्थ्य खराब होने के कारण कोमल देव चिकित्सालय कांकेर में इलाज के पश्चात रायपुर ले जाते हुए कुरूद के पास देहावसान हो गया। गायत्री परिवार से सन 1959 से जुड़ कर गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा से दीक्षित होकर के अविभाज्य मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में गायत्री यज्ञ एवं गायत्री मंत्र का अलख जगाने में प्रमुख भूमिका निभाते हुए बस्तर संभाग के कोने कोने सुदूर अंचलों में पहुंच कर पैदल और साईकिल से यात्रा करते हुए इन्होंने गायत्री को जन जन में पहुंचाने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को निभाया और अंतिम समय तक उन्होंने गायत्री मंत्र जाप, गायत्री मंत्र लेखन और योग को अपने जिंदगी में अपना कर जीवन को धन्य बनाया और आपने अंतिम समय में भी योगासन करते हुए अचानक ही तबीयत खराब हुआ और अपने गुरुदेव और गायत्री माता के गोद में हमेशा के लिए लेट गए। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम बांसकोट में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार, ग्रामीण, नगर, जिला एवं राज्य साहू संघ के स्वजातीय बंधु एवं पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया मगरलोड विकासखण्ड का दौरा

## सिंगपुर, खड़मा, कमईपुर, भण्डारवाड़ी में स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र सहित रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का लिया जायजा





पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी ने मगरलोड विकासखण्ड धुआंधारदौरा किया। इस दौरान उन्होंने सिंगपुर, खड़मा, कमईपुर, भण्डारवाड़ी स्थित स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक भवन इत्यादि का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ग्राम खड़मा और भण्डारवाड़ी में कलेक्टर ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के तहत निर्मित और निर्माणाधीन आवासों की जानकारी ली तथा जल्द से जल्द इसे पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके अलावा गांवों में कुआं, तालाब, कच्ची गली, पक्की सड़क, हैण्डपम्प और जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे उपायों के बारे में पूछा तथा अधिक से अधिक पानी बचाने कहा। कलेक्टर ने गांवों में बने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और रूफ्टॉप स्ट्रक्चर देख प्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि जनमन योजना के तहत कमार परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजना जैसे स्वास्थ्य, आधार पंजीयन, शिक्षा, बीमा योजना, उज्जवला, आजीविका आदि के माध्यम से अनिवार्य रूप से लाभान्वित करना है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। आप सभी आधार पंजीयन सहित अन्य दस्तावेज जल्द से जल्द बनवा लें। इस अवसर पर उन्होंने गांवों में मिश्रित फ्लोद्यान, साग-सब्जी उत्पादन, मुर्गी पालन, स्व सहायता समूहों की स्थिति, विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी सुविधायें सरकार उपलब्ध कराए यह संभव नहीं है, इसलिए आपके घरों में निर्मित शौचालय जो मरम्मत योग्य हैं, उसे स्वयं कराएं। शौच के लिए कोई भी बाहर ना जाए, इसका ध्यान रखें और स्वच्छता बनाए रखें। इसकेसाथ ही बच्चों की शिक्षा के बारे में भी कलेक्टर ने ग्रामीणों ने बातचीत की तथा हर बच्चे को कम से कम दसवीं तक अनिवार्य रूप से शिक्षा देने के लिए समझाईश दी। उन्होंने बच्चों को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला कमईपुर में कलेक्टर ने बच्चों से की चर्चा

मगरलोड विकासखण्ड के प्रवास के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक शाला कमईपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की डायरी, पालक सम्पर्क, न्यौता भोज, लर्निंग आउटकम की जानकारी ली। साथ ही बच्चों से पुस्तकें पढ़ाईं और उनका नाम पूछा तथा पहाड़ा सुनाने कहा। छात्रा जागृति यादव से संख्या जोड़ने कहा। इस अवसर पर कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे लगातार पालकों के सम्पर्क में रहें और बच्चों को घर में मिल रहे माहौल की जानकारी लें तथा उन्हें खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए प्रेरित करें।

### अस्पताल और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज मगरलोड प्रवास के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंगपुर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारी, कर्मचारियों की उपस्थिति, आज का पंजीयन, ए.एन.सी. रजिस्टर का मुआयना किया और अगले एक माह में अस्पताल के सभी काम कम्प्यूटर पर करने के निर्देश दिए। इसके आलवा प्रसव दिनांक रजिस्टर, दवाईयों का स्टॉक, स्टॉक पंजी, ड्रेसिंग कक्ष, लैब, पुरूष और महिला बिस्तर कक्ष, प्रसव कक्ष देखा तथा प्रसव की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ सफाई, पेयजल की उपलब्धता इत्यादि सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली स्कूल में न्यौता भोज दिया गया



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली में दिलीप नायक एवं सुलोचना नायक व्याख्याता शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कन्या सरायपाली द्वारा बच्चों को न्यौता भोज दिया गया। शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली में न्यौता भोज कार्यक्रम में विशेषकर कन्या सरायपाली संकुल के प्राचार्य जे के बुडेक, संकुल समन्वयक श्रवण कुमार प्रधान, वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सुरेश भोई, प्रधान पाठक किरण नेताम,शिक्षक कमलेश निराला और राजेश प्रधान उपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती सरायपाली के समस्त छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने डी के नायक एवं सुलोचना नायक का आभार प्रकट किया।

# प्रेस क्लब के सदस्यों ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य मुलाकात किये



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

नवपदस्थ संवेदनशील पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल व नवपदस्थ कलेक्टर दीपक सोनी से प्रेस क्लब लवन के अध्यक्ष गोलू कैवर्त के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को सौजन्य मुलाकात किये।इस अवसर पर प्रेस क्लब लवन से गायत्री साहू, रूपेश जोशी ,राकेश साहू भी उपस्थित रहे।प्रेस क्लब के सदस्यों ने नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से लवन की कानून व्यवस्था सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा किये। प्रेस क्लब लवन के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक के आने के बाद जिला में कानून व्यवस्था में कसावट आने की बात पर अग्रवाल ने आगे भी कानून व्यवस्था दुरुस्त रहेगा कि बात कहा।संवेदनशील पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने समाज की प्रमुख बुराइया शराब, जुआ, सट्टा ,गांजा पर पुलिस विभाग की नकेल लगातार जारी रहेगा कि बात भी कहा गया है।

# डरें नहीं बीमारी से, कुष्ठ मिटेगा जनभागीदारी से

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेसिया एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई के मार्गदर्शन में कुष्ठ मुक्त पंचायत कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत नर्रा में घर घर भ्रमण कर सर्वे किया गया। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए आरएचओ डिगेन्द्र परमार ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने बहुत पहले ही कुष्ठ मुक्त पंचायत का सपना देखा था,उसी संकल्प को लेकर आज हम यह सर्वे अभियान चला रहे हैं। बहुत से पाश्चात्य देशों ने कम संसाधनों के माध्यम से ही कुष्ठ रोग को अपने देश से दूर भगा दिया है। लेकिन हम आज भी भारत में इसे ढो रहे है और खास कर हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़। आरएचओ डिलेश्वरी परमार चित्र व फोल्डर के माध्यम से कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण,पहचान व निदान की संपूर्ण जानकारी लोगो को प्रदान की।उन्होंने कहा की कुष्ठ जिसे लेप्रोसी भी कहा जाता है,एक बेक्टेरियल रोग है जो मानव त्वचा व तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है।यह रोग माइकोबेक्टेरियम लेप्री नामक कीटाणु से होता है जो मानव शरीर में धीरे धीरे विकसित होता है। तंत्रिकाओं के प्रभावित होने से ही इस रोग में विकृतियां होती है ।कुष्ठ रोग के सं मण का पहला संकेत एक छोटे से दाग के रूप में होता है बहु औषधि उपचार प्रणाली दवा के संयोजन से जो बहुत ही कारगर दवा है समय पर लेने से रोग व विकृतियां से बच जाता है । इस रोग के इलाज की दिशा में प्रगति,पीड़ितों के लिए सरलता से जांच व इलाज की उपलब्धता बेहतर करने साथ ही कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक को मिटाने और कुष्ठ रोगियों को बेहतर जीवन देने के लिए सामाजिक प्रयासों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सर्वे एवं सत्यापन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोमाखान के पूर्व कुष्ठ रोग प्रभारी अरुण शुक्ला का विशेष योगदान रहा।सर्वे में कुल 8 शंकास्पद मरीज मिले थे,जिसमें से 1 पीबी मरीज की पुष्टि हुई है।सर्वे कार्य में आरएचओ गजेन्द्र चंद्राकर, पुरन ध्रुव,राजू चंद्राकर ,पदमन साव,लखन ध्रुव, हेमेश्वरी ध्रुव,रामेश्वरी च धारी, मितानिन माधुरी बेलदार ,अमोतीन पटेल, संतोषी पटेल, सावित्री विश्वकर्मा, हेमलता साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# रायपुर बलौदा बाजार फोरलेन मार्ग स्वीकृति हेतु आभार

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के निरंतर प्रयास से राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी के बलोदा बाजार रायपुर मार्ग के फोरलेन चौड़ीकरण निर्माण हेतु केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 1494 करोड़ रुपए स्वीकृति दी गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष डा सनम जांगड़े, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जिला महामंत्री कृष्ण अवस्थी, नगरपालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, जिला उपाध्यक्ष द्वय नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा नेता टेसु लाल धुरंधर, रितेश श्रीवास्तव, धनंजय साहू, रेवाराम साहू, खोडस कश्यप, मंडल अध्यक्ष द्वय संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा, योगेश अग्रवाल, हेमंत टिकरिया, हरिश्चंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, संजू श्रीवास सहित भाजपा नेताओं ने रायपुर बलोदाबाजार 4 लेन स्वीकृति हेतु माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी, रायपुर लोकसभा से नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति आभार के साथ साथ बलौदा बाजार विधायक एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। जिन्होंने इस हेतु मुख्य मंत्री से समय समय पर चर्चा करते रहे, साथ ही फरवरी में दिल्ली में नितीन गडकरी से मुलाकात कर बलौदा बाजार रायपुर रोड के 4 लेन की आवश्यकता बताते हुए स्वीकृति हेतु अनुरोध पत्र दिया था।

# पीएमश्री चनाट में धूमधाम से मनाया गया पढ़ई-तिहार



पायनियर संवाददाता ◀ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट मे अंगना म शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत शाला प्रांगण मे विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, ब्लॉक नोडल मीना सहारे एवं संतोषी साहू के मार्गदर्शन मे पढ़ई-तिहार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य माताओं का उन्मुखीकरण कर घर के कामकाज करते करते, मातृ भाषा का उपयोग कर अपने बच्चों को घर मे शिक्षा देना, तथा शाला की पढ़ाई एवं गृह कार्य का अवलोकन करते हुए घर मे पूर्ण कराना। आयोजन के पहले दिन बच्चों के मदद से दीवाल-लेखन कर माताओं को पढ़ई तिहार मे न्योता दिए जाने के साथ साथ गाँव की गलियों मे रैली निकालकर शिक्षा संबंधित नारे लगाए गए। दूसरे दिन अर्थात पढ़ई तिहार के दिन विधिवत नौ काउंटर बनाये गए जिसमे बच्चों के मदद हेतु सभी काउंटरों मे माताओं को बिठाकर प्रभारी के तौर मे संतुलन बनाना, रंग पहचान, आकार, वर्गीकरण, बौद्धिक दक्षता, शारीरिक दक्षता,वस्तुओं के सहायता से जोड़ घटाव आदि गतिविधियों का आयोजन हुआ। जिसमे केवल नवप्रवेशी कक्षा 1 के बच्चे गतिविधि कर दिखाए। आयोजन मे करीब 25 से अधिक माताओं ने उपस्थिति दर्ज की साथ मे संकुल समन्वयक रोहित पटेल, रसोइया, सफाई कर्मचारी, अंगना म शिक्षा प्रभारी प्रभा जगत मौजूद रही। प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक ने सफल आयोजन हेतु उपस्थित सभी माताओं को सादर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिधपुरी और दामाखेड़ा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक हेतु प्रमाण पत्र



पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार भाटापारा जिला स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में नित नए प्रगति के सोपान तय कर रहा है। इसी कड़ी में जिले के पलारी ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिधपुरी और सिमगा के दामाखेड़ा को गुणवत्ता पूर्ण सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र (एन क्यू ए एस) उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय स्तर से दिया जाता है। इसमें जिला ,राज्य और राष्ट्रीय इन तीन स्तरों पर मूल्यांकन होता है। अंतिम मूल्यांकन हेतु अन्य प्रदेश से निरीक्षण टीम आती है। 70 प्रतिशत से अधिक के स्कोर पर ही स्वास्थ्य संस्था को यह प्रमाण पत्र मिलता है।मूल्यांकन में गिधपुरी को 81.29 तथा दामाखेड़ा को 88.77 प्रतिशत अंक मिले हैं। मूल्यांकन में आठ बिंदु मुख्य होते हैं-सुविधा उपलब्धता,मरीज के अधिकार ,इनपुट ,सपोर्ट सर्विस,क्लीनिकल सर्विस,संक्रमण रोक, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम। सीएमएचओ के अनुसार तैयारी हेतु सिमगा और पलारी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पारस पटेल और डॉ बी एस ध्रुव को मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी देखरेख में उक्त स्वास्थ्य केंद्रों के समस्त स्टाफ के सामूहिक प्रयास और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल हो पाई है। इस प्रकार जिले में अब कुल 12 स्वास्थ्य केंद्र हैं जो यह गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके हैं। इन दो संस्थाओं से पूर्व कटगी, बरपाली,हथबंद,जर्वे,मोपका जबकि आयुष्मान आरोग्य मंदिर ससहा,जारा, बया,देवपुर,रामपुर को यह प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा के अनुसार जिले में इस वर्ष 45 और अन्य स्वास्थ्य केंद्र हैं जो एन क्यू ए एस प्रमाण पत्र हेतु प्रयासरत हैं एवं उन्हें तैयारी हेतु जिले से प्रशिक्षित कर टीम बनाकर सहयोग दिया जा रहा है।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम तनाव, व अवसाद से मुक्त करता हैः डॉ गणेश साहू

## मानसिक विकार व नशा छात्र.छात्राओं के प्रगति में बाधक है : नोडल अधिकारी



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिला कलेक्टर व जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार 2 जुलाई को नत्थू जी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य का एकदिवासी कार्यशाला कार्यक्रम रखा गया था। जिसके मार्गदर्शन शिक्षक डॉ गणेश प्रसाद साहू, वॉलिंटियर्स मयंक दास ,लाकेश कुमार साहू,गजानंद साहू बाल मनोवैज्ञानिक, अलविया नेताम शिक्षिका व डॉ श्रीकांत चंद्राकर के द्वारा लगभग 200 छात्र.छात्राओं को जानकारियां दी गई । डॉ साहू ने बताया कि आजकल बच्चे बहुत जल्द तनाव व चिड़चिड़ापन के शिकार हो रहे हैं। बुरी आदतें व बुरी संगति के कारण अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं। प्रतिस्पर्धा में सफलता न मिलने पर वह चिंतित वह अवसाद में चला जाता है हमें इन सब विकारों को व्यायाम योग एवं आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से दूर करना चाहिए । नेताम मैडम के द्वारा इमोजी गेम ,सांप सीढ़ी, बॉटल फाईट आदि का प्रदर्शन किया गया । डॉ चंद्राकर ने अब मैं क्या करूं व बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होने के कारण पर विशेष व्याख्यान दिया । मनोवैज्ञानिक गजानंद साहू के द्वारा खुद की देखभाल और समुदाय की मदद, आओ बात करें, किशोर के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक व समाधान व मोबाइल के दुष्परिणाम व उपयोगिता विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 200 छात्र.छात्राओं ने उपस्थित होकर लाभ प्राप्त किया ।आभार प्रदर्शन शिक्षक गिरीश गजपाल ने किया ।इस अवसर पर के एल पटेल प्राचार्य एके कुरैशी व्याख्याता,हरीश कुमार सिन्हा, अमरजीत बेदी,डॉ केके तिवारी, भारती जगताप, डॉ अन्नपूर्णा सिन्हा उपस्थित रहे।

# स्कूल जतन योजना : धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी विकासखण्ड के 422 स्कूलों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण



पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

शहरों के साथ-साथ गांवों के भी स्कूल अब आकर्षक बनते जा रहे हैं। नए शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ नौनिहालों को बेहतर शैक्षणिक परिवेश दिलाने स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। जिले के 422 स्कूलों का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इनमें धमतरी विकासखण्ड के 119, कुरूद के 125, नगरी के 113 और मगरलोड के 65 स्कूल शामिल हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हाल ही में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सभी जिलों में स्कूलों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के कार्य जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश के बाद सभी जिलों में स्कूलों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के कार्य में तेजी आई है। स्कूलों को आकर्षक ढंग से भी सजाया जा रहा है।मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत किए जा रहे जीर्णोद्धार में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पक्की छत, कक्षाओं में टाईल्स और शाला परिसर में पेवर ब्लॉक के साथ रंगरोगन का कार्य किए जा रहे है। इन स्कूलों में ज्ञानवर्धक और कलात्मक चित्रकारी भी की जा रही है। स्कूलों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्ष आदि बनाए जा रहे हैं। नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के साथ ही स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव भी मनाएं जा रहें हैं। शालाओं में मरम्मत और जीर्णोद्धार होने से छात्रों एवं पालकों का रूझान भी इन विद्यालयों के प्रति बढ़ा है। विद्यालयों का कायाकल्प करने व आकर्षक बनाने की वजह से पालक अपने बच्चों को इन स्कूलों में दाखिला करा रहे हैं।

# यातायात सुरक्षा के नाम पर अवैध वसूली करना बंद करें शासन शरद लोहाना

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



यातायात पुलिस के द्वारा इन दिनों शहर के विभिन्न स्थलों पर पॉइंट बनाकर चलानी कार्यवाही किया जा रहा है। जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे अवैध वसूली करार दिया है। लोहाना ने आगे कहा कि शहर में इन दिनों यातायात पुलिस के द्वारा देर रात तक जगह जगह चलानी कार्यवाही किया जा रहा है जिसमें सिर्फ छात्र.छात्राएं एवं निम्न वर्ग के लोग ही प्रभावित हो रहे है छात्र.छात्राओ के द्वारा ग्रंथालय के सामने पार्क दो पहिया वाहन, बैंक एवं बाजार क्षेत्र में पार्क वाहनों पर चलानी कार्यवाही करनें से स्पष्ट होता है कि शासन के द्वारा किस प्रकार यातायात विभाग पर अवैध वसूली का दबाव बनाया जा रहा है। क्योकि शासन द्वारा संचालित रत्नाबांधा रोड स्थित ग्रंथालय जहां प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में छात्र.छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अध्ययन करने आते है ऐसे स्थान पर वाहनों की पार्किंग हेतु किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नही होने के साथ साथ विभिन्न बैंक एवं बाजार क्षेत्र जहाँ पार्किंग की समुचित व्यवस्था नही है। कम से कम ऐसी स्थान पर यातायात विभाग पहले पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जबकि अवैध रेत खनन के परिवहन में संचालित शहर के सीमाओं में चलने वाली अंधाधुन भारी वाहनो पर किसी भी प्रकार से कोई कार्यवाही

# राहुल गांधी को तत्काल हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिए- रामू जगदीश रोहरा

## गांधी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की गरिमा को कम किया

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामू जगदीश रोहरा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहूल गांधी के बयान पर कडी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इनके बयान से हिन्दुस्तान में सौ करोड से भी ज्यादा निवास करने वाले हिन्दु समुदाय के भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। गांधी का लोकसभा में कही गई बाते सदन की गरिमा के अनुरूप नही है। उल्लेखनीय रहे कि लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के पश्चात चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सदन में दिये गये बयान को लेकर पूरे हिन्दूस्तान में बवाल मच गया है। जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी , विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के लोग इनका पुतला दहन कर इनका विरोध कर रहे है। गांधी के लोकसभा में दिये गये बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश महामंत्री रामु जगदीश रोहरा ने कहा कि वो एक मंदबुद्धि व्यक्ति है और वह उनको गंभीरता से नही लेते थे जब ऐसे लोग उदंडत हो जाये तो नकेल कसना भी जरूरी होता है। रोहरा ने यह भी कहा कि भारत की जनता ने नरेन्द्र मोदी पर तीसरी बार विश्वास जताते हुए उन्हे प्रधानमंत्री बनाया है। और मोदी जी के नेतृतव में भारत एक विकसीत देश के रूप में अग्रसर हो रहा है जब पुरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है और मोदी सबसे लोकप्रिय नेता के रूप मे में माने जा रहे है ऐसे में नेता प्रतिपक्ष के संवेधानिक पद पर रहते हुए राहुल गांधी ने हिन्दुओं का घोर अपमान करते हुए हिंसक, नफरती और झुठा बताया। गांधी अपने इस भाषण पर तत्काल हिन्दुओं से माफी मांगना चाहिए। रोहरा ने यह भी कहा कि लोकतंत्र की इस मंदिर पर राहुल गांधी ने जो बयान दिया हे वह पूरी तरह गलत है गांधी अग्निवीर, अयोध्या में मुआवजा, किसानो को आतंकवादी और माईक बंद करने के जो बाद लोकसभा में कही है वह पुरी तरह झुठ का पुलिंदा हे। रोहरा ने कहा कि अग्निवीरो को एक करोड की सहायता राशि दी जाती है वही अयोध्या में उत्तर प्रदेश सरकर ने 4215 दुकानदारो को 1253 करोड रूपए का मुआवजा भी दिया है वहीं किसानो को आतंकवादी वाला बयान देना भी पुरी तरह झुठा है। रोहरा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को गांधी ने कमजोर किया है। भगवान शंकर और गुरू नानक देव जी के चित्र को भी दिखाते हुए उनके अभयमुद्रा की बात बताते हुए इस्लाम में भी अभयमुद्रा का जिक्र किया जबकि इस्लाम में कोई चित्र ही नही होता। रोहरा ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हिन्दुओं का विरोध किया है ओर तुष्टिकरण की नीति ही रही है।

# छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन की पहल : रियायत दर पर हास्पीटलो में इलाज!

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन की पहल पर पत्रकारों के हित में विभीन्न निर्णय लिये जा रहे हैं , इसी के तहत छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे ने स्वास्थ्य के मामले पर गंभीरता बरतते हुए एक बड़ी घोषणा किया है । छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे ने कहा कि छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के पदाधिकारी , सदस्य मेरा परिवार है । उनके हित में सोचना मेरा महती कर्तव्य है । और इसी के चलते उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए निजी हास्पीटलो में इलाज के खर्च पर रियायत की घोषणा किया है । घोषणा के अनुसार राजधानी रायपुर के भी मल्टीस्पेशलिस्ट हास्पीटल भी शामिल हैं जिनमें बालाजी सुपर स्पेशलिस्ट हास्पीटल रायपुर ,मोर हास्पिटल भीमसेरिया हास्पीटल, जीवन ज्योति हास्पीटल ,श्री नारायणा हास्पीटल,रीम्स हास्पीटल ,स्वास्तीक नर्सिंग होम आदि शामिल हैं । जहां पर इलाज के खर्च पर रियायत बरती जावेगी । उक्त हास्पीटल में छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के पत्रकार एवं उनके परिवार रियायत दर पर इलाज करवा सकते हैं ।

# स्कूल निरीक्षण पर पहुंची कलेक्टर, दिखी टीचर की भूमिका में, विद्यार्थियों से पूछे सवाल

■ **शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई, डूमरडीह स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेलूद का किया निरीक्षण, बच्चों में अक्षर एवं गणितीय ज्ञान को परखा**

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर शालाओं में अध्ययन-अध्यापन, शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई, शासकीय प्राथमिक शाला डूमरडीह, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूमरडीह एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेलूद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के सभी कक्षाओं का अवलोकन किया।

**शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई का किया निरीक्षण**-कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई की चौथी क्लास के बच्चों से अक्षर ज्ञान एवं गणितीय ज्ञान को परखा। कलेक्टर ने अक्षर ज्ञान को परखने के लिए बच्चों से हिन्दी पाठ्यपुस्तक से एक पैराग्राफ पढ़कर सुनाने को कहा। तत्पश्चात बच्चों को ब्लेक बोर्ड में अभिलाषा लिखने को कहा। उन्होंने सभी बच्चों को अपने-अपने नाम की स्पेलिंग हिन्दी और अंग्रेजी में लिखने को कहा। जिसे बच्चों ने अपनी कॉपी में लिखकर उन्हें दिखाया। कलेक्टर ने बच्चों से छत्तीसगढ़ की राजधानी और भारत की राजधानी से संबंधित प्रश्न पूछा। जिस पर सभी बच्चों ने सही-सही जवाब दिया। इस दौरान क्लास रूम में उपस्थित शिक्षिका को कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बच्चों में अक्षर ज्ञान की समझ कम होने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सभी क्लास रूम में शिक्षण सहायता सामग्री पोस्टर एवं चार्ट लगवाने एवं स्कूलों में शिक्षक संदर्शिका उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयकों बीईओ, संकुल शैक्षिक समन्वयक को स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए सतत् निरीक्षण करने को कहा। साथ ही स्कूल परिसर को साफ-सुथरा कराने के निर्देश भी दिए।

**डूमरडीह स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण**-कलेक्टर ने तीसरी क्लास के बच्चों में गणितीय ज्ञान को परखने के लिए बच्चों से पूछा कि आप में से कौन बच्चा एक से लेकर 30 तक गिनती सुनाएगा। आधे बच्चों ने हाथ उठाकर हामी भरी और एक छात्रा ने खड़े होकर 1-30 तक गिनती सुनाई। कलेक्टर ने इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। चौथी क्लास में हिन्दी पाठ्यपुस्तक का रिडिंग कर रहे बच्चों से 'गुण' का अर्थ पूछा। साथ ही उन्होंने 51-60 तक गिनती पूछी। इसके बाद उन्होंने बच्चों से ब्लेक बोर्ड में 'वन (एक) की स्पेलिंग लिखने को कहा। जिस पर बहुत सारे बच्चों द्वारा गलत स्पेलिंग लिखे जाने पर उपस्थित शिक्षक को अंग्रेजी स्पेलिंग पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही अभ्यास पुस्तिका बच्चों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रधान पाठक व रसोईयों को मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए और कहा कि किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूमरडीह स्कूल निरीक्षण**-कलेक्टर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूमरडीह स्कूल पहुंचकर आठवीं क्लास के बच्चों को अंग्रेजी का एक पैराग्राफ पढ़ने को कहा। साथ ही उन्होंने ब्लेक बोर्ड में 'छत्तीसगढ़' को हिन्दी और अंग्रेजी में लिखने कहा। अधिकांश बच्चों को 'छत्तीसगढ़' को अंग्रेजी में लिखने में दिक्कते आई।

# गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार प्राप्त शैक्षणिक संस्था

## शासकीय स्कूल से मिली पोटिया गांव को पहचान

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



शासन के सहयोग एवं शिक्षकों के प्रयासों से जिले के शासकीय स्कूलों की दशा और शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ शिक्षा के स्तर को उंचा उठाने में कामयाबी मिली है। इतना ही नहीं गांव के शासकीय विद्यालय भी राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त करने में अग्रणी है। एक ऐसा ही विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पोटिया संकुल केंद्र टेमरी, विकासखण्ड धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) है। जो धमधा विकासखण्ड के अंतिम गांव पोटिया में संचालित है। जहां आज से 15 वर्ष पूर्व कच्ची पहुंच मार्ग थी और यहां पर दो कमरे की कच्ची भवन जिसमें प्राथमिक शाला संचालित हो रही थी। वर्ष 2008 में प्रोन्नत माध्यमिक शाला की स्थापना के साथ शिक्षकों की पदस्थापना एवं सभी शिक्षकों के प्रयासों के द्वारा विद्यालय को न केवल दुर्ग जिले अपितु छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ विद्यालय के रूप में पहचान दिलाई गई। आज पोटिया गांव को इस विद्यालय के नाम से ही जाना जाता है। समस्त ग्राम वासियों और शासन के सहयोग एवं मार्गदर्शन में विद्यालय नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। शासन के सहयोग से ग्राम पोटिया के शासकीय प्राथमिक शाला और शासकीय माध्यमिक शाला सुसज्जित पक्की भवनों में संचालित हो रही है। इस स्वच्छ स्कूल में विद्यार्थियों के मन भी अध्ययन के लिए रम गये है। पीएम श्री योजना हेतु चयनित शासकीय प्राथमिक शाला पोटिया एवं परिसर में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला पोटिया के शिक्षकों ने अपने स्वयं के उन्नत एवं नवाचारी प्रयासों व जन सहयोग से अतिरिक्त संसाधनों का प्रबंध करके शाला में कम्प्यूटर लैब, लाइब्रेरी, मिनी थियेटर, स्मार्ट क्लासरूम तैयार किया है। साथ ही विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, जवाहर उत्कर्ष योजना, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा आदि परीक्षाओं की तैयारियां कराई जाती है। इन प्रयासों से अब तक 109 विद्यार्थी राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके है।

# रबी वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषकों को क्षति का दावा भुगतान

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम रबी वर्ष 2023-24 हेतु गेंहू सिंचित, गेंहू असिंचित, चना एवं राई सरसों फसले अधिसूचित की गई थी, जिसके तहत 42630.64 हेक्टेयर क्षेत्र के 32113 कृषकों का फसल बीमा आवरण किया गया है। जिले में रबी मौसम में स्थानीय मौसम आपदा, असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि आदि के कारण फसलों यथा चना एवं गेंहू फसल को अत्याधिक क्षति हुई है। योजना अंतर्गत प्रावधानानुसार स्थानीय आपदा की जानकारी कृषकों के द्वारा 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी के टोल फ्री नम्बर पर सूचना दी गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बीमा कंपनी द्वारा सर्वे कार्य किया गया तथा व्यक्तिगत कृषकों के फसल क्षति का आंकलन कर दावा भुगतान एवं फसल कटाई प्रयोग व थ्रेस होल्ड उपज के आधार पर क्षति का आंकलन कर दावा भुगतान की राशि सीधे कृषकों के खाते में प्रदाय की गई। उप संचालक कृषि विभाग से मिली जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले में 20615 पात्र कृषकों को क्षतिपूर्ति राशि दावा गणना कर राशि 44 करोड़ 15 लाख 44 हजार 632 रूपए का भुगतान सीधे उनके खाते में किया गया है। वर्तमान में खरीफ वर्ष 2024 में अधिक से अधिक कृषकों को अधिसूचित फसलों के बीमा आवरण में लाये जाने हेतु विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे कृषकों को आर्थिक जोखिम की स्थिति में लाभ मिल सके। कृषि विभाग द्वारा जिले के समस्त कृषकों से अपील की जा रही है कि खरीफ मौसम 2024 में शत्-प्रतिशत् रकबे को बीमा आवरण में लाये।

## प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने भूमिक साहू को प्रदाय किया व्हील चेयर

**धमतरी।** प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने आज अपने धमतरी प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट में कुरूद विकासखण्ड के ग्राम सेमरा बीम के दिव्यांग बालक भूमिक साहू को आधुनिक व्हीलचेयर प्रदाय किया। इस अवसर पर विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू सहित अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मौखिक शिकायत का त्वरित निराकरण, शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा निगम ने किया धराशायी

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 एफसीआई गोदाम के बाजू वाली रोड में अतिक्रमण किया जा रहा है सिद्धिविनायक स्टील के सामने शासकीय जमीन पर अवैध कब्ज़ा होने की मैखिक शिकायत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से हुई थी।भवन शाखा के अधिकारियों ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर बुधवार को तत्काल कार्रवाई कर लगाए गए सारे अवैध निर्माण बाउंड्रीवाल को उखाड़ फेंका है। अवैध कब्जा कर लिया था।बता दे कि नगर निगम शासकीय सुरक्षित सड़क कब्ज़ा होने से बचाने की मांग आयुक्त से की थी। इस मामले में उन्होंने तत्काल संज्ञान लिया और भवन अधिकारी गिरीश दीवान को निर्देश देते हुए आज उक्त स्थल पर कार्रवाई के निर्देश दिए। में नाली सड़क के किनारे कब्जाकर दुकान की तैयारी की जा रही थी,निगम अतिक्रमण अमला ने कब्जा निर्माण बाउंड्रीवाल को उखाड़ फेंका है। एक्शन में नगर निगम, शहर में अतिक्रमण एवं अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। शहर व्यवस्था को सुधारने और अतिक्रमण को हटाने के लिए मुहिम शुरू की गई है.निगम प्रशासन की टीम ने फील्ड पर जाकर अतिक्रमित क्षेत्रों में कार्रवाई की है और आवश्यक कार्रवाई कर रही है.नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सड़कों पर अवैध ठेले दुकानदारों को समझाया गया. और इसे हटाने के लिए इसके साथ ही समझाइश भी दी गई है कि आयुक्त के निर्देशानुसार अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. नगर निगम की टीम द्वारा सड़कों, नालियों या घरों के बाहर कचरा फेंकने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है. आयुक्त के द्वारा निरीक्षण कर कचरा डस्टबिन में ना डालकर बाहर सड़कों पर फेंकने वाले दुकानदारों पर अर्थदण्ड लगाया गया. इस दौरान लोगों से शहर को साफ-सुथरा रखने की अपील भी की गई और कूड़ा-कचरे तथा अपशिष्ट पदार्थों को निर्धारित स्थान पर डालने एवं सफाई मित्रों को देने कहा गया.आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा लगातार स्वयं शहर के दौरे पर निकलकर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए है.निगम टीम को एक्शन लेने के निर्देश दिए थे।

# जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टोरेट स्थित आदिमजाति कल्याण विकास कार्यालय में विगत दिवस अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 एवं संशोधित नियम 2016 योजना अंतर्गत जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हेमंत कुमार सिंहा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग द्वारा एजेण्डावार जानकारी प्रस्तुत की गई। जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा बिन्दुवार विस्तृत चर्चा की गयी। जिसके अंतर्गत चतुर्थ त्रैमास अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2023 तक कुल 04 प्रकरण प्राप्त होने के संबंध में जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। द्वितीय त्रैमास माह अप्रैल 2024 से जून 2024 तक दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की गई। उप पुलिस अधीक्षक आदिम जाति कल्याण दुर्ग द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसुचित जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण एवं उन पर की गई कार्यवाही की एवं विशेष लोक अभियोजक दुर्ग द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के संबंध में संपादित की गई।

# 19 अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी 24 घंटे के भीतर हटाने लेने की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत द्वारा वार्ड क्रमांक 57 बाम्बे अटल आवास के पास, उरला के करीब शासकीय भूमि ख.नं.94 भूमि पर सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापना कार्य किया जाना प्रस्तावित है,भवन अधिकारी गिरीश दीवान,भवन निरीक्षक विनोद मांझी, उपअभियंता मोहित मरकाम के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्थल पर ख.नं. 94 से लगकर खेत-बाडी बनाकर फेंसिग कर अतिक्रमण/ कब्जा किया गया है। जिससे शासकीय भूमि बाधित हो रही है।आपका उक्त कृत्य नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धाराओं का उल्लंघन है।शासकीय भूमि में कब्जा किया 19 अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर शासकीय भूमि से उक्त फेंसिग /खेत-बाड़ी को स्वयं से हटाकर स्थल को पूर्ववत करें। अन्यथा की स्थिति में नगर पालिक निगम द्वारा अतिक्रमण/कब्जा हटाने की सख्त कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वयं जवाबदार होंगे। इन कब्जाधारियों को मिला निगम से नोटिसःभूखन निषाद, लता निषाद/पूरन निषाद, चैती / विनोद यादव, सुनील/सोहन ढीमर,गभरू साहू, नंदकुमार यादव, भगवती / शिवप्रसाद साहू, रामनारायण साहू 9. अनिल सिंह, गोलू सोनकर/ दुखुराम,मंशा यादव /जीवधन यादव, अजय शर्मा / के.एन शर्मा, अर्जुन चंद्राकर / कृष्णा कुमार, तिजबती निर्मलकर/ सालिकराम, मंगलीन बाई/ मिट्ठूलाल साहू 17. चंद्रशेखर सेन/ गोविंद सेन, रामनाथ रामलाल/ पल्टूराम, अनिल बिहारी, रामप्यारा साहू/ खोरबाहरा को दिया गया 24 घंटे के भीतर कब्जा हटाने के लिए।

# डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त शासकीय योजनाओं की शाखावार 31 मार्च 2024 के लक्ष्य प्राप्ति, किसान क्रेडिट कार्ड (पशु पालन एवं मछली पालन) के प्रकरण के प्रस्तुति और स्वीकृति, अस्वीकृति, वित्तीय सेवाएं, विभाग का जनसुरक्षा योजनाओं की अभियान की प्रगति एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की वर्तमान स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, वर्ष 2023-24 हेतु एनआरएलएम द्वारा आबंटित लक्ष्य एवं प्रगति, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर चौधरी ने कहा कि प्राइल्टी सेक्टर में केवल कृषि ही नहीं, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन के प्रकरणों पर विशेष फोकस करें बैंकर्स। शासकीय योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें। विभाग प्रकरण स्वीकृति हेतु बैंकों को प्रस्तुत करें।

साथ ही बैंकों द्वारा प्रकरण रिजेक्ट के कारणों पर विशेष ध्यान देवें। उन्होंने बैंकों को सीडी रेसियों पर विशेष ध्यान देने कहा। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान शासकीय योजना और सामाजिक सुरक्षा योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बैंकर्स को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा में राज्य में प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा की छात्रा कुमारी भावना साहू और हाई स्कूल परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आठवा स्थान प्राप्त कर 97.50 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रा कुमारी दुर्गारानी वर्मा को बैंकर्स की तरफसे प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और बैडमिंटन रैकेट भेंट कर सम्मानित किया गया।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति सहित जल कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर निर्मल कोसरे ने आवश्यक जन सुविधाओं पर मुस्तैदी से कार्यवाही करने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं जल कार्य विभाग की समीक्षा बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्यों की भी बैठक में उपस्थित रही। जल कार्य विभाग से बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता हेमंत साहू ने महापौर को विभागीय जानकारी से अवगत कराया साथ ही पेयजल-वाटर सप्लाई कार्य के दौरान उत्पन्न समस्याओं तथा वांछित आवश्यकता का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वर्तमान में निगम में उपलब्ध वाहनों, वाहनों के संधारण, टैंकर तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी सहायक अभियंता से प्राप्त करते हुए कोसरे ने कहा कि नये वाहन वाटर सप्लाई कार्य हेतु क्रय किये जाने के प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद के पटल पर प्रस्तुत किये जाये। जिससे निगम क्षेत्र में जनता को कही किसी वार्ड में पानी की समस्या का सामना ना कराना पड़े। जल विभाग से चर्चा के उपरांत खाद्य प्रभारी अधिकारी से महापौर कोसरे ने निगम क्षेत्र में कुल निर्मित राशन कार्डो की जानकारी प्राप्त की, जिनमें गरीबी रेखा राशन कार्ड, गरीबी रेखा से ऊपर के राशन कार्ड, निराश्रित श्रेणी के राशन कार्ड सहित निःशक्त श्रेणी के राशनकार्डो की संख्यात्मक जानकारी विभागीय अधिकारी द्वारा प्रदान की गयी। महापौर निर्मल कोसरे के द्वारा खाद्य प्रभारी अधिकारी को राशन कार्ड से संबंधित आवेदनों का समय सीमा में परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए साथ ही राशन कार्डो के समय-समय पर सत्यापन करने उपस्थित अधिकारियों को चेताया। जल कार्य प्रभारी एमआईसी सदस्य एम.जानी, खाद्य नागरिक आपूर्ति प्रभारी एमआईसी सदस्य मनोज कुमार, राजस्व प्रभारी एमआईसी सदस्य मोहन साहू बैठक में मौजूद रहे। साथ ही निगम सहायक राजस्व अधिकारी अरूणिमा दुबे, सहायक अभियंता हेमंत साहू, जल कार्य विभाग लिपिक राजेश अचैया, राशन कार्ड लिपिक टी कामेश्वरी एवं कम्प्यूटर आपरेटर कविता यादव जानकारी सहित उपस्थित रहे।

**6 से 20 जुलाई तक किया जाएगा राजस्व पखवाड़ा का आयोजन, प्रभारी मंत्री ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक**

# राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण : प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा धमतरी जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने आगामी 6 से 20 जुलाई तक आयोजित होने वाले राजस्व पखवाड़ा की समीक्षा की और राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी राजस्व से जुड़ा होता है। नामांकन, सीमांकन इत्यादि के कार्य होते हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए लोगों को भटकना ना पड़े इसके लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि कार्य में परिवर्तन दिखाई देना चाहिए, बेवजह प्रकरणों को रोकने वाले अधिकारियों को नोटिस भिजवाएं। बैठक में विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर, विधायक धमतरी ओंकार साहू, सिहावा अंबिका मरकाम, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री वर्मा ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जनता की सेवा के लिए हम यहां हैं। नकली खाद, बीज, दवाई इत्यादि के बिक्री पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि पात्र किसान को मिले, अधिकारी यह सुनिश्चित करें। मंत्री वर्मा ने जिले में अवैध उत्खनन, अवैध शराब, सटोरिया इत्यादि पर भी कार्यवाही करने के निर्देश प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को दिए। इसके अलावा उन्होंने बारिश के मौसम को देखते हुए आपदा प्रबंधन के लिए जिले में की गई व्यवस्था की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री वर्मा ने बारिश में होने वाली जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निर्माण कार्यों के लिए बजट हेतु प्रशासकीय स्वीकृति के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जिले में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। प्रभारी मंत्री वर्मा ने आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत वनाधिकार पत्र, आश्रम-छात्रावासो की स्थिति, पीएम आदर्श ग्राम योजना, उद्योग विभाग के अंतर्गत जिला व्यापार केंद्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमइजीपी, रोजगार सृजन कार्यक्रम, कृषि विभाग के अंतर्गत खाद बीज़ भंडारण एवं वितरण, बुआई की स्थिति, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, किसानों की समस्या का निराकरण, पशुपालन विभाग के अंतर्गत पशुपालन क़े लिए केसीसी, अनुदानो की स्थिति, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत मौसमी बीमारियों क़े रोकथाम क़े उपाय, आयुष्मान भारत योजना, जन औषधि केंद्र, जीवन दीप समिति, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री पूरक पोषण आहार योजना, आंगनबाडी केंद्र, मातृत्व वंदन योजना, कुपोषण की स्थिति, पीएचई के अंतर्गत जल जीवन मिशन, जल गुणवत्ता की स्थिति, जल संसाधन विभाग के अंतर्गत बांधों में जल भराव की स्थिति, नहरों की सफाई, लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्माण कार्य, बजटीय स्वीकृति, सेतु निर्माण, भारतमाला परियोजना, खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अंतर्गत राशन कार्ड नवीनीकरण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीड़ीएस भंडारण, धान भंडारण एवं उठाव, नगरीय प्रशासन के अंतर्गत साफ सफाई, पेयजल, पीए आवास, शहरी आजीविका मिशन, वृक्षारोपण, समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत रामलला दर्शन योजना, दिव्यांगों क़े लिए आजीविका मूलक कार्य, उपकरण वितरण के साथ ही अन्य आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की।

# बेरोजगारों को व्यवसाय शुरू करने दिया जाएगा ऋण, आवेदन आमंत्रित


पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले के बेरोजगारों को खुद का व्यवसाय शुरू करने जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्या. दुर्ग द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग अंतर्गत बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना का लाभ दिया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत छोटे-छोटे व्यवसायियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय कर उनकी आर्थिक स्थिति सुधार किया जा सकेगा। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार आवेदक किसी भी प्रकार का वैध व्यवसाय जैसे खोमचे, पान दुकान, मोटर सायकिल रिपेयरिंग, टेलरिंग, सिलाई मशीन, मोची दुकान, गुपचुप ठेला, सब्जी धंधा आदि छोटे-छोटे व्यवसाय संचालित करने हेतु अंत्योदय एवं आदिवासी योजनान्तर्गत ऋण हेतु आवेदन कर सकते है। आवेदन की पात्रता हेतु आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष के बीच हो, जाति प्रमाण पत्र धारक हो, आय प्रमाण पत्र ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र हेतु 1 लाख 50 हजार वार्षिक आय से अधिक न हो (तहसीलदार द्वारा जारी), निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पास बुक की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, उद्यमी पंजीयन प्रमाण पत्र (आवेदक के संबंधित बैंक शाखा की मांग अनुसार) एवं किसी बैंक में कोई कर्ज बकाया न हो का 10 रूपए के स्टाम्प पेपर में नोड्यूज होना आवश्यक है।

## संपादकीय

### मौसम में बदलाव वर्षा का आगमन

**भारत के मौसम में बदलाव** आ गया है और वर्षा के आगमन से झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिली है। बादलों की गर्जना तेज होने तथा नमी बढ़ने से स्पष्ट है कि मानसून आ गया है। इससे झुलसा देने वाली गर्मी से राहत मिली है। हालांकि, इसके कारण अनेक परेशानियां भी होती हैं, पर मानसून की प्रगति भी एक चुनौती की तरह है। इससे हर साल होने वाली बरसात में हमारी कमियां और तैयारियों में कमियां उजागर होती है। गर्मी से स्वागत योग्य राहत दिलाने वाला मानसून का मौसम अपने साथ महत्वपूर्ण बदलाव भी लाता है। भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी ने सात राज्यों में भारी बरसात का 'रेड एलर्ट' जारी किया है। इनमें महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, गोवा और मध्य प्रदेश शामिल हैं। इन क्षेत्रों के निवासियों को मौसम बहुत खराब होने की चेतावनी दी गई है जिनमें खासकर उत्तराखंड, गोवा और कर्नाटक में अचानक आने वाली बाढ़ भी शामिल है। इस वर्ष मानसून के सामान्य की तुलना में अधिक होने की आशा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए बहुत भारी बरसात की चेतावनी दी है। इसके कारण लोगों का जनजीवन बड़ी सीमा तक प्रभावित हो सकता है तथा जीवन व संपत्ति को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। कुछ ही दिनों में दिल्ली का हाल 'वेनिस' जैसा हो जाएगा क्योंकि हर साल होने वाला जल-भराव अब आम हो गया है। इस कारण यमुना के किनारे रहने वाले लोग बेघरबार हो जाएंगे, जैसे यह उनका भाग्य बन गया है। हालांकि, पानी घटने के बाद जनता तथा सरकार के लिए जीवन पिर पहले जैसा हो जाएगा। लेकिन उत्तराखंड में गंभीर संकट की आशंका है क्योंकि वहां



अचानक बाढ़ का अनुमान लगाया गया है। खड़ी ढलानों और संकरी घाटियों में बरसात का पानी तेजी से उतरता है जिससे अचानक बहुत तेज बाढ़ आती है। गोवा में भी मानसून के दौरान भारी बरसात और अचानक बाढ़ का खतरा है। राज्य की ढांचागत संरचना इसे झेलने में अक्षम हो सकती है जिसके कारण जल-भराव तथा सेवाओं में बाधा संभव है। कर्नाटक में मूसलाधार बारिश की आशंका है। राज्य के पश्चिमी सिरे पर स्थित 'वेस्टर्न घाट' में तेज बरसात हो सकती है जिससे बाढ़ और भूस्खलन का खतरा है। न केवल मानसून, बल्कि इसके बाद की स्थितियां भी काफी चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं। जल-जनित बीमारियां तथा महामारी की आशंका रहती है, जबकि अधिकारी ऐसे में असहाय हो जाते हैं। समय आ गया है कि संभावित राज्य सक्रिय होकर कदम उठाएं ताकि भारी बरसात के हानिकारक प्रभाव से बचा जा सके तथा संकटग्रस्त जनसंख्या का सुरक्षित क्षेत्रों में संभावित विस्थापन किया जा सके। जनता को सही सूचनायें दे कर सुरक्षित रखने के लिए समय पर 'अपडेट' व 'चेतावनियां' जारी करना जरूरी है। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि बांध और जल-निकासी व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण ढांचागत संरचनायें बढ़े हुए जल स्तरों का सामना कर सकें। बिहार के अनेक पुल मानसून के पहले ही गिर गए हैं, दिल्ली में एयरपोर्ट टर्मिनल टी1 ध्वस्त हुआ तथा अनेक राजमार्ग धंस गए। ये हमारे लिए एक प्रकार से चेतावनियां हैं। ऐसे में केवल मानसून को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। यह अचानक या अप्रत्याशित नहीं होता है। मानसून हर साल आता है, इसके बावजूद हम उसके लिए ठीक से तैयारी नहीं करते हैं। इसके साथ ही मानसून हमारे खेतों की सिंचाई तथा पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। बरसात के कारण बहुत से कष्ट हो सकते हैं, पर बिना बरसात के जीवन में 'इंद्रधनुष' भी नहीं खिलेंगे।

# रोजगार में वृद्धि के प्रयास

देश के प्रमुख विनिर्माण केन्द्र के रूप में उभार के बावजूद इस क्षेत्र की सीमित प्रगति से नौजवानों में रोजगार वृद्धि की संभावनायें प्रभावित हो रही हैं।

**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, उद्योग जगत से संबद्ध हैं)





भारत को विनिर्माण केन्द्र में विकसित करने का 'दूरगामी दृष्टिकोण' रहा है ताकि लाखों रोजगारों का सृजन हो सके। लेकिन भारत के विशाल आकार तथा दुनिया की सबसे तेज विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था का दर्जा प्राप्त होने के बावजूद कुछ समय पहले तक रोजगार सृजन के लिए महत्वपूर्ण विनिर्माण क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था। नई सरकार को ऐसी नई उद्योग नीति का क्रियान्वयन करना चाहिए जिसमें वर्तमान ढांचागत बाधाओं को संबोधित करने की क्षमता हो ताकि भारत को वैश्विक सप्लाई श्रृंखलाओं में हो रहे परिवर्तनों को देखते हुए विनिर्माण क्षेत्र को नया स्वरूप दिया जा सके। यह भारत को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था तथा 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी है। चिन्ता की बात है कि भारत में स्नातक डिग्री प्राप्त नौजवानों में बेरोजगारी दर 29 प्रतिशत बनी हुई है, जबकि देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। 2019 में भारतका विनिर्माण क्षेत्र कृषि के बाद दूसरा सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र था, पर अब यह निर्माण क्षेत्र, व्यापार व अतिथि सत्कार क्षेत्रों के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन-एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार देश का 45.5 प्रतिशत कार्यबल कृषि क्षेत्र में, 12.4 प्रतिशत निर्माण क्षेत्र में तथा केवल 11 प्रतिशत विनिर्माण क्षेत्र में काम कर रहा था। यह इस तथ्य के बावजूद था कि यहां अनेक प्रकार के रोजगारों का सृजन हो सकता है। इसके बावजूद भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अब भी लगभग 60 मिलियन लोग काम कर रहे हैं। ऐसे में सकारात्मक कार्रवाई की जरूरत है ताकि रोजगार सृजन की पूरी संभावनाओं का लाभ उठाया जा सके। भारत की शानदार प्रगति में विनिर्माण क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन बाधा डाल रहा है जिसका पिछले 25 साल में केवल सीमित विस्तार हुआ है। अन्य देशों के उलट भारत का उत्पादन ढांचा सीधे कृषि से सेवा-संचालित प्रगति की ओर गया है। इसके कारण विनिर्माण क्षेत्र का भारत की जीडीपी में योगदान 15-17 प्रतिशत पर बना हुआ है। यह स्थिति पूर्वी व दक्षिण-पूर्वी आशियान देशों की तुलना में बहुत कमजोर है। चीन का वैश्विक विनिर्माण में हिस्सा 31.63 प्रतिशत, अमेरिका का 15.87 प्रतिशत, जापान का 6.52 प्रतिशत, जर्मनी का 4.78 प्रतिशत और भारत का 2.87 प्रतिशत है।

इससे स्पष्ट होता है कि भारत को तत्काल विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करने की जरूरत है। इस क्षेत्र में ठहराव के अनेक कारण हैं जिनमें करों का भारी बोझ, अत्यधिक नियामक नियम, अनुपयुक्त ढांचागत संरचना व कनेक्टिविटी, अविश्वसनीय बिजली, कर्ज और कुशल कामगारों तक कम पहुंच तथा शोध, विकास एवं तकनीक परिवर्तन पर समुचित ध्यान न देना शामिल हैं। हालांकि, इन बाधाओं के बावजूद भारतीय विनिर्माण अब साहस के साथ प्रतियोगिता में आगे बढ़ रहा है तथा देश का लक्ष्य वैश्विक शक्ति बनना है। इसके लिए अनेक आयामों पर ध्यान देना जरूरी है। आटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में हमारे पास अच्छी क्षमतायें हैं और खासकर ई-वाहनों का हिस्सा वर्तमान समय में 7 प्रतिशत से बढ़ कर 30 प्रतिशत से अधिक हो सकता है। इसके साथ ही फार्मास्यूटिकल्स व रसायन, टेक्सटाइल व एपरल्स, इंजीनियरिंग वस्तुओं, कृषि उपकरणों और साइकिलों में अच्छी क्षमता है। लेकिन इसके साथ ही विशाल आकार की सुविधाओं में कमी है जो बड़े पैमाने पर निर्यात का आधार बन सकती हैं। समर्थन ढांचे की विश्वसनीयता तथा एमएसएमई की साझेदारी बढ़ाना प्रगति के लिए आवश्यक है। इस दृष्टिकोण से प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिव-पीएलआई योजना की प्रभावशीलता पर पुन: गौर करना जरूरी है। 2020 में घरेलू विनिर्माण को पुनर्जीवित करने के लिए लाई गई यह योजना इच्छित परिणाम दे रही है। इस योजना के चलते 14 क्षेत्रों में 2 लाख करोड़ की योजनायें चल रही हैं।

लेकिन ये खासकर श्रम-बहुल आटोमोबाइल, आटो हिस्से-पुर्जों, टेक्सटाइल, आईटी हार्डवेयर और चिकित्सा उपकरणों के मामलों में धीमी गति से आगे बढ़ रही हैं। पीएलआई योजना के व्यापक लक्ष्यों में रोजगार सृजन, समुचित निवेश आकर्षित करना, निर्यात को बढ़ावा देना तथा भारत को वैश्विक विनिर्माण केन्द्र बनाना है, लेकिन ये लक्ष्य अभी पूरे नहीं हुए हैं। वर्तमान जीएसटी ढांचे के पुनर्गठन की जरूरत है। वर्तमान वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी ढांचा 1250 से अधिक वस्तुओं व सेवाओं पर लागू होता है। इसमें मानक दरें 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत तथा अधिकतम 28 प्रतिशत हैं। इसके साथ ही शून्य एवं 0.25 प्रतिशत, 1.5 प्रतिशत तथा 3 प्रतिशत की विशेष दरें कुछ वस्तुओं एवं सेवाओं पर लागू हैं। मुद्रास्फीति तथा कर-संबंधी मुद्दों को संबोधित करने के लिए कर व्यवस्था का पुनर्गठन शामिल है। इसमें वर्तमान चार चरणों वाले ढांचे के बजाय दो-स्लैब माडल लागू करना तथा कृषि उपकरणों जैसी वस्तुओं पर रियायत देना शामिल है जिनको पहले पूर्व-जीएसटी व्यवस्था में बाहर रखा गया था।

अगली पीढ़ी वाले क्षेत्रों में अवसर प्रदान करना जरूरी है। नवीकरणीय ऊर्जा, एयरोस्पेस तथा उच्च तकनीक विनिर्माण क्षेत्र जैसे सेमीकंडक्टर व मोबाइल उपकरणों में अवसर महत्वपूर्ण होंगे। इनका वित्त वर्ष 23 में निर्यात 12 बिलियन डालर था जो वित्त वर्ष 20 में 4.8 बिलियन डालर से लगभग दूना है। दुनिया के 'ग्रीन' व परस्पर जुड़ाव वाले क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन के कारण इस क्षेत्र की संभावनायें बहुत अधिक हैं। इन क्षेत्रों में ठोस आधार बनाने के लिए आरएंडडी, तकनीक हस्तांतरण में निवेश, वैश्विक टाईअप और निवेशों को प्रोत्साहन देने पर ध्यान देना होगा। इसके साथ ही अकादमिक क्षेत्रों, उद्योग तथा सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देना होगा। भारत को स्मार्ट विनिर्माण क्षमताये बढ़ाने पर खास ध्यान देना होगा। भारत की तकनीकी क्षमता का खास महत्व है। यह विश्व स्तर पर पैदा उथलपुथल का सामना करने तथा समस्याओं के खोजी समाधान तलाशने में देश की क्षमता स्पष्ट करती है। इसी प्रकार के खोजी प्रयास विनिर्माण क्षेत्र में किए जाने चाहिए जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के स्मार्ट औद्योगिक क्लस्टर बनाना हो। इनमें परस्पर जुड़ी फैक्ट्रियां, कचरा घटाने व क्षमता संवर्धन के प्रयास, उच्च उत्पादकता वाली परिसंपत्तियां तथा एक सिरे से दूसरे सिरे तक जाने वाली मूल्य श्रृंखला में पारदर्शिता शामिल हैं। इसके साथ ही तकनीक-सक्षम तात्कालिक हस्तक्षेपों की भी आवश्यकता है जिनका प्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में अत्यधिक महत्वपूर्ण रूप से किया जा सकता है। भविष्य के लिए तैयार की जाने वाली ढांचागत संरचना भी बहुत जरूरी है क्योंकि विश्व स्तरीय संरचनायें बनाने में विलम्ब से राष्ट्र को समय और धन का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हमारी ढांचागत संरचनायें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप होनी चाहिए तथा इनके निर्माण में यथासंभव अधिकाधिक तेजी से काम होना चाहिए।

वर्तमान लाजिस्टिक खर्च को जीडीपी के वर्तमान 8-10 प्रतिशत से घटा कर 2030 तक जीडीपी के 6 प्रतिशत तक लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए उद्योग-हितैषी 'कारीडोरों' में 1.2 बिलियन डालर निवेश की आवश्यकता है। उत्तर भारत के विनिर्माण केन्द्रों को देश के अन्य भागों के विनिर्माण केन्द्रों के समकक्ष लाने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। ये विनिर्माण केन्द्र समुद्री बंदरगाहों से दूर हैं। ऐसे में खासकर चारों और जमीन से घिरे पंजाब जैसे प्रांतों के लिए विशेष दर्जे की आवश्यकता है। पंजाब को नीतिगत समर्थन की आवश्यकता है क्योंकि दक्षिण-पश्चिमी राज्यों की तुलना में उस पर माल भाड़े का दुहरा बोझ पड़ता है। विभिन्न क्षेत्रों में विनिर्माण क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार को कृषि से अन्य क्षेत्रों की ओर हस्तांतरित होने वाले श्रमबल पर भी ध्यान देना होगा। अंतरररष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ की 'इंडिया इम्प्लायमेंट रिपोर्ट-2024' के अनुसार श्रम-बहुल विर्निमाण क्षेत्र तथा कार्यबल में कौशल संवर्धन पर जोर देना जरूरी है। ऐसे में कौशल संवर्धन को प्राथमिकता देना सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इस पहल में प्रमुख उद्योगपति सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। भारत में विनिर्माण क्षेत्र में आगे बढ़ने की क्षमता और संसाधन मौजूद हैं। समय आ गया है कि नई सरकार इनका लाभ उठाए।

# पेट्रोडॉलर प्रणाली के वैश्विक वित्त पर प्रभाव

"एक अधिक बहुध्रुवीय वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र जो विभिन्न मुद्राओं और आर्थिक प्रभावों को समायोजित करता है, वह आकार ले रहा है।"

**संतोष मैथ्यू**
(लेखक, सह प्रोफेसर हैं)



वर्ष 1974 में आरंभ की गई पेट्रोडॉलर प्रणाली लंबे समय से वैश्विक वित्त और भू-राजनीति का आधार रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब के बीच एक समझौते के माध्यम से स्थापित, इसने निर्धारित किया कि राज्य अपना तेल विशेष रूप से अमेरिकी डॉलर में बेचेगा। इस व्यवस्था ने न केवल डॉलर की निरंतर मांग की गारंटी दी, बल्कि अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड और अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों में निवेश के माध्यम से तेल राजस्व को वापस अमेरिकी अर्थव्यवस्था में निर्देशित किया।

परिणामस्वरूप, इस प्रणाली ने अमेरिकी सरकार के लिए धन का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनाया और दुनिया की प्राथमिक आरक्षित मुद्रा के रूप में डॉलर की स्थिति को मजबूत किया। भू-राजनीतिक रूप से, पेट्रोडॉलर प्रणाली ने अमेरिका और तेल निर्यातक देशों, विशेष रूप से मध्य पूर्व के देशों के बीच एक सहजीवी संबंध बनाया। सुरक्षा आश्वासन और आर्थिक सहायता के बदले में, इन देशों ने डॉलर में तेल लेनदेन करने के लिए प्रतिबद्धता जताई, जिससे अमेरिका को वैश्विक तेल बाजारों और व्यापक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव मिला। इस सहजीवन ने अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभाव को मजबूत किया और उसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मध्य पूर्व में शक्ति का प्रदर्शन करने की अनुमति दी, जिससे तेल का निर्बाध प्रवाह सुनिश्चित हुआ, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।

हाल के घटनाक्रम इस दीर्घकालिक व्यवस्था से संभावित प्रस्थान का संकेत देते हैं। 9 जून को, सऊदी अरब ने अमेरिकी डॉलर में विशेष तेल बिक्री को बंद करने का इरादा घोषित किया। यह निर्णय सऊदी अर्थव्यवस्था में विविधता लाने और तेल राजस्व पर निर्भरता कम करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है। पेट्रोडॉलर प्रणाली से दूर जाने को कुछ लोग अन्य आर्थिक शक्तियों, विशेष रूप से चीन के साथ संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखते हैं, जो वैश्विक व्यापार में एक विकल्प के रूप में अपनी मुद्रा, युआन को बढ़ावा देना चाहता है। पेट्रोडॉलर प्रणाली की स्थापना में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति हेनरी किसिंजर की भूमिका इसके ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करती है।

1970 के दशक में सऊदी अरब के साथ किसिंजर की बातचीत ने न केवल वैश्विक वित्त में अमेरिकी प्रभुत्व को सुरक्षित किया, बल्कि सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के लिए सुरक्षा का आश्वासन भी दिया, जिससे सैन्य सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से अमेरिका के साथ उनका गठबंधन मजबूत हुआ। सऊदी अरब के इस निर्णय पर लोगों की प्रतिक्रियाएँ अलग-अलग हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि इससे डॉलर का वैश्विक आधिपत्य कमज़ोर हो सकता है, जिससे संभवत: इसका मूल्यह्रास हो सकता है और अमेरिका में मुद्रास्फीति की दर बढ़ सकती है। हालाँकि, इसे कम करने वाले कारकों में तेल निर्यातक के रूप में अमेरिका की वर्तमान स्थिति शामिल है, जो तेल की कीमतों और मुद्रा गतिशीलता में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशीलता को कम करती है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए व्यापक निहितार्थ अनिश्चित बने हुए हैं। तेल लेन-देन में डॉलर से दूर जाने से मुद्रा विविधीकरण को बढ़ावा मिल सकता है और अमेरिकी वित्तीय प्रणाली पर निर्भरता कम हो सकती है। तेल आयात करने वाले देशों के लिए, यह बदलाव अधिक स्थिर मूल्य निर्धारण प्रदान कर सकता है यदि लेन-देन उनकी अपनी मुद्राओं या अन्य स्थिर विकल्पों में किए जाते हैं।

निष्कर्ष में, सऊदी अरब की रणनीतिक धुरी वैश्विक वित्तीय प्रणालियों में एक महत्वपूर्ण विकास को दर्शाती है। हालाँकि यह पेट्रोडॉलर के प्रभाव को तुरंत खत्म नहीं कर सकता है, लेकिन यह एक अधिक बहुध्रुवीय आर्थिक व्यवस्था की ओर संक्रमण का संकेत देता है, जहाँ कई मुद्राएँ वैश्विक व्यापार और वित्त में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। यह परिवर्तन धीरे-धीरे सामने आने की उम्मीद है, जिसका दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और आर्थिक रणनीतियों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। दशकों से, पेट्रोडॉलर प्रणाली ने डॉलर के वैश्विक प्रभुत्व को बनाए रखा है, आर्थिक शक्ति को भू-राजनीतिक प्रभाव के साथ जोड़ा है। निष्कर्ष पेट्रोडॉलर प्रणाली का ऐतिहासिक संदर्भ और इसकी संभावित गिरावट वैश्विक वित्तीय और भू-राजनीतिक परिदृश्यों की गतिशील प्रकृति को दर्शाती है। सऊदी अरब की नीति में बदलाव उभरती हुई आर्थिक शक्तियों के साथ खुद को और अधिक निकटता से जोड़ने और तेल राजस्व पर अपनी अत्यधिक निर्भरता को कम करने के लिए राज्य की रणनीतिक मंशा को उजागर करता है।

यह कदम आर्थिक विविधीकरण की ओर एक व्यापक वैश्विक प्रवृत्ति और तेल उत्पादक देशों के बीच अधिक वित्तीय संप्रभुता की खोज का प्रतीक है। पेट्रोडॉलर प्रणाली का क्रमिक क्षरण वैकल्पिक वित्तीय प्रतिमानों के उदय की शुरुआत कर सकता है, जो अमेरिकी डॉलर के स्थापित वर्चस्व को चुनौती दे सकता है। जैसे-जैसे देश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और वित्त के संचालन के लिए नए रास्ते तलाशते हैं, दुनिया मुद्रा विविधीकरण में वृद्धि देख सकती है, जिससे संभावित रूप से अधिक संतुलित और कम यूएस-केंद्रित वैश्विक अर्थव्यवस्था बन सकती है। इस तरह का बदलाव अधिक न्यायसंगत आर्थिक साझेदारी को भी प्रोत्साहित कर सकता है और एक प्रमुख मुद्रा पर निर्भरता से जुड़ी आर्थिक कमजोरियों को कम कर सकता है। इसके अलावा, पेट्रो-डॉलर प्रणाली की संभावित गिरावट मौजूदा भू-राजनीतिक गठबंधनों और आर्थिक निर्भरताओं की पुन: जांच को आमंत्रित करती है।

इन परिवर्तनों के प्रभाव वित्त के दायरे से आगे बढ़ सकते हैं, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति, व्यापार नीतियों और यहां तक ??कि सुरक्षा गतिशीलता को भी प्रभावित कर सकते हैं। संभवत: ध्यान अधिक बहुध्रुवीय वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की ओर जाएगा जो विभिन्न मुद्राओं और आर्थिक प्रभावों को समायोजित करता है।

## आप की बात

### हाथरस हादसा

**हाथरस** में विश्वहरि भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मचने से करीब 175 श्रद्वालुओं की भयानक मौत हो गई, जिसमें महिलायें और बच्चे भी शामिल थे। यह गंभीर घटना अनेक सवाल खड़े कर रही है। आखिरकार, एक लाख से अधिक लोगों के आयोजन में मात्र 10-12 पुलिस कर्मियों का होना, आयोजकों और उनके सेवादारों की अव्यवस्था तथा प्रशासन की लापरवाही आदि भारी गलतियों से इतनी सारी जानें गई हैं। इसकी बारीकी से जांच होने चाहिए तथा दोषी जो भी हों उनपर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हादसे की जांच इस दृष्टिकोण से भी होनी चाहिए कि कहीं इसके पीछे कोई षडयंत्र तो नहीं था। हालांकि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फौरन वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेज कर उनसे रिपोर्ट मांगी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते समय इस त्रासदी का उल्लेख कर शोक व्यक्त किया। लेकिन हाथरस के इस हादसे के पहले भी देश के अनेक हिस्सों में भीड़ में ऐसे अनेक हादसे होते रहे हैं। अत: हाथरस हादसे से सबक लेते हुए प्रदेश के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भीड़ प्रबंधन के सुनिश्चित प्रोटोकाल विकसित कर उना जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर आयोजकों की जिम्मेदारी निर्धारित होनी चाहिए।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### विपक्ष का निंदनीय व्यवहार

**राष्ट्रपति** द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में भाषण के समय विपक्ष का शोर-शराबा तथा लगातार व्यवधान पैदा करने के प्रयास अत्यन्त निन्दनीय तथा संसदीय परंपराओं की धज्जियां उड़ाने की तरह हैं। यह एक अच्छा संकेत नहीं है। विपक्ष की पहले ही सत्र में अराजकता एवं शोर-शराबे से स्पष्ट है कि वह लगातार तीसरी बार पराजय के बावजूद अपनी आदतें सुधारने को तैयार नहीं है। इससे यह भी प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में राज्यसभा सभापति और लोकसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ने वाली है। संसद के दोनों सदनों का कामकाज सुचारु रूप से चलाने तथा ऐसे हंगामेबाज सांसदों से निपटने के लिए कठोर कदम उठाने होंगे। उल्लेखनीय है विपक्षी सांसदों को अपनी बात रखने का पूरा-पूरा मौका मिला, पर प्रधानमंत्री के भाषण में उन्होंने अनुशासनहीनता और अराजकता का बेशर्म प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उपस्थिति व उनके इशारे पर सासंदों का वेल में जाना तथा लोकसभा अध्यक्ष का निर्देश अनसुना करना भारतीय लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसे तत्वों को कठोर दंड मिलना चाहिए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### अहिंसक हिंदू

**संसद** में विपक्षी नेता के तौर पर राहुल गांधी ने सफेद झूठ बोला कि हिन्दू हिंसक होता है, जबकि तमाम उकसावे के बावजूद न केवल हिंदू, बल्कि भाजपा और आरएसएस भी अहिंसक बने हुए हैं। राहुल यह झूठ इसीलिए बोल सके कि हिन्दू हिंसक नहीं हैं। यदि हिन्दू हिंसक होते तो राहुल सहित कांग्रेस व विपक्ष के कई नेताओं के खिलाफ इस्लाम की तरह फतवे जारी हो जाते। लगता है विपक्षी नेताओं में हिन्दुओं को गाली देने और सनातन को समाप्त करने की होड़ लगी है। यदि ऐसे बयान ये कथित सेक्युलर नेता इस्लाम के विरुद्ध दें तो इन्हें तत्काल अहिंसक हिंदुओं तथा दूसरे धर्म के चरमपंथी तत्वों के बीच अंतर का पता चल जायेगा। विडंबना है कि ये हिन्दू-विरोधी नेता ही अपने विवादित बयानों से हिन्दुओं को हिंसा के लिए उकसाते हैं, किन्तु इसमें सफल नहीं हो पाते हैं। यदि हिन्दू हिंसक होते तो भारत में दुनिया की सबसे अधिक मस्जिदें न होतीं तथा देश में इंडोनेशिया के बाद सबसे अधिक मुस्लिम न होते। मोदी, भाजपा और आरएसएस को राहुल जैसे चुनावी हिंदुओं से सही हिंदू होने का प्रमाणपत्र नहीं चाहिए। ऐसे बयानों से कांग्रेस तथा उसके सहयोगी विपक्षी दल न केवल अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं, बल्कि लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### पर्यावरण संरक्षण

**हमारे** अधिकांश स्कूलों-कॉलेजों में हरियाली नहीं है। मानसून सक्रिय हो चुका है। ऐसे में सभी स्कूल-कॉलेजों में छात्रों के सहयोग से पूरी बाउंड्री वॉल के भीतर वृक्षारोपण करवाया जाना चाहिए। इससे बड़ी संख्या में वृक्षारोपण हो जाएगा और शिक्षण संस्थाओं का भी रंग रूप व वातावरण सुहावना हो जाएगा। इसी प्रकार सभी शासकीय परिसरों में बाउंड्री वाल और उचित खाली जगह पर समय रहते सभी को वृक्षारोपण करना चाहिए। इसका लाभ भी शुद्ध ताजी हवा और तापमान में कमी आने के रूप में स्टूडेंट को व शासकीय कर्मचारियों को ही मिलेगा। इस बार सरकार भी वृक्षारोपण के लिए बहुत अच्छा प्रयास कर रही है। वह प्रयास भी इन संस्थाओं के सहयोग से शीघ्र पूरा हो सकेगा और हमारे प्रदेश में एक करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। इस बार आम जनों में भी जो उत्सव और उत्साह वृक्षारोपण के प्रति दिखाई दे रहा है, वह हर्षोल्लास देने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम के आह्वान को भी जनता का समर्थन मिल रहा है। हमें वृक्षारोपण के साथ उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# देवकर शराब दुकान का गार्ड ही निकला आरोपी,चोरी किए गए 9 लाख बरामद

## नए कानून का पहला मामला हुआ दर्ज,48 घंटे के भीतर पुलिस ने पाई सफलता

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस चौकी मुख्यालय देवकर में संचालित कम्पोजिट देशी-अंग्रेजी शराब दुकान में हुई शातिराना अंदाज 9 लाख रुपए से ज्यादा की बड़ी नगदी की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस व आबकारी प्रशासन की जांच टीम ने घटना की रिपोर्ट के महज 48 घण्टे के अन्दर ही असली आरोपी को पकड़कर चोरी की गई नगदी की भी बरामदगी कर ली है।आरोपी शराब दुकान गार्ड ही निकला । इसके अलावा बता दें कि तीन नए कानून अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत जिले का पहला मामला दर्ज भी हुआ था और पुलिस ने जल्द ही सुलझा लिया। मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक कार्यलय में एसपी रामकृष्ण साहू एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से करते हुए बताएं कि विगत 30 जून की रात को नगर देवकर में संचालित कम्पोजिट मदिरालय शराब दुकान के लॉकर में दिनभर के शराब बिक्री के पूरे पैसों को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया था, जिस पर पुलिस चौकी में आबकारी विभाग के सब इंस्पेक्टर वीणा भण्डारी की एफआईआर के आधार पर एसपी रामकृष्ण साहू के दिशानिर्देश पर बेरला एसडीओपी- तेजराम पटेल के नेतृत्व में साजा टीआई- राजकुमार साहू व देवकर चौकी प्रभारी- द्वारिका प्रसाद देशलहरे सहित अन्य स्टॉफ को लेकर संयुक्त जांच बनाई गयी। जिन्होंने आबकारी टीम के साथ मिलकर, डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक एक्सपर्ट व साइबर टीम का सहारा लेते हुए घटनास्थल में विभिन्न दौरे कर हर पहलुओं की छानबीन की।शराब दुकान के सभी स्टॉफ से कड़ाई से पूछताछ कर संदिग्ध कर्मचारियों की मोबाईल नम्बरों को सीडीआर निकाला गया एवं घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार कर इलाके के लोकशन का टॉवर डम्प किया गया। साथ ही अन्य इलाकों के विभिन्न सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। प्रार्थी व गवाहों के कथन उपरांत शराब भट्ठी में तैनात सन्देहास्पद सुरक्षा गार्ड अनिल लहरे(36 वर्ष) पिता पुनऊ राम लहरे, पता- बावामोहतरा थाना व जिला- बेमेतरा व हाल पता- शीतल छाया कॉलोनी, धनोरा चौकी पद्मनाभपुर, ज़िला दुर्ग को हिरासत में लिया गया। आरोपी के जुर्म स्वीकार के बाद चोरी किये 9,06,760 रुपये की रकम की पतासाजी कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ जब्ती कर ली गयी एवं आरोपी पर बीएनएस की धारा 331(4) व 305(ड) के तहत गिरफ्तारी कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया। इस कार्यवाही में पुलिस अफ्सरों के साथ देवकर चौकी के एएसआई- बीपी पटेल, अजय लहरे, मानदास साहू, आरक्षक- विकास सिंह, दीपक सिंह, मनीष वर्मा, अमरदीप धृतलहरे, भूषण मारकण्डे, राजू धीवर, योगेश साहू, मोहित देवांगन, हुंकार दास, प्रमोद पाण्डेय, पुरषोत्तम पटेल एवं अन्य स्टॉफका सराहनीय योगदान कार्यवाही में रहा।

# अंधियारखोर में मनाया गया भव्य जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल बेमेतरा जिला अंतर्गत वि.ख. नवागढ़ के ग्राम अंधीयारखोर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। इस दौरान अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद दुर्ग संभाग विजय बघेल, स्थानीय विधायक दिपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी आम नागरिक व स्कूल के बच्चे उपस्थित हुये। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे झंडों और फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बन गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की छायाचित्र में खाद्य मंत्री व अन्य विशिष्ट अतिथियों के द्वारा पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन करके की गई। दीप प्रज्वलन भारतीय संस्कृति में ज्ञान और शुभता का प्रतीक माना जाता है, और इससे पूरे कार्यक्रम में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

# तुएदंड में शाला में हुआ प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह





पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

3 जुलाई को वनांचल ग्राम तुएदंड में शास. प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तुएदंड (महामाया) में शाला प्रवेश उत्सव , सह विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । प्रवेश उत्सव में कक्षा पहली एव छठवीं के बच्चों का स्वागत गुलाल लगाकर,गुलदस्ता भेंटकर एवं मुँह मीठा कर किया गया । प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में सरपंच ग्राम कोपेडेरा लिखेश्वरी उसेंडी के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया । तत्पश्चात सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सुरेश कुमार यादव पूर्व माध्यमिक शाला तुएदंड का शाल श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया ।.कार्यक्रम में उपस्थित के.एस. गवर्ना, बी.आर. नेताम. वाई. एस. ठाकुर.ए रमेश,एम ठाकुर , नरसिंह यादव, तामेश्वर मंडावी, देवेन्द्र गावडे, मोहित यादव, ललिता बाई, योगिता,सोह्द्रा बाई तथा ग्राम के जनसमुदाय शामिल थे।

# तहसीलदार सीएमओ की उपस्थिति में नवगठित नगर पंचायत दाढ़ी का परिसीमन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की नगरी निकाय में दिसंबर में होने वाले चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है इसी कड़ी में नगर पंचायत दाढ़ी के वार्डो में परिसीमन की कवायत शुरू कर दी गई है साथ ही निकायों को नगरीय प्रशासन विभाग से मिली निर्देशों के पालन में वर्तमान में बढ़ी आबादी के हिसाब से वार्डो का नए सिरे से परिसीमन करना है 2011 के बाद जनगणना हुई है उसी के हिसाब से मतदाताओं का बराबर तौर पर निर्णाय कर परिसीमन किया जाएगा क्योंकि पिछले 13 साल में निकायों की आबादी में दो गुनी तक विधि हुई है वोटरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है इसी प्रकार प्रशासन द्वारा नगर पंचायत दाढ़ी में 15 वार्डो चयन किया गया है नक्शा बनाकर एवं चौहद्दी बनाकर घरों की संख्या निकालकर आसानी से वर्तमान आबादी का डाटा निकाला जा सकता है फिर वार्डों में परिसीमन में कोई दिक्कत नहीं आएगी तहसीलदार सीताराम कंवर ने बताया की नगरी निकाय के 2011 के जनगणना ब्लॉक को मानकर जनसंख्या निकली गई है जिसमें 332 मतदाता एक वार्ड में मतदाताओं की संख्या हो रही है सभी वार्डों में परिसीमन के बाद जनसंख्या थोड़ा सा मतदाताओं की जनसंख्या में कम ज्यादा भी किया जा सकता है मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 की उप धारा(1) के अंतर्गत नगर पंचायत दाढ़ी में 15 वार्डो का नाम चयन किया जा चुका है साथ ही डोर टू डोर परिसीमन का कार्य अंतिम कड़ी तक कर लिया जाएगा फिर दिनांक 9 से 15 तारीख तक दावा आपत्ति की सूचना किया जाएगा फिर दिनांक 18. 07. 2024 को जिला कलेक्टर बेमेतरा के माध्यम से आपत्ती सुझाव एवं उन पर अपना अभीमत सहित संपूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया जाएगा इस परिसीमन अभियान में तहसीलदार सीताराम कंवर सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी राजस्व विभाग से आर आई चंद्रशेखर खरे पटवारी गुरु वचन डेहरे परसराम साहू नगर पंचायत से सहायक ग्रेड 3 देवेंद्र बनाफर संकल्प शर्मा चित्रेश चंद्राकर मनोज ध्रुव धनु मरकाम कमलेश मानिकपुरी श्याम दास मानिकपुरी द्वारिका दास मानिकपुरी परिसीमन करने में लगे हुए हैं।

# स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को सफल बनाने में स्वच्छाग्राहियों का कार्य महत्वपूर्ण : कन्नौजे

## सभी स्वच्छाग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को सफल बनाने में स्वच्छाग्राहियों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए इस कार्य में लगे सभी स्वच्छाग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. कन्नोजे जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक लेकर इसके अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छाग्राहियों द्वारा कचरा प्रबंधन के कार्यों में विभिन्न प्रकार का अपशिष्ट एकत्रीकरण के कार्य के फलस्वरूप उनमें संक्रमण की संभावना बनी रहती है। इसके लिए उन्होंने नियमित रूप से स्वच्छाग्राहियों की स्वास्थ्य जांच हेतु विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छाग्राहियों का स्वच्छाग्राही ई-श्रमकार्ड निर्माण कर उन्हें सफाई कर्मकार मण्डल से जोड़ा जा सकता है जिससे उन्हें इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। डॉ. कन्नौजे ने सफाई कर्मकार आवश्यक उपकरण सहायता योजना सुरक्षा उपकरण हेतु प्रतिवर्ष 1000 प्रति दर सफाई कर्मकार के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति रू. 1000 से 1500 प्रति दर वार्षिक (प्रति बच्चा) 2 बच्चों हेतु तथा 2 लाख का जीवन बीमा आदि सुविधा सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की चर्चा की एवं सभी प्रगतिरत कचरा संग्रहण शेड को 15 जुलाई 2024 से पूर्व पूर्ण करने एवं कचरा संग्रहण शेड में रजिस्टर पंजी के संधारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को सामुदायिक शौचालय क्रियाशील रखने तथा ग्राम पंचायतों में कचरे की सफाई , सार्वजनिक स्थल जैसे चैक, चैराहा, धार्मिक स्थल, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र, भवन एवं जल स्त्रोत तालाब, पैयजल स्त्रोत, हैण्डपंप के आस-पास के कचरे की साफ-सफाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सार्वजानिक स्थलों को साफरखने एवं कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने को कहा। जिससे प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। बैठक में उपसंचालक पंचायत आकाश सोनी तथा जनपद पंचायत बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डीलोहारा मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा कुम्हारी मंडल एवं युवा मोर्चा ने किया पुतला दहन



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल एवं युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में विगत दिनों संसद में राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को अभद्र, असहिष्णुतापूर्ण अपमानित करने वाला भाषण दिया गया जिसके विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर नवनिर्मित ओव्हरब्रिज कुम्हारी के पास कुम्हारी में पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया, जिसमें मंडल अध्यक्ष राजू निषाद ने राहुल गांधी को हिंदू विरोधी मानसिकता बतलाया साथ ही नेता प्रतिपक्ष महामंत्री लोकेश साहू ने राहुल गांधी को हिंदुओ से माफी मांगने कहा इस कार्यक्रम में मनोज वर्मा सांसद प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि शासकीय हाई स्कूल रामकुमार सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश शुक्ला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मिथलेश यादव, पार्षद विनोद बंजारे, पूर्व पार्षद छबि कुमार यादव, मंडल उपाध्यक्ष दीपक चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिला मंत्री रीता पाण्डेय, मंडल उपाध्यक्ष सुनीता कुर्रे, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष सुजीत यादव, वर्तमान भाजयुमो अध्यक्ष डिकेश पटेल, महिला मोर्चामंडल अध्यक्ष इंदिरा कोसरिया, भावना बंजारे, मंडल मंत्री राधा ठाकरे, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष गौतम सोना, फिंगेश्वर साहू,पूर्व पार्षद नारायण सोनकर, संयोजक बजरंग दल प्रणव श्रीवास्तव, राम प्रकाश गुप्ता, विकास सोनकर, अल्प संख्यक जिला मोर्चा उपाध्यक्ष इमरान रिजवी, दिलेश्वर मारकंडे, राजकुमार सिंह, अश्विनी देशलहरे, उमेश ध्रुव, सूरज यादव, बंटी सेन, हुलाज साहू, सुनील सिंह, अमरजीत सिंह गिल, शुभम पाण्डेय, नारायण यादव, महेश वर्मा, जितेंद्र श्रीवास्तव एवं ऋषि रात्रे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# मोटर सायकल चोरी के आरोपी के विरूद्ध कवर्धा पुलिस की कार्यवाही

## चोरी किये गये दो नग मोटर सायकल बरामद

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




प्रार्थीगणों ने 25 अप्रैल एवं 13 जून को अपने-अपने मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी 09 JG 1842 एवं मोटर सायकल स्पलेन्डर प्रो क्रमांक सीजी 07 AB 0518 को नवीन बाजार कवर्धा में खड़ा किया था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। जिसकी रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 437/2024 धारा 379 भादवि एवं अपराध क्रमांक 438/2024 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर अज्ञात चोरो की जांच पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भा.पु.से.), अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा आरोपी पतासाजी एवं चोरी की वारदात रोकने हेतु पूर्व में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। निर्देशो का पालन करते हुए थाना एवं सायबर सेल की विशेष टीम गठित किया गया, टीम द्वारा आस-पास पतासाजी किया गया पतासाजी दौरान तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पता चला कि आरोपीगण (1) राजा सारथी पिता संतोष सारथी उम्र 19 साल साकिन लोहारानाका भाजपा कार्यालय के पीछे कवर्धा थाना कवर्धा (2) संजय धुर्वे पिता धूरसिंह धुर्वे उम्र 21 साल साकिन जुनवानी थाना कवर्धा एवं अपचारी बालक द्वारा नवीन बाजार कवर्धा से दोनों मोटर सायकल चोरी करना पाया गया,जिन्हे विधिवत पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर चोरी गये मोटर सायकल बरामद किया गया है। प्रकरण में आरोपीगण एवं विधि विरूद्ध संघर्षरत बालक के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में पूरे जिले में किसी भी प्रकार की चोरी या अन्य वारदात में शामिल होने पर कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच कर आरोपियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# न्योता भोजन एवं वृक्षारोपण कर मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

## स्वास्थ्य प्रभारी ने बच्चों को स्वास्थ्य सम्बंधित दिए टिप्स

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com





संकुल कुम्हारी अंतर्गत ग्राम खपरी वि.ख. धमधा प्राथमिक शाला में प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया वहीं शाला आये बच्चों का अबीर गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। जिनके बाद शिक्षकों व अतिथियों द्वारा स्कूली बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें व गणवेश बांटे गए इनके अलावा कार्यक्रम में पहुंचे सभी स्कूली छात्र-छात्राओं को न्योता भोजन कराया गया। स्कूल परिसर में अतिथियों शिक्षकों व स्कूली बच्चों ने वृक्षा रोपण कर नए सत्र को यादगार बनाने का उचित पहल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम खपरी के सरपंच विमला साहू के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी प्रभारी डॉ. अनुपमा कंवर भी उपस्थित रही जिन्होंने स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य सम्बंधित टिप्स दिए कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अजय राजपूत, प्रधान पाठक रेखा ठाकुर, श्रीमती अंजूलता ठाकुर शिक्षकगण, नितिन कुमार जांगड़े ग्रामीण जन कृष्णा साहू अंजोर दास टंडन, कोमिन साहू, रेखा सोनवानी, खिलेश्वरी टंडन सहित पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार आडिल व भानू साहू के द्वारा किया गया।

# 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com






कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल जिला पंचायत के सभाकक्ष में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम का जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने सभी के लिए शिक्षा हेतु प्रारंभ की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत अनुसंशित 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि केन्द्र परिवर्तित योजना 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को शत प्रतिशत साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के जिला स्तरीय नोडल अधिकारी राधेश्याम साहू एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारियों के अलावा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, संकुल समन्वयक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं रणनीति के संबंध में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के अलावा विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से बारी-बारी से जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्ड नोडल अधिकारियों से 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के सर्वे 'उल्लास एप्प' में एंट्री कार्य के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों को 01 सप्ताह के भीतर एंट्री के कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने विकासखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों से एंट्री कार्य से आ रही परेशानियों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आम जनता को 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान कर तथा अभियान चलाकर एंट्री कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने 'उल्लास केंद्र' तथा शिक्षार्थियों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों का चिन्हांकन, उल्लास कार्यक्रम हेतु वातावरण निर्माण, प्रवेशिका निर्माण, पठन-पाठन सामग्रियों की व्यवस्था, 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम में स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं, कुशल प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण तथा उल्लास केन्द्रों का संचालन आदि की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने बैठक में उपस्थित विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयकों एवं संकुल समन्वयकों को भी 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने अधिकारियों से जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को अभियान चलाकर पूरा करने को कहा।

# हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षण योजनांतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा ।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक/युवतियों के लिए ''हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण'' योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। वर्ष 2023-24 के लिये हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट में करियर बनाने की आकांक्षा रखने वाले प्रदेश के युवक/युवतियों से 12 जुलाई 2024 समय शाम 05:00 बजे तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें विभाग की वेबसाईट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में उपस्थित होकर जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उपरोक्त प्रशिक्षण अंतर्गत कुल 100 छात्र/छात्राओं (अभ्यर्थियों) को लाभान्वित किया जायेगा। बजट उपलब्धता के आधार पर लक्ष्य परिवर्तनशील होगा। यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक होगा एवं प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम अथवा नौकरी/ व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण आवासीय है। प्रशिक्षण में छात्रावास एवं मेस की सुविधा भी निःशुल्क होगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण देने वाली संस्था द्वारा जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया से प्रशिक्षण से संबंधित जॉब भी उपलब्ध करायी जायेगी।

# कोसा की पहचान देश विदेश में, मिलकर करेंगे बेहतरी के लिए कार्य : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ग्रामोद्योग विभाग की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक ली

- **स्टॉक होल्डर, बुनकर, धागाकरण, कृमिपालन हितग्राहियो से की चर्चा, हैंडलूम का किया निरीक्षण**
- **भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चाम्पा का किया निरीक्षण**



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को ग्रामोद्योग बोर्ड के तहत हस्तशिल्प, रेशम, खादी, हथकरघा, उद्योग विभाग के विभिन्न घटकों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को विभाग में संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने एवं लाभान्वित हितग्राहियों के आय में वृद्धि करने के लिए व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उनके उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर उन्हें विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध कराने के लिए कहा। इस हेतु हितग्राहियों को आवश्यक सुविधाएं, उपकरण एवं प्रशिक्षण भी दिलाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि जिले की पहचान कोसा है और इसकी बेहतरी के लिए प्रशासन के साथ ही कोसा से जुड़े बुनकर, हटकरघा उद्योग से जुड़े व्यवसायी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे। उन्होंने इस दौरान विभागीय योजनाओं से लाभांवित हुए हितग्राहियों से उनके कार्यो एवं उनकी समस्याओं के सम्बंध में चर्चा की। इस दौरान स्टॉक होल्डर, बुनकर, धागाकरण, कृमिपालन हितग्राहियो से की चर्चा करते हुए सुझाव भी लिए। कलेक्टर ने सभी हितग्राहियों को अपने कला कौशल को और निखारने एवं अच्छे से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी देने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राही विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि जिले में कोकून के उत्पादन को बढ़ाने के लिए रेशम विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने संस्थान के द्वारा दिए जा रहे पाठ्यक्रम की जानकारी भी ली। उन्होंने जकार्ड प्रयोग शाला कक्ष, पावरलूम, हेण्डलूम के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा, सहायक संचालक हाथकरघा, सहायक संचालक रेशम विभाग, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी व्यवासायी एवं हितग्राही उपस्थित थे।



## जिले में व्यापक पैमाने पर स्कूलों में किया जा रहा जीर्णोद्धार एवं मरम्मत का कार्य

**मुंगेली।** शासन के मंशानुरूप जिले में स्कूल जतन योजना और समग्र शिक्षा के तहत जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत का कार्य व्यापक पैमाने पर किया जा रहा है। उक्त योजना के तहत स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष भवन, किचन, छत, दीवार, फर्श, शौचालय, अहाता, खिड़की, दरवाजा, फ्लोरिंग, टाईल्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। मरम्मत होने से स्कूल अब नए स्वरूप में दिखाई दे रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने स्कूल जतन योजना व समग्र शिक्षा के तहत प्रगतिरत निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस कंट्रोल रूम में एडिशनल एसपी ने ली डॉयल 112 कर्मचारियों की बैठक



- **मीटिंग में डॉयल 112 के जवानों को इवेंट की सूचना पर तत्काल पहुंचने व पीड़ित को हर संभव मदद पहुंचाने के दिये निर्देश**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कल सुबह पुलिस नियंत्रण कक्ष में एडिशनल एसपी (शहर) आकाश मरकाम द्वारा डॉयल 112 मैनेजमेंट टीम के साथ डॉयल 112 में कार्यरत आरक्षक, ईआरवी चालक की मीटिंग ली जा रही है । मीटिंग में एडिशनल एसपी ने डायल 112 स्टाफ से ईआरवी वाहनों एवं इवेंट से संबंधित विषयों पर चर्चा किया गया। एडिशनल एसपी द्वारा सभी ईआरवी वाहनों में केन हेलमेट, जाली बॉडीगार्ड (बलवा सामाग्री) एवं फायर किट आवश्यक रूप से वाहन में रखने निर्देशित किये। उन्होंने बताया कि डॉयल 112 वाहनों के लिये नया स्टापेज प्वाइंट जारी किया गया है, निर्धारित प्वाइंट पर ही कर्मचारी ड्यूटी तब्दील करें। अनावश्यक कार्यों में ईआरवी वाहन का उपयोग न किया जावें। दूसरे थाना क्षेत्र के भी इवेंट प्राप्त होने पर बिना समय गवायें इवेंट पर पहुंचे और पीड़ित को हर संभव मदद के लिए तत्पर रहे। उन्होंने मैनेजमेंट टीम को सभी ईआरवी वाहनों का समय-समय पर आवश्यकता अनुसार सुधार कार्य करने निर्देशित किया गया तथा कर्मचारियों को इवेंट संधारण रजिस्टर अपडेट रखना बताये। एएसपी आकाश मरकाम द्वारा अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत करने तथा कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही करने की हिदायत भी दिया गया है। मीटिंग में डॉयल 112 प्रभारी रेडियो सब इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र श्याम, एबीपी मैनेजर राजीव सिंह व श्याम रतन गुप्ता व सभी थानों के डॉयल 112 स्टाफव ईआरवी वाहन चालक उपस्थित थे।

# लैलूँगा क्षेत्र में गाड़ियों की ओवर स्पीड बन रही जानलेवा, ड्राइवरों की मनमानी व नशे की लत से बढ़ा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा!

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



लैलूँगा से घरघोडा मार्ग पर बाइकर्स और ट्रक चालकों की भारी लापरवाही देखी जा सकती है। लैलूँगा क्षेत्र में आये दिन लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, ऐसे में कुछ लोगों द्वारा परिवहन नियमो को न मानना और लापरवाही पूर्वक तेज गाड़ी चलाया जा रहा है। जिससे चालक खुद के साथ साथ अन्य लोगों की जिंदगी भी खतरे में डाल रहा है। ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद अब फिर से सभी स्कूल और कॉलेज खुलने वाले है ऐसे में जो छात्र-छात्राएं साइकल और मोटर साइकलों से स्कूलों तक जायेंगे उनके लिए भी ओवर स्पीडिंग एक बड़ी समस्या बन सकती है।इसीलिए ऐसे लापरवाह चालकों पर प्रशासन द्वारा उचित कार्यवाही के साथ ठोस कदम उठाया जाना आवश्यक हो गया है, ताकि लोग सुरक्षित परिवहन के साथ आवागमन कर सकें।

# इंस्पायर अवार्ड : राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए सक्ति जिले से 07 विद्यार्थी





पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता में जिला नोडल अधिकारी सुरेश कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले से 07 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जिला राजनांदगांव के दिग्विजय स्टेडियम में 01 एवं 02 जुलाई को आयोजित की गई । इसमें जिले से 07 विद्यार्थी एवं 02 मार्गदर्शन शिक्षकों ने सहभागिता निभाई। डभरा विकासखंड के शास पूर्व माध्य शाला साराडीह से प्रिंस यादव, शास पूर्व माध्य शाला गोबरभाठा से चांदनी मिरी, चंद्रहासिनी विद्यापीठ से प्रिंस पटेल, शास हाईस्कूल सिरियाडीह से प्रियांशी, मालखरौदा विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला अड़भार से तनीषा कटकवार, शास हाईस्कूल कुरदा से सुमित खूंटे, जैजैपुर विकासखंड के शास हाईस्कूल काशीगढ़ से शीतल कुमारी साहू का चयन हुआ था। शिक्षक गंगा प्रसाद कैवर्त कुरदा एवं दुर्गेश्वरी सिदार के साथ विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने सभी विद्यार्थियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

इनके चयन पर एबीईओ पुष्पलता एक्का, चंद्रिका आर्मो, मीनाक्षी बेक, नीलिमा बड़गे, यू आर पटेल,रोशन पटेल, अनिता अग्रवाल,अनिरुद्ध सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दृष्टि बाधित बच्चो के साथ समर्पण सुशीला सेवा संस्थान ने मनाई सुशीला देवी की 70 वीं जन्म जयंती



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

यूँ तो सभी जैविक अंगों के स्वस्थ होते हुए उनकी उपस्थिति के साथ जीवन जीना कितना आसान लगता है, परंतु ऐसे दिव्यांगता के साथ जीना कितना दुष्कर होता है। यह बात हमे ऐसे बच्चों से मिलने उन्हें करीब से जानने से अनुभव होता है,उनकी परेशानियों का पता लगता है,हमे अवश्य रूप से ऐसे बच्चों से मिलना एवं उनकी कठिनाइयों को कम करने का प्रयास करना चाहिए, उनके बीच हम अपने आप को सोचकर ईश्वर को धन्यवाद देने को मन होता है,कि ईश्वर आपने हमे ऐसा शरीर ऐसा जीवन दिया,समर्पण सुशीला सेवा संस्थान ने माता सुशीला देवी जी को याद करते हुए सभी दृष्टि बाधित बच्चों का हालचाल जानकर,उनके साथ समय बिताकर, उनको फल आदि वितरित कर माता सुशीला देवी का 70वीं जन्म जयंती मनाया।जहां समर्पण सुशीला सेवा संस्थान के पदाधिकारी, सभी बच्चों के साथ शिक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में प्रवेश परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 07 जुलाई तक

पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा (हसौद) जिला सक्ती में वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा फार्म का वितरण 20 जून 2024 से प्रारम्भ हो चुका है। प्रवेश परीक्षा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 07 जुलाई 2024 तक निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सक्ती में संचालित 100 सीटर अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटो के विरूद्ध प्रवेश प्रकिया होगी तथा प्रवेश परीक्षा 08 जुलाई व 09 जुलाई 2024 को कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में सुबह 9 बजे से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीणता के आधार पर खिलाड़ी छात्राओं का चयन किया जायेंगा। जिसमें बैटरी टेस्ट का मूल्यांकन के आधार पर परीक्षा होगी जो निम्नानुसार हैं, गति परीक्षा, उछाल परीक्षा, शटल रन, (गतिशील 800 मी.) स्फूर्ति परीक्षण, गतिशील परीक्षण, शरीर के ऊपरी भाग को माड़ने, पुश-अप, लेग रेजिंग, सीट-अप, सहन शक्ति दौड़। चयन परीक्षा माध्यमिक स्तर की छात्राओं के लिए अधिकता 14 वर्ष आयु सीमा 31 दिसंबर 2024 की स्थिति में एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर के छात्राओं के लिए अधिकतम आयु सीमा 18 वर्ष की आयु होना अनिवार्य है। चयनित छात्राओं को शासन की ओर से खेल परिसर में निःशुल्क आवास, भोजन, छात्रवृत्ति, खेल पोशाक प्रदान की जावेगीं। सुबह 5.30 बजे से 8.30 तक एंव शाम 4.30 बजे से 6.00 बजे तक खेल प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। खेल विद्या खो-खो, हेण्ड बॉल, व्हॉलीबाल, सॉफ्ट बॉल तथा एथलेटिक्स होगी। प्रवेश फार्म खेल छात्रावास में अधिक्षिका तुलसी नामदेव मोबाइल नंबर 9691898171 से सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

# जूटमिल क्षेत्र से गुम बालिका को सिकंदराबाद से किया बरामद नाबालिग को भगा ले जाने वाले आरोपी भेजा गया जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता हुई बालिका को सिकंदराबाद (तेलंगाना) जाकर दस्तयाब किया गया है। बालिका के पिता ने 09 जून को थाना जूटमिल में बालिका की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में नाबालिग का भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर जेल भेज दिया है। बालिका के परिजन ने उनके मोहल्ले में मेहमानी पर आये मालखरौदा के चुन्नु बरेठ पर बालिका का बहला फुसलाकर भगा ले जाने की शंका जाहिर किये थे। थाना जूटमिल में संदेही के विरूद्ध धारा 363 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा बालिका और संदेही का डिटेल निकलवाया गया, दोनों के मोबाइल बंद थे। 28 जून को थाना प्रभारी को दोनों के सिंदराबाद में होने की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक से अनुमति प्राप्त कर पुलिस टीम तैयार कर बालिका और संदेही की पतासाजी के लिये तेलंगाना रवाना किया गया। जूटमिल पुलिस द्वारा सिकंदराबाद के पेठ बशीराबाद क्षेत्र में बालिका और संदेही चुन्नु बरेठ को अभिरक्षा में लेकर थाना पेठ बशीराबाद लाया गया।

बालिका के कथन, मेडिकल पर प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी चन्द्रभूषण उर्फ चुन्नु बरेठ पिता संतोष कुमार कर्ष उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बड़े सीपत, थाना मालखरौद, जिला सक्ती को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जहां से आरोपित को जेल वांरट पर जेल दाखिल किया गया है।

## सर्प रेस्क्यू एवं बाढ़ में फंसे लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**मुंगेली।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले में बारिश के दिनों में घरों और आसपास निकलने वाले सर्प के रेस्क्यू एवं बाढ़ में फंसे लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर 9406275514 जारी किया गया है, जिसमें कॉल कर आवश्यक सहायता के लिए त्वरित जानकारी दे सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से प्राप्त जानकारी पर बाढ़ में फंसे लोगों के बचाव एवं सर्प पकड़ने के लिये रेस्क्यू टीम को संबंधित जगहों पर भेजा जाएगा।

# अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 61 वां निशुल्क विकलांग शल्य शिविर 3 अगस्त को जिला अस्पताल बिलासपुर में

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर द्वारा आगामी 3 अगस्त 2024 दिन- शनिवार को सुबह 9:00 बजे से जिला अस्पताल पुराना बस स्टैंड बिलासपुर में 61वें निशुल्क विकलांग शल्य शिविर का आयोजन अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर,जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग,मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल एवं जिला पुनर्वास केंद्र बिलासपुर के सहयोग से किया जा रहा है, उपरोक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के मदन मोहन अग्रवाल एवं राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर ने बताया कि 3 अगस्त को सुबह 9:00 बजे से आयोजित विकलांग शल्य शिविर में लाभ लेने के इच्छुक दिव्यांग भाई अपना अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं, तथा इस शिविर आने वाले दिव्यांगों की जांच, चयन, पैथोलॉजी जांच, भर्ती,शल्य क्रिया पूर्व की तैयारी एवं कैलिपर्स की नाप ली जाएगी,04 एवं 5 अगस्त को उद्घाटन समारोह के साथ ही शल्य क्रिया एवं प्लास्टर का कार्य होगा, 4 से 10 अगस्त तक अवलोकन एवं उपचार प्रतिवेदन,11 अगस्त को सुझाव एवं दवा के साथ डिस्चार्ज सुबह 10:00 बजे तक, 13 अगस्त को सुबह पुन जांच, प्लास्टर निकालना, कैलिपर्स देना, एवं समापन समारोह शाम 5:00 बजे होगा, मदन मोहन अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में डॉक्टर के एस वाजपेई बलोदा बाजार, डॉक्टर जी एल अरोरा लखनऊ, डॉक्टर डीएन देवांगन रायपुर, डॉ.हरिकृष्ण अग्रवाल अकलतरा, डॉ विनोद पांडेय धमतरी, डॉ.गोपेंद्र सिंह दीक्षित बिलासपुर, डॉ संतोष साहू रायपुर सहित जिला चिकित्सालय बिलासपुर के सभी विशेषज्ञ चिकित्सक इस शिविर में अपनी सेवाएं देंगे,आयोजक संस्था के सदस्यों ने बताया कि 3 अगस्त को प्रारंभ होने वाले निशुल्क शल्य क्रिया शिविर में पोलियो ग्रस्त, टेढ़े-मेढ़े पैर एवं अन्य प्रकार के पैरों की विकृति को शल्य क्रिया के माध्यम से ठीक किया जाएगा एवं ऐसे दिव्यांगजन जो घिसट कर चलते हैं, अपने पैरों पर खड़े नहीं हो सकते एवं जिनकी उम्र 2 वर्ष से 30 वर्ष के बीच है, वे इस शिविर का लाभ ले सकेंगे, शिविर से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोजक संस्था के सदस्य मदन मोहन अग्रवाल के मोबाइल नंबर-9425536246, राजेंद्र अग्रवाल राजू बिलासपुर 9752 282222, डीपी गुप्ता- 94255 35202 एवम लक्ष्मी कुमार जायसवाल- 7999041723 पर चर्चा कर अपना अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं।

## 7 जुलाई को रथद्वितिया के पावन पर्व पर जगन्नाथ स्वामी की निकलेगी भव्य यात्रा

**सक्ती।** सक्ति शहर में आगामी 7 जुलाई को रथद्वितीया के पावन धार्मिक दिवस पर भगवान जगन्नाथ स्वामी जी की भव्य यात्रा का आयोजन शहर के शनि मंदिर के नजदीक स्थित मां दुर्गा मंदिर एवं श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति ने संयुक्त रूप से किया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए धर्म प्रेमी, सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत देवांगन हेमंत टेंट बाजार ने बताया कि यह यात्रा 7 जुलाई की शाम 4:00 बजे मां दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करेगी तथा जगन्नाथ स्वामी जी की यात्रा ढोल- बाजे, आतिशबाजी एवं आकर्षक लाइटों की साज- चर्चा के साथ निकलेगी ।

## ओडिसा से एमपी मादक पदार्थ लेकर जा रहे थे आरोपी, आरोपियों से ढाई किलो गांजा व बाईक जप्त

# बाइक पर गांजा तस्करी करते दो तस्कर पकड़ाये

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सीमावर्ती राज्य उड़ीसा से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय कर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कल दोपहर थाना प्रभारी पुसौर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक एमपी नंबर की मोटरसाइकिल पर दो लड़के उड़ीसा से गांजा लेकर मंडला, एमपी जाने निकले हैं। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर कार्यवाही के लिए नाकेबंदी पॉइंट लगाया गया। इसी दरमियान नवापारा चैक में नाकेबंदी कर रही पुसौर पुलिस टीम द्वारा लारा की ओर से आ रही एमपी पासिंग मोटरसाइकिल को रोका गया जिसमें दो युवक बैठे हुए थे। मोटरसाइकिल ने अपना नाम प्रिंस कुमार साहू तथा पीछे बैठा युवक अपना नाम नितेश कुमार मिश्रा दोनों निवासी ग्राम कहका थाना निबास जिला मंडला (मध्य प्रदेश) के रहने वाले बताएं। दोनों युवकों को नाकाबंदी के कारणों से अवगत कराते हुए विधिवत उनकी तलाशी ली गई। पीछे बैठे युवक निलेश कुमार मिश्रा के कब्जे में रखे थैला के भीतर 03 प्लास्टिक की पन्नी में मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसका वजन करने पर कुल 2 किलो 580 ग्राम पाया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अवैध बिक्री के लिए उड़ीसा से गांजा लेकर अपने गांव जाना बताएं। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गंज 2 किलो 580 ग्राम कीमती 25,000 मोटरसाइकिल यामहा तथा दोनों आरोपियों के 02 नग मोबाइल (15,000) कुल जुमला 1,20,000 की जप्ती कर थाना पुसौर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# लेखन में उत्कृष्टता के लिए देश के 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के लोरमी में रहने वाली शेफाली दास का चयन प्रधानमंत्री युवा मेंटरशिप प्रोग्राम के लिए हुआ है। शेफाली ने इस कार्यक्रम में राज्य का प्रतिनिधित्व कर जिले का मान बढ़ाया है। जिला कलेक्टोरेट में कलेक्टर ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज और शेफाली के परिवारजन मौजूद रहे। गौरतलब है की लेखन में उत्कृष्टता के लिए देश के 40 प्रतिभागियों का चयन किया गया, जिसमें राज्य की ओर से मुंगेली जिले के शेफाली दास ने प्रतिनिधित्व किया। शेफाली की इस उपलब्धि के लिए राज्य ने भी शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

# विकसित भारत की परिकल्पना लेकर आगे बढ़ रही लखपति दीदियां, स्व से लेकर सर्वस्व तक सब कुछ गढ़ रही है दीदियां



**लखपति दीदी सर्वे की जानकारी (चिन्हांकित उपरांत महिला परिवार की इंकम रेंज)-**

| ब्लॉक | 3 वर्षो में चरणबद्ध लखपति बनाने का लक्ष्य | 25 से 60 हजार | 61 से 99 हजार | एक लाख से अधिक |
|---|---|---|---|---|
| गुंडरदेही | 4000 | 350 | 2507 | 1143 |
| डौंडी | 4000 | 112 | 2730 | 873 |
| बालोद | 2700 | 78 | 810 | 1812 |
| डौंडीलोहारा | 3495 | 1012 | 1680 | 815 |
| गुरुर | 2700 | 227 | 732 | 1361 |





### लखपति बनने का सफ़र महिलाओं का संघर्ष

जिले के ग्राम चिचबोड़ की महिला पार्वती निषाद बताती है की उनकी घर के आर्थिक स्थिति ठीक नही थी। घर में कुछ ठीक नही चल रहा था। बच्चो के भविष्य की चिंता थी। मगर जब महिला समूह से जुड़ी फिर बैंक से कार्य करने के लिए लोन मिला, अब उस लोन से सब्जी और मछली पालन का काम कर के लखपति बनी हूं और परिवार में खुशियां है। ग्राम गब्दी की महिला खिलेश्वरी देवांगन बताती है कि पहले वो एक सामान्य महिला थी जो सिर्फ घर का और खेत मे कार्य करने जाती थी। फिर ये महिला समूह से जुड़ी, जहां उन्हें व्यवसाय करने की पूरी जानकरी मिली। बैंक से लोन मिला, जहां इन्होंने पहले मुर्गी पालन का कार्य चालू किया, जिसमें उनकी आमदनी अच्छी हुई फिर उसी आमदनी से किराना दुकान खोला, फिर उसके साथ मनिहारी की दुकान खोल अब 2 लाख से ज्यादा आमदनी कर अपने जीवन को बेहतर किया है। और पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। बालोद जिले के ऐसी ही 6 हजार 4 लखपति दीदियों की कहानी है, जिन्हें जीरो से शिखर तक अपना सफ़र तय कर आज बिजनेस वूमेन बनी है। और निरंतर सफलता की सीढ़ी चढ़ रही है। जहा अब जल्द ही इन लखपति दीदियों के साथ 8 हजार से अधिक और महिलाओं का नाम जुड़ने वाला है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान ने महिलाओं की किस्मत बदल के रख दी है। बालोद जिले की इन लखपतियों दीदी से प्रेरित होकर आज और भी महिलाएं आसमान की नई ऊचाइयों को छूने के लिए तैयार है। इन महिलाओं के बीच से ही एक दीदी ग्राम मंगचुवा निवासी प्रीति चुरेन्द्र बैंक सखी के रूप में काम कर रही है। जो बिहान के अंतर्गत बिजी सखी का कार्य कर रही है। जो आसपास के क्षेत्र में जाकर पैसो का भुगतान करती है। अब ग्रामीणों को दूर बैंक नही जाना पड़ता। वही ग्राम सकरौद निवासी ममता देशमुख भी अटल पेंशन, महतारी वंदन योजना, एकांउन्ट ओपनिंग, आरडी, एफ्डी जैसे तमाम शासन की योजनाओं से संबंधित राशि हितग्राहियों को उनके पास जाकर प्रदान कर रही है। रोजाना करीबन 2 से ढाई लाख तक जमा और निकासी होती है। यहां यह कहना गलत नही होगा कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में ये लखपति दीदियां अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है।

पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

महिलाओं को घर में काम करने वाली कामकाजी महिला बोलना ये पुरुष प्रधान समाज का हमेशा का तकिया कलाम रहा है। अक्सर महिलाओं के प्रतिभाओ को घर के चार दीवारी में समेट कर रख दिया जाता है। मगर बदलते वर्तमान परिवेश में अब महिलाओं को बिजनेस वूमेन कहा जा रहा है। जहा महिलाएं व्यवसाय खेती बैकिंग कार्य में आगे तो बढ़ रही है, वही लाखो की आमदनी कर लखपति दीदी बन रही है। जी, बिल्कुल लखपति दीदी जिनके व्यवसाय ने उन्हें शून्य से शिखर तक पहुचा दिया है। किसी ने क्या खूब कहा है, ÷तुम सपने देखो खुली आँखों से, तुम उस आसमान में पंख पसार, पूरी होगी अब जीवन की हर ख्वाहिश तुम्हारी, देखो खुल रहें है तुम्हारे लिए नए अवसरों के द्वार÷ ये लाइन बालोद जिले के ग्रामीण अंचल की लखपति दीदियों पर सटीक बैठती है। जिन्होंने शून्य से लेकर शिखर तक सफर तय किया है। ऐसी ही कहानी है बालोद जिले के उन महिलाओं की जिन्हें लखपति दीदी बोला जाता है। सामान्य जीवन जीने वाली ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया सरकार की राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत बिहान ने, जहां ग्रामीण महिलाओं को समूह के माध्यम से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। इतना ही नही हर तरह के कार्य व्यवसाय में निपुर्ण करने के लिए उन्हें ट्रेनिंग देकर उन्हें उनके पसंदीदा कार्य व्यवसाय के लिए बैक से लोन भी दिलाया। बालोद जिले के महिलाओं ने इस लोन से मछलीपालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, किराना दुकान, मनिहारी दुकान, सब्जी व्यवसाय और अनेको प्रकार के व्यापार कर आज लाखो की आमदनी कर अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत कर अपने परिवार की जिंदगी को खुशहाल बनाया है। बालोद जिले के गुंडरदेही ब्लाक में 1 हजार 143, डौंडी ब्लाक में 873, बालोद ब्लाक में 1 हजार 812, डौंडीलोहरा ब्लाक में 815 और गुरुर ब्लाक में 1 हजार 361 यानी कि कुल 6 हजार 4 महिलाए ऐसी है, जिनकी आमदनी अब लाखो में हो रही है और इन्हें लखपति दीदी बुलाया जा रहा है। वही 8 हजार 459 ऐसी महिलाएं है, जिनकी आमदनी 61 हजार से 99 हजार तक है, जो जल्द ही लखपति दीदी के श्रेणी में आ जाएंगी। वही 1 हजार 779 महिलाएं ऐसी है जिनकी आमदनी 25 हजार से 60 हजार तक है। इन महिलाओं को अपने आत्मनिर्भर बनने पर बड़ा गर्व है और ये महिलाएं अब अपने आप को बिजनेस वूमेन कहती है।

जिले में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने के लिए महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए लखपति दीदी का सरकल्पना किया गया है, जिसके तहत जिले में इस वर्ष 4 हजार महिलाओं को लखपति बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जो लखपति दीदी बन गए है, अब उनके माध्यम से समूह की महिलाओं को मोटिवेट कर रहे है, ताकि वो भी लखपति दीदी बन सके। कुछ दिनों पहले प्रमुख विभागों की बैठक भी ली गई थी, जो शासन की योजनाएं है, उनसे भी महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

**डॉ. संजय कन्नौजे, सीईओ, जिला पंचायत**

# आयुक्त ने मेकाहारा परिसर के सामने नाली की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया


पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 2 के क्षेत्र में मेकाहारा परिसर के सामने सार्वजनिक नाली की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन 2 जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने नाली को तले तक अच्छी तरह साफ करवाकर मुहाना खोलकर स्वच्छता कायम करने के निर्देष दिये। आयुक्त ने मेकाहारा के सामने की दुकानों के संचालको से दुकान में अनिवार्य रूप से डस्टबीन रखकर सूखा व गीला कचरा पृथक करके निगम के सफाई मित्र को प्रतिदिन नियमित रूप से देकर स्वच्छता कायम करने में सहभागी बनने का आव्हान किया। आयुक्त ने अन्यथा की स्थिति में जोन स्वास्थ्य अधिकारी को डस्टबीन नहीं रखने एवं कचरा गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर व्यवस्था सुधार एवं जनजागरण हेतु जुर्माना करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

# सी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर के विद्यार्थियों का रहा शत् प्रतिशत परिणाम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



सी.जी. कॉलेज ऑफनर्सिंग, रायपुर के विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा जारी बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा का परिणाम लाकर महाविद्यालय व अपने माता-पिता को गौरान्वित किया संस्था के संचालक डॉ. नवीन बागरेचा जी ने विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को आर्शीवाद एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव जी ने विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राचार्य पुष्पेन्द्र कर्ष व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी बधाई दी व कहा कि ये आप सबकी समर्पित शिक्षा का परिणाम है कि हमारी संस्था में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष में शत् प्रतिशत परिणाम हासिल हुआ है। सी.जी. कॉलेज ऑफनर्सिंग रायपुर में तृतीय वर्ष परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में डी. उषा राव ने 72.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा दिव्यांशु पाल ने 71.43 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं लक्ष्मीकांत चंद्रवंशी ने 69.43 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान एवं ठाकुरराम ने 69.14 प्रतिशत के साथ चतुर्थ स्थान हासिल किया। यह जानकारी संस्था की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. भारवि वैष्णव के द्वारा दी गई।

# शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता बसना
www.dailypioneer.com

नए शिक्षा सत्र को एक उत्सव के रुप में मनाते हुए गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलडीह में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना में शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल जी के साथ अन्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, मां भारती व छत्तीसगढ़ महतारी की पुजा-अर्चना कर,दीप प्रज्वलित कर राज्य गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने मनमोहक नृत्य कर फुलमाला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल व अन्य अतिथियों सहित अधिकारियों ने नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर, फुलमाला पहनाकर, पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश वितरण कर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने विद्यालय प्रांगणों में वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ पौधा लगाने हेतु प्रेरित किये। मुख्य अतिथि विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आज की पीढ़ी के अनुसार 21 वीं सदी की योग्यता के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करना है और पढ़ लिखकर अच्छा नागरिक बनकर अच्छे अच्छे नौकरी में जाकर तथा अपना स्वयं का व्यापार खड़ा कर माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए सजग हैं, साथ ही विद्यालय परिसर को हरा भरा करने हेतु वृक्षारोपण करना अनिवार्य है। सभी संकल्प लें की हमारा बसना विधानसभा क्षेत्र स्वच्छ और सुंदर बने। आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। साथ में विधायक ने विद्यालय प्रांगणों में वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ पौधा लगाने हेतु प्रेरित किये। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर 'एक पेड़ माँ के नाम' इस थीम पर पूरे राज्य के स्कूलों में पौधारोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है।

# क्या सीखे क्यों सीखे विद्यार्थी को स्पष्ट बताना होगा : डॉ. कल्पना मिश्रा




## विप्र कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर डॉ. कल्पना मिश्रा (गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर) ने उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी प्रक्रिया से अवगत करा शैक्षणिक व अशैक्षणिक सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय मे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुगम क्रियान्वयन और संवेदीकरण ÷विषय पर कार्यशाला श्रृंखला का प्राध्यापकों के प्रशिक्षण के साथ समापन हुआ। उच्च शिक्षा विभाग के मास्टर ट्रेनर डॉ कल्पना मिश्रा ने प्रशिक्षण देते हुए मूल्यांकन पद्धति और क्रेडिट सिस्टम से अवगत कराया। अपने मूल विषय के साथ अपने रुचि के अनुसार वैकल्पिक विषय चयन पद्धति का उद्देश्य बताते हुए डॉ कल्पना मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी अपने रुचि के अनुसार अपने मूल विषय के अतिरिक्त एक विषय चयन कर उसकी पढ़ाई कर सकता है जो उसके कैरियर निर्माण में सहायक होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य कौशल विकास के साथ भारतीय मूल्य से अवगत कराते हुए सही अर्थ में अपने विद्यार्थियों को शिक्षित करना है । इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सफलता प्राध्यापकों का सही प्रशिक्षण पर निर्भर करता है।

# मां का आशीर्वाद जरूरी है :गिरीश पंकज



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

नागपुर के जाने माने लेखक,प्रकाशक और महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी में नागपुर का प्रतिनिधित्व कर चुके भूतपूर्व सदस्य अविनाश बागड़े की बहुचर्चित दोहे चाय के संग जो उन्होंने 1 जनवरी 2024 से 24 जून 2024 निरंतर लिखकर सोशल मीडिया के विश्वव्यापी पटल फेस बुक पर प्रस्तुत किया।उन्हीं 700 दोहों के पुस्तकाकार प्रारूप यानि दोहा सतसई का लोकार्पण उन्होंने अपनी मातुलीला बागड़े जी के हस्ते उनके जन्मदिन पर सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार ,कवि,संपादक सद्भावना दर्पण गिरीश पंकज जी की उपस्थिति में रायपुर स्थित अपनी मां के घर पर किया।इस अवसर पर मोहन साहू, डा जगदीश डागर , डा विशाखा बागड़े, नीना चोखाआंद्रे माधवी लांजेवार,डा सुशील बागड़े सहित अनेक गणमान्य लोगों और परिजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।इस अवसर पर बोलते हुए गिरीश पंकज जी ने कहा...जब माताजी का जन्मदिन मनाया जा रहा है, तो इससे सुंदर बात दूसरी नहीं हो सकती कि उन पवित्र हाथों से ही नई कृति का लोकार्पण करवा दिया जाए। इस अभिनव सोच के लिए अविनाश बागड़े को बहुत-बहुत बधाई।

# सैमसंग ने गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले फोल्डेबल स्मार्टफोन की प्री-बुकिंग शुरू की

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड सैमसंग ने अब अपने उपभोक्ताओं के लिए गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले फोल्डेबल स्मार्टफोन्स की प्री-बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। इस तरह उपभोक्ताओं को खास ऑफर्स के साथ यह स्मार्टफोन जल्दी मिल सकेंगे। ग्राहक Samsung.com, सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स, Amazon.in, Flipkart.com और भारत में अग्रणी रिटेल दुकानों पर 2000 रूपये की टोकन राशि देकर गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को प्री-रिजर्व कर सकते हैं। गैलेक्सी जेड सीरीज के अगले स्मार्टफोन्स को प्री-रिजर्व करने वाले ग्राहकों को इन उत्पादों की खरीदी पर 7000 रूपये तक के फायदे भी मिलेंगे। सैमसंग ने हाल ही में यह घोषणा की थी कि वह 10 जुलाई को अपने ग्लोबल इवेंट में नेक्स्ट जनरेशन के गैलेक्सी जेड सीरीज स्मार्टफोन्स एवं इकोसिस्टम डिवाइसेस लॉन्च करेगा।

# इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और धानुका एग्रीटेक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित केवीके कार्यशाला

## कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के निदान के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिपजरूरी: विशेषज्ञ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और अग्रणी कृषि-इनपुटकंपनी धानुका के विशेषज्ञों ने किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों कासमाधान करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रगाढ़ करने केउद्देश्य के साथ एक साथ आकर रायपुर के आईजीकेवी के प्रांगण मेंआईसीएआर और धानुका एग्रीटेक द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित केवीके कार्यशाला को संबोधित किया। कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार पब्लिक-प्राइवेटपार्टनरशिप को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित कर रही है। इस तरह से सहयोग सेसरकारी और निजी संस्थाओं के संसाधन, विशेषज्ञता और नवीन समाधानएक ही जगह लाने में मदद मिलती है, जिसकी कृषि विस्तार सेवाओं कीपहुंच और प्रभावशीलता को बड़े स्तर पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका है, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय (आईजीकेवी) के उपकुलपति डॉ. गिरीशचंदेल ने कहा।विशेषज्ञों ने इस अवसर पर देशभर में कृषि उत्पादन और किसानों की आय मेंवृद्धि के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने पर भी जोर दिया। कार्यशाला में मुख्य भाषण में धानुका समूह के चेयरमैन डॉ. आर. जी. अग्रवाल ने कहा, भारतीय खेती-बाढ़ी को आईटी, आईओटी, प्रिसिजनएग्रीकल्चर और ड्रोन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से तुरंत जोड़ना बेहदजरूरी है। प्रति एकड़ कृषि उत्पादन बढ़ाने में इसकी बहुत ही महत्वपूर्णभूमिका रहेगी।

# साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की जून माह की गोष्ठी वृंदावन हॉल में आयोजित की गई



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की जून माह की गोष्ठी वृंदावन हॉल में ब्रिगेडियर प्रदीप यदु मंजु यदु द्वय द्वारा आयोजित की गई। यह गोष्ठी मासिक गोष्ठी के साथ एक खास शख्सियत की जन्म जयंती के रूप में आयोजित की गई। ऋचा की संस्थापिका स्व शांति यदु माँ का जन्मदिन 30 जून को होता है। ऋचा नामक छोटा सा पौधा शांति यदु ने बोया था, उनके पुत्र व पुत्रवधु तथा पुत्री ने मिलकर इसे सिंचित किया ऋचा के तमाम सदस्यों की देखरेख में यह पुष्पित पल्लवित होकर आज विशाल वटवृक्ष का रूप ले लिया है। यकीनन माँ शांति यदु का आशीष अपरोक्ष रूप से संस्था और परिवार पर बना है। सचिव नीता श्रीवास्तव ने संरक्षक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु,मंजु यदु, अध्यक्षा डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव कार्यक्रम अध्यक्ष के पी सक्सेना दूसरे के हाथों माँ वीणापाणि के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की ,सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुति दी सरोज दुबे विधा ने । मासिक प्रतिवेदन का पठन किया मीना शर्मा ने । एक प्यारी परंपरा पर सहमति बनी कि हर माह संस्था के जितने भी सदस्यों का जन्मदिन आयेगा उस माह की गोष्ठी में मनाया जायेगा , इसी कड़ी में इस माह प्रज्ञा त्रिवेदी को बुके देकर शुभकामनायें प्रेषित की गई। किरण लता वैद्य कठिन के शानदार संचालन में गीत, गज़ल, व्यंग्य, लघुकथा,आलेखों जैसे इंद्रधनुषी रंगों में काव्य सरिता बह निकली । स्व शांति यदु के जन्मदिन को समर्पित माँ पर बहुत सी कवितायें पढ़ी गई जो नीम की ठंडी छाँह व कलकल बहती नदी सा एहसास करा गई। साक्षी बने -- आचार्य अमरनाथ त्यागी, गौहर जमाली, सुरेंद्र रावल, के पी सक्सेना दूसरे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, डॉ सुरेश तिवारी, शशि मिश्रा, साधना सक्सेना, नीलिमा मिश्रा, सरोज दुबे, मंजु यदु, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, जे के डागर, आलिम नक़वी, नीता श्रीवास्तव, दिनेश गौतम, किरण लता वैद्य, डॉ कमल वर्मा, सुनिता वर्मा, प्रज्ञा त्रिवेदी, मीना शर्मा।

**पर्यावरण स्वीकृति बाबत् आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अंतर्गत ईसी पहचान नंबर **EC24A1003CG5796849N Dated 02.07.2024** के द्वारा हमारे ग्राम–मुड़पार एवं रमपुरा, तहसील–नवागढ़, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड परियोजना के तहत स्पंज आयरन क्षमता 2,31,000 टन/वर्ष, एम.एस. बिलेट्स क्षमता 2,32,848 टन/वर्ष, रिरोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स थ्रु हॉट चार्जिंग एवं रिहिटिंग फर्नेस क्षमता 2,25,863 टन/वर्ष (थ्रु हॉट चार्जिंग क्षमता 1,71,144 टन/वर्ष एवं रिहिटिंग फर्नेस क्षमता 54,719 टन/वर्ष), कैप्टिव पॉवर 25 मेगावाट (16 मेगावाट थ्रु डब्ल्यूएचआरबी एवं 9 मेगावाट थ्रु एएफबीसी), सिलिको मैगनीज क्षमता 36,000 टन/वर्ष और/या फेरो मैगनीज क्षमता 46,000 टन/वर्ष और/या फेरो सिलिकॉन क्षमता 20,000 टन/वर्ष और/या पिग आयरन क्षमता 63,000 टन/वर्ष, 9 एमव्हीए गुना 2 नग एस.ए.एफ. एवं फ्लाई ऐश ब्रिक्स क्षमता 36,700 टन/वर्ष की परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्रदाय किया है। जिसकी प्रति पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट (www.parivesh.nic.in) तथा प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग तथा मुख्यालय अटल नगर, नवा रायपुर में भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

स्थानः–बेमेतरा (छ.ग.)
दिनांकः– 02.07.2024

मेसर्स व्ही.ए.पी. इस्पात प्रायवेट लिमिटेड
ग्राम–मुड़पार एवं रमपुरा, तहसील–नवागढ़,
जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चमारिन पिता बसंत निवासी ग्राम सानपंधी तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के मां राधिका का मृत्यु दिनांक दिनांक 14/04/2022 को ग्राम सानपंधी में हुआ है। उक्त जन्म का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 19/07/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**// निविदा सूचना //**
**(प्रथम निमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 60/155597 | SR/MOW & DEPOSIT WORK IN VARIOUS REIDENTIAL AND NONRESIDENTIAL BUILDING IN KABEER NAGAR SECTION, RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 62/155598 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING AND DISTEMPERING RESIDENTIAL & NON-RESIDENTIAL BUILDINGS UNDER SURVEY SUB-DIVISION, RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 63/155599 | S/R, MOW, DEPOSIT & OTHER WORK TO VARIOUS BUILDINGS UNDER SUB-DIVISION SURVEY, RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 64/155600 | S/R, MOW, DEPOSIT AND OTHER WORKS AT VIP BUNGLOW SHANKAR NAGAR, SHANTI NAGAR, CIVIL LINE SECTION NO.-4 UNDER SUB-DIVISION NO.-1. RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 65/155602 | S/R, MOW, DEPOSIT AND OTHER WORK AT RESIDENTAIL AND NON RESIDENTILA BUILDING AT (HEAD QTR. SECTION NO.1) UNDER SUB-DIVISION NO.1 RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |
| 70/155603 | S.R., M.O.W. AND OTHER DEPOSIT WORKS FOR RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BLD. IN OLD MANTRALAY SECTION UNDER SUB DIVISION 1, RAIPUR (C.G.) | रू. 25.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 22.07.2024 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G-242500809/4

**छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग**
**निर्वाचन भवन, सेक्टर 19, नॉर्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर 492002**
दूरभाष :- 0771-2880911, 2880912, वेबसाइट :- www.cgsec.gov.in, ई-मेल :- cgsec.cg@nic.in

क्रमांक एफ-14-13(01)/वाहन/स्टोर/2020-21/एक/979 रायपुर, दिनांक 03/07/2024

**// वाहन किराये पर लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रण सूचना //**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, नवा रायपुर अटल नगर हेतु 01 नग वाहन किराये पर लिये जाने हेतु दिनांक 24.07.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। समय सारणी निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | : | 24.07.2024 समय अपरान्ह 12.00 बजे |
| तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय | : | 24.07.2024 समय अपरान्ह 01.00 बजे |
| फायनेंसियल बिड खोलने की तिथि/समय | : | 24.07.2024 समय अपरान्ह 03.00 बजे |

निविदा जमा करने एवं निविदाओं के निष्पादन, निविदा अभिलेख तथा अन्य निविदा से संबंधित अन्य जानकारी अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय का पता निम्नानुसार है:-

| कार्यालय का नाम | पता | फोन नंबर | ई-मेल |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग | निर्वाचन भवन, सेक्टर, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़, पिन : 492002 | 0771-2880911, 2880912 | cgec.cg@nic.in |

निविदा अभिलेख निर्धारित शुल्क प्रदाय कर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा विभागीय वेबसाईट www.cgec.cg.gov.in से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं, डाउनलोड किये गये निविदा अभिलेखों का शुल्क निविदा के साथ जमा किया जाना होगा।

सचिव,
छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग,
नवा रायपुर

G-242500816/3

# मानकों के अनुरुप नहीं है पौधरोपण के लिए किए गए गड्ढे, इसलिए नहीं बढ़ पाते पौधे, हर साल हजारों पौधे रोपने के बाद भी नहीं बढ़ रही हरियाली





पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निगम क्षेत्र में पौधरोपण के लिए खोदे गए गड्ढे अमानक हैं। इनकी गहराई कहीं-कहीं 6 इंच ही है जबकि चौड़ाई भी डेढ़ फीट से कम है। मुरुम, गिट्टी जैसी जगहों पर भी गड्ढे किए गए हैं। इन्हें देखकर यह दावा कर पाना मुश्किल है कि इसमें रोपे जाने वाले पौधे कब तक जीवित रहेंगे। पौधरोपण अभियान जोर-शोर से जारी है। निगम की एक अलग टीम इस पर काम कर रही है। पौधरोपण के लिए अब तक शहर में 12 से 15 हजार गड्ढे किए जाने का दावा किया जा रहा है। लेकिन इन गड्ढों की खुदाई कहीं भी पौधरोपण हेतु उपयोगी नहीं देखी जा रही है। शहर में अलग-अलग वार्डों में पौधरोपण आज से शुरु किए जाने की तैयारी है। इससे पहले स्टेट हाइवे में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए हैं। बूढासागर किनारे स्थित शिवाजी पार्क पूरी तरह से हरियाली से मुक्त है। यहां भी पौधरोपण किए जाने हेतु गड्ढे खोदे गए हैं। इनकी गहराई कहीं 10 इंच तो कहीं 8 इंच ही है। इसके अलावा हर पौधे को रोपे जाने के लिए एक निश्चित दूरी भी जरुरी है। ऐसा न होने पर पौधों को समान पोषण नहीं मिल पाता जिससे इनकी ग्रोथ पर विपरित प्रभाव पड़ता है। लेकिन पौधों के बीच की दूरी कम है। जनसहयोग से चलाए जाने वाले अभियान में प्रतिवर्ष निगम शहर में हजारों पौधे रोपता है। इनमें विभिन्न प्रजातियों के हर प्रकार के पौधे शामिल हैं। फिर भी शहर में हरियाली बढ़ती नहीं दिखती। इसका मूल कारण पौधों को सूख जाना है। बारिश के दौरान जगह जगह पौधे लगाए जाते हैं। किंतु मानकों का पालन न किए जाने, इनकी सुरक्षा में चूक, उर्वरकों की कमी से पौधों को पोषण नहीं मिल पाता। अधिक बारिश जैसी स्थिति में भी पौधों को नुकसान पहुंचता है।

### गड्ढों की गहराई बेहद कम

पौधों की जड़ें ही कम से कम 5-6 इंच की होती हैं। इस तरह पौधे को एक फीट से अधिक की गहराई में रोपा जाना जरुरी होता है। लेकिन शिवाजी पार्क में खोदे गए गड्ढे ऐसे नहीं है। रानी सागर के किनारे भी पौधरोपण की तैयारियां हैं यहां भी ऐसी ही स्थिति है। कई जगह तो ऐसे भी गड्ढे खोदे गए हैं जिनमें मुरुम और गिट्टी भरी पड़ी है। ऐसी जगहों पर रोपण से पौधों के जीवित रहने की संभावना कम ही है।

### पौधरोपण के लिए ये मापदंड जरुरी

निगम पौधरोपण के कार्यक्रम में लगभग हर प्रजाति के पौधे रोप रहा है। उद्यानिकी विभाग के मुताबिक बड़े पौधों को रोपने के लिए कम से कम 3 फीट चौड़ा और 3 फीट गहरे गड्ढे की आवश्यकता होती है। हर पौधे के बीच का अंतर 10 मीटर होना चाहिए। मध्यम आकार में बढ़ने वाले पौधों के लिए 2 फीट चौड़े और 2 फीट गहराई का गड्ढा किया जाता है। इनके बीच तकरीबन 7 फीट का अंतर जरुरी है। वहीं छोटे आकार में बढ़ने वाले पौधों के लिए कम से कम 2 फीट की गहराई वाला गड्ढा होना चाहिए जिनके बीच भी 6 फीट का अंतर जरुरी है। इतना ही पर्याप्त नहीं है। रोपे जाने के बाद पौधे जीवित रहें और बढ़ें इसके लिए खाद भी जरुरी है।

### रोज 200 गड्ढे खोदे जा रहे

निगम ने पौधरोपण के लिए अब तक 12 से 15 हजार गड्ढे किए हैं। इसके लिए अलग टीम लगी हुई है। इसमें 18 प्लेसमेंट मजदूर रखे गए हैं। एक जेसीबी, पेट्रोल मशीन और मजदूर गड्ढे कर रहे हैं। प्रति दिन 200 से 300 गड्ढे किए जा रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के दिन से पौधरोपण का कार्यक्रम शुरु हुआ है। दावा किया जा रहा है कि, अब तक स्टेट हाइवे में 2400 के लगभग पौधे रोपे जा चुके हैं। दावा किया गया है कि, पौधों के लिए डेढ़ फीट चौड़ाई और 2 फीट गहराई के गड्ढे किए जाते हैं। पौधरोपण के दौरान गड्ढों को और गहरा किया जाता है।

### दावा-कंपोस्ट का इस्तेमाल, रेत भी डाल रहे

पौधरोपण का काम संभाल रही निगम की टीम के मुताबिक पौधरोपण के लिए मणिकंचन केंद्र में शहर के कचरे से तैयार किए जा रहे वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया गया कि, तकरीबन हर पौधे में 200 से 300 ग्राम वर्मी कंपोस्ट डाला जा रहा है। इसके अलावा रेत का भी इस्तेमाल हो रहा है ताकि पौधों को बराबर पानी मिल सके। उद्यानिकी विभाग भी इसे जरुरी बताता है। लेकिन जैसा दावा किया जा रहा है उस पर कितना अमल हो रहा है यह बता पाना मुश्किल है।

## चंद महीनों में रोशनी छिन गई, नई एलईडी लाइटें खराब

पायनियर संवाददाता ⮜ छुरिया
www.dailypioneer.com

नगर में लगी एलईडी लाइटें बंद पड़ी हैं। कुछ ही महीनों पहले इन्हें लगवाया गया था। कम समय में ही लाइटों के बंद पड़ने पर इनकी गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर के रास्ते फिर अंधेरे में डूबे हुए हैं। नगर पंचायत ने अब तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है। तहसील कार्यालय व जनपद पंचायत सहित शहर के विभिन्न मार्ग पर लगाए गए एलइडी लाइटें तीन



महीने में ही खराब होने लगी हैं। शिकायत पर भी इस ओर नगर पंचायत प्रशासन किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहा है। जनप्रतिनिधि इस खरीदी गई लाइट की गुणवत्ता की जांच की मांग करने लगे हैं। उनका आरोप है कि, लाइट खरीदी में कमिशनबाजी के चलते गुणवत्ता से समझौता किया गया है। इसके चलते ही चंद महीनों में ये लाइटें खराब हो रहीं हैं।

## योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 6 जुलाई को

### सुबह 09 बजे होगा गायत्री स्कूल में दीपप्रज्जवलन

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा शनिवार को स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स की प्रतियोगिता रखी गई है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे गायत्री स्कूल में दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव जिले के लगभग 30 से 40 खिलाड़ी बच्चे भाग लेंगे। चार विधाओं में आयोजित योगासन के खेल होंगें। इसमें से चयनित खिलाड़ी संभाग और फिर राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 06 जुलाई शनिवार सुबह 09 बजे अतिथि जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, एनवायएसएफ स्टेट प्रेसिडेंट गोस्वामी जयंत भारती, समाजसेवी अंजुम अल्वी, समाजसेवी बृजकिशोर सुरजन, समाजसेवी निकुंज सिंघल, सौरभ अग्रवाल द्वारा किया जायेगा। दोपहर समापन समारोह के अतिथि एडीजे थामस एक्का, सीजेएम अशोक साहू, सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण हेमंत रात्रे, स्टेट सचिव मेजर सिंह व पवन डागा होंगें। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में एक बैठक बुलाई गई थी जिसमे प्रो ओंकारलाल श्रीवास्तव, नारायण कन्नोजे, राकेश ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया, भोलाशंकर महोबिया, डोमेंद्र देवांगन एवम् हेमंत तिवारी शामिल हुए।

## चांदनी को मिला लैपटॉप



पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया की कुमारी चांदनी को लैपटॉप प्रदान किया। कलेक्टर अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए उनके पिता यमुना लाल, परिजन एवं शिक्षकों को बधाई दी, जिन्होंने प्रेरणा देने के साथ ही अच्छी शिक्षा देकर हौसला अफ्जाई की। उल्लेखनीय है कि कुमारी चांदनी ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की परीक्षा में 89 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## जन्म पंजीयन व जन्म प्रमाण पत्र किसी भी व्यक्ति के पहचान के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज, जन्म-मृत्यु पंजीयन सतर्कता के साथ करें : कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के रजिस्ट्रारों (जन्म-मृत्यु) को निर्देशित किया है कि कुछ आवेदकों द्वारा आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि में परिवर्तन करने के लिए एक बार से अधिक आवेदन किया जा रहा है। जिला योजना एवं सांख्यिकी के रजिस्टार ओमप्रकाश देशमुख ने बताया कि आवेदकों द्वारा साक्ष्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। जन्म पंजीयन व जन्म प्रमाण पत्र किसी व्यक्ति की पहचान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जिनके द्वारा जन्म तिथि एवं जन्म स्थान प्रमाणित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जन्म पंजीयन में जन्म तिथि एवं जन्म स्थान एक बार प्रविष्टि करने के पश्चात संशोधन योग्य नहीं है। रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) द्वारा अधिनियम/नियम विरूद्ध जाकर एक ही व्यक्ति का एक से अधिक जन्म पंजीयन अलग-अलग जन्मतिथि से किया जाता है, वो उचित नहीं है। इसके लिए समस्त रजिस्ट्रार सतर्कता के साथ जन्म पंजीयन करें एवं जन्म तिथि एवं जन्म स्थान में किसी भी स्थिति में संशोधन न किया जाए।

## एलबी नगर तहसील में हुई सर्वाधिक वर्षा

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक 946.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। एक जून से अब तक पूरे राजनांदगांव जिले में कुल 135.2 मिमी औसत बारिश हुई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में 3 जुलाई 2024 को औसत 7.7 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 31 मिमी दर्ज की गई। अब तक हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 210 मिमी हुई हैं। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार 3 जुलाई को डोंगरगढ़ तहसील में 3.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 31 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 4.4 मिमी, घुमका तहसील में 1.5 मिमी, छुरिया तहसील में 8.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 3 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 2.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक डोंगरगढ़ तहसील में 131.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 210 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 137.5 मिमी, घुमका तहसील में 204.5 मिमी, छुरिया तहसील में 91.2 मिमी, कुमरदा तहसील में 115 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 56.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### प्लेसमेंट कैम्प में 41 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्पों के आयोजन किए जा रहे है। इस तारतम्बय में आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में बीएसीएस एनर्जी प्रायवेट लिमिटेड कोसा नाला टोल प्लॉजा सुपेला भिलाई जिला दुर्ग एवं सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग सहित अन्य दो नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों के लिए 41 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में 286 आवेदकों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

## पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम के विकास के लिए सभी मिलकर करें कार्य : डॉ. रमन सिंह

- मिशन जल रक्षा अंतर्गत बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सैंड फिल्टर का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में वृक्षारोपण महाभियान में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने आरसेटी परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बरगा (आरसेटी) में जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे मिशन जल रक्षा अंतर्गत बोरवेल रिचार्ज साफ्ट सैंड फिल्टर का भी शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सभी मिलकर ग्राम के विकास के लिए कार्य करें। पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है, जिसके लिए पौधरोपण जरूरी है। डॉ. सिंह ने आरसेटी बरगा में प्रशिक्षण प्राप्त कर




रही महिलाओं से बातचीत की और अच्छी तरह से प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सेन्ट्रल ग्राऊण्ड वाटर बोर्ड के सर्वे के अनुसार डोंगरगांव, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव क्रिटिकल जोन में आ गए हैं। लगातार बोर एवं पंप से जल दोहन के कारण भू-जल स्तर में गिरावट आयी है। डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, परकोलेशन टैंक, एवं अन्य वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ सुसुरूचि सिंह ने बताया कि जल संरक्षण के कार्य में नारी शक्ति को भी जोड़ा गया है। कैच द रैन अभियान अंतर्गत लगातार जल सरंक्षण के लिए कार्य किया जा रहा है।

## 10 साल के लंबे संघर्ष के बाद अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, बेदखली के आदेश पर अब जाकर हुआ अमल



पायनियर संवाददाता ⮜ छुरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम कुमर्रा छुरिया में निजी भूमि के सामने से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। लगभग 10 साल तक पीड़ित ने न्यायालय के चक्कर लगाये। इसके बाद तहसीलदार ने अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने का आदेश दिया। लंबे समय से बेदखली के आदेश का भी पालन नहीं हो पा रहा था। पीड़ित ग्रामीण ने न्याय की गुहार एक साल तक लगाई तब जाकर अंतत : 27 जून को तहसीलदार विजय कोठारी ने अतिक्रमणकारी के मकान को बुल्डोजर से ढहाया। माखनलाल साहू ने बताया कि उसकी निजी भूमि व मकान के सामने कुशल साहू एवं बसंत कुमार साहू ने अतिक्रमण कर लिया था। इससे उसे अपने मकान से आने- जाने में परेशानी होने लगी। जब अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा नहीं हटाया तो उसने न्यायालय की शरण ली। लगभग 10 साल की लंबी अवधि के बाद न्यायालय ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया और अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने का आदेश फरवरी माह में दिया गया। तहसीलदार छुरिया द्वारा जारी आदेश में 17 फरवरी 2023 तक बेदखली का आदेश पालन कराने के निर्देश दिये गये लेकिन अतिक्रमणकारी अवैध कब्जा नहीं हटा रहे थे। जिसे 27 जून को पंजीयन हल्का नंबर पांच की शासकीय भूमि खसरा नंबर 54/4 रकबा 0. 32 एकड़ में से 0.01 डीसिमल पर अतिक्रमण कर मकान बनाया गया था जिसे बुल्डोजर से तोड़ा गया।

### भ्रष्टाचार के एक साथ दर्जनभर से अधिक मामलों पर नपं उपाध्यक्ष ने की शिकायत

## सीएमओ ने कर्मचारी के नाम पर किया लाखों का भुगतान, आरोप : काम हुआ ही नहीं

पायनियर संवाददाता ⮜ छुईखदान
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत छुईखदान में एक नहीं दो नहीं बल्कि पूरे 16 बिंदुओं पर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया ने सीएमओ को पत्र लिखकर पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। महोबिया ने नगर पंचायत छुईखदान में प्रधानमंत्री आवास योजना, मोटर पंप खरीदी, दुकान नीलामी एवं व्यवसायिक परिसर निर्माण, बस स्टैंड चौक एवं जय स्तंभ चौक निर्माण, विद्युत समाग्री एवं नल जल सामग्री खरीदी, कीटनाशक छिड़काव, नल पाइप विस्तार जैसे कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया है। बोर खनन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, मंगल भवन, उद्यान मरम्मत, जिम सामग्री खरीदी,




बाल्टी, कुर्सी खरीदी, में भी उन्होंने गड़बड़ी की बात कही है। उन्होंने कहा कि, नगर पंचायत में सीएमओ द्वारा अपने कर्मचारियों के नाम पर भी बिल का भुगतान कर भ्रष्टाचार किया गया है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष महोबिया ने अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से पत्र व्यवहार कर सभी 16 बिंदुओं पर सूक्ष्मता से जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास में नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सास, देवर एवं परिवार के सभी सदस्यों के नाम पर आवास निर्माण कृषि भूमि में अवैध निर्माण कर शासन की राशि का दुरुपयोग किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत की दुकान बिना रजिस्ट्री बिना नीलामी आवंटित कर दी गई है। नामांतरण किये बिना ही अवैध परिसर का निर्माण किया गया है। विद्युत एवं नल सामग्री की खरीदी में बिना सत्यापन के बिल भुगतान कर दिया गया है। नगर पंचायत के अंतर्गत कई जगह नलकूप खनन कराया गया है जिसमें आज तक पंप नहीं लगाया गया है। जिम सामग्री खरीदी गई है उसमें भी फर्जी बिल से भुगतान हुआ है। छुईखदान नगरी निकाय में निर्धारित से अधिक दर पर कुर्सियां खरीदी गई है इसी प्रकार निर्धारित से ज्यादा दर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत बाल्टियां खरीदी करके उसको घर-घर वितरण किया गया है।

**सीसी रोड बनी ही नहीं और कर दिया भुगतान**-उन्होंने आरोप लगाया कि, वार्ड क्रमांक 5 में जो स्वयं नगर पंचायत उपाध्यक्ष का वार्ड है वहां पर भवानी शंकर महोबिया के घर से लेकर प्रकाश चौहान के घर तक सीसी रोड का निर्माण हुआ है। फर्जी तरीके से राशि का आहरण किया गया है। जबकि वहां पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य हुआ ही नहीं है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपने कर्मचारियों के नाम से बिल भुगतान कर अनियमितता बरती गई है। अपने कर्मचारियों को लाखों रुपए का हित लाभ दिया जाकर भ्रष्टाचार किया गया है। नगर पंचायत के उपाध्यक्ष उमाकांत महोबिया ने कहा इन प्रत्येक बिंदुओं की सूक्ष्मता से जांच होनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके।

## छग में हार का कारण गांधी परिवार : अशोक चौधरी

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में हार का कारण जानने के लिए संभाग-जिले में बैठक लेकर कार्यकर्ता की बात सुन रही है। पूरे प्रदेश में चाहे बस्तर हो सरगुजा, या बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग संभाग... यहां तक कि राजनांदगांव जिले में भी कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार आम कार्यकर्ताओं के अनदेखी और घपला करने वाले कार्यकर्ताओं पूछ परख को चुनाव में हार का कारण बताया है। अशोक चौधरी ने कहा की राष्ट्रीय नेता जो यह समीक्षा बैठक कर रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि भूपेश बघेल को जब मुख्यमंत्री थे तब कांग्रेस आलाकमान ने ही उन्हें सबसे अच्छा मुख्यमंत्री होने का खिताब दिया था। इसका कारण सिर्फ यह है कि छत्तीसगढ़ को एटीएम के तहत मान्यता प्रदान की गई थी।

भूपेश बघेल जब भी चार्टर प्लेन से दिल्ली जाते छत्तीसगढ़ से थैला भर के ले जाते थे और आज चुनाव में हार का कारण सिर्फ भूपेश बघेल को बनाया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि इसकी जिम्मेदार सोनिया, राहुल गांधी हैं। भूपेश बघेल को धनराशि लेने के बदले हमेशा क्लीनचिट दी जाती रही। मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एवं राष्ट्रीय नेताओं से यह कहना चाह रहा हूं कि भूपेश बघेल को ना मारो बल्कि कांग्रेस पार्टी में जो खोट है उसे समझो और सुधार करने का प्रयास करो। हार का कारण भूपेश बघेल नहीं राहुल गांधी हैं।

# सीएम के गृह जिला अस्पताल का सीटी स्कैन मशीन रेडियोलॉजिस्ट के बिना संचालित, भिलाई से 24 घंटे बाद आती है जांच की रिपोर्ट

## सीएमएचओ, सीएस डॉ. इंदवार ने कहा, शासन को पदस्थापना के लिए पत्राचार किया है

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर पड़ताल



जिला अस्पताल में आने वाले गरीब मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा दिलाने के लिए शासन-प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। अथक प्रयास के बाद जिला अस्पताल में करोड़ों की लागत से सीटी स्कैन मशीन स्थापित किया गया और उससे मरीजों को लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। लेकिन आपातकालीन स्थिति में तत्काल सुविधा दे पाने के लिए अब भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल सीटी स्कैन मशीन की स्थापना तो हो गई है लेकिन उसकी जांच की रिपोर्ट देखने के लिए विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट की पोस्टिंग नहीं हो सकी है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक 23 जनवरी 2024 में मशीन की स्थापना की गई और अबतक 750 से अधिक मरीजों की जांच की गई है।

**भिलाई से आती है रिपोर्ट** –राजा देवशरण जिला अस्पताल में स्थापित सीटी स्कैन मशीन का संचालन कर रही रेडियोग्राफर संध्या भगत ने बताया कि मशीन में सीटी स्कैन की रिकॉर्डिंग इंटरनेट में अपलोड कर भिलाई भेजा जाता है। वहां सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने वाली कंपनी की ओर से नियुक्त किए गए रिटायर्ड रेडियोलॉजिस्ट राजीव पा रिकॉर्डिंग देखकर रिपोर्ट बनाकर भेजते हैं। इसके लिए 12 से 24 घंटे का वक्त लग जाता है।

**आपातकालीन में होती है दिक्कत**– रेडियोग्राफर संध्या भगत ने बताया कि रिकॉर्डिंग भेजने पर भिलाई से रिपोर्ट आ जाती है। लेकिन आपातकालीन स्थिति में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खासकर एक्सीडेंटल केस में मरीज को बेहतर इलाज देने के लिए सीटी स्कैन की रिपोर्ट की तत्काल जरूरत पड़ती है। ऐसे में भिलाई रिकॉर्डिंग भेजने के बाद अधिकृत किए गए रेडियोलॉजिस्ट से बात करनी पड़ती है तब जाकर रिपोर्ट आती है।

**डॉक्टर्स को होती है दिक्कत**–सीटी स्कैन मशीन से अबतक 750 मरीजों का स्कैन किया गया है। इनमें सिर और पेट के मरीज अधिक थे। जिला अस्पताल के चिकित्सकों से मिली जानकारी के मुताबिक एक्सीडेंटल केस में जब मरीज की रिपोर्ट को रेडियोलॉजिस्ट के साथ डिस्कशन करना पड़ता है वैसे समय में जिला अस्पताल में दिक्कत आती है। कंस्लटेंट में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसका प्रभाव मरीज को अच्छा इलाज नहीं दे पाने में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, मशीन के पास रेडियोलॉजिस्ट के होने से जांच रिपोर्ट बनाने से लेकर मरीज को इलाज देने तक में बहुत फर्क पड़ता है।

**कंपनी के साथ ऐसा करार**–मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला अस्पताल के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. विपीन इंदवार ने बताया कि सीटी स्कैन जशपुर जिला अस्पताल में सप्लाई करने वाली कंपनी के साथ यही करार हुआ था कि शासन की ओर से जबतक रेडियोलॉजिस्ट नहीं आ जाते तबतक आपको ही व्यवस्था देना होगा। इसी करार के तहत रिटायर्ड रेडियोलॉजिस्ट राजीव पा की सेवा भिलाई से ली जा रही है और उन्हें प्रत्येक केस के अनुसार भुगतान किया जा रहा है।

> सीटी स्कैन मशीन से होने वाली जांच की रिपोर्ट भिलाई से आती है। यह कंपनी के साथ करार हुआ था। स्थाई रेडियोलॉजिस्ट के लिए शासन को पत्र लिखा गया है।
> **-डॉ. विपीन इंदवार, सीएमएचओ और सीएस जशपुर**

# बरसात में आकाशीय बिजली व सर्पदंश से बचने सावधानियां बरतने के सीएमएचओ ने की अपील

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

बरसात में आकाशीय बिजली और सर्पदंश से बचाव के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक ने सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की घटना अधिक होती है। इससे लोगों के साथ ही पशु-पक्षियों की भी मौत हो जाती है, यहां तक कि पेड़ भी झुलस जाते हैं। इसके लिए क्या करें और क्या नहीं करें की जानकारी भी सीएमएचओ ने दिया।

**क्या करें**-तत्काल पानी, बिजली के तार, खम्भों, हरे पेड़ों और मोबाईल टावर आदि से दूर हट जाएं, बच्चों को बिजली के उपकरण से दूर रखें, आसमान के नीचे है तो अपने हाथों को कानों पर रख लें ताकि बिजली की आवास से कान के परदे ना फट जाएं, अपनी दोनों एड़ियों को जोड़कर जमीन पर उकडू बैठ जाएं, छतरी या सरिया जैसी कोई चीज है तो अपने से दूर रखें, ऐसी चीजों से बिजली के गिरने की आशंका सबसे ज्यादा होती है। पराली आदि के ढेर से दूर रहें, नही तो इसमें आग लग सकती है। बिजली से चलने वाले यंत्रों व उपकरणों को तत्काल बंद करें, मछूवारे मौसम के पूर्वानुमान के बाद ही तालाब, झिरिया नदी नाले में जाएं।

**क्या ना करें**-बिजली चमकने के दौरान अगर एक से ज्यादा लोग हों तो एक दूसरे से दूरी बनाए रखें, एक दूसरे का हाथ बिल्कुल नहीं पकड़ें, खाली पैर पानी का नल नहीं छुएं, दोपहिया वाहन सायकल, ट्रक, नौका, खुले वाहन आदि में सवार होकर खुल जगह पर भ्रमण न करें, कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग ना कर जूट या रस्सियों का प्रयोग करें। खिड़कियों, दरवाजे और बरामदे में भी नहीं जाएं, मोबाईल चार्ज या किसी अन्य उपकरण को प्लग करने के साथ उसका इस्तेमाल बिल्कुल ना करें तथा खुले मैदान में, जहां कोई पेड़ या ऊंची रचना हो, वहां खड़े रहने की गल्ती ना करें। डॉ. कौशिक ने बरसात के मौसम में सर्पदंश के लक्षण और बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि सांपों के काटने के स्थान पर दांतों के निशान काफी हल्के होते हैं, दंश स्थान पर तीव्र जलन, पलकों का गिरना, अनैच्छिक मल-मूत्र त्याग, मिचली आना, किसी वस्तु का दो दिखलाई देना, अंतिम अवस्था में चेतनाहीनता तथा मांसपेशियों में ऐंठन, दंश जगह पर तीव्र पीड़ा, खुजलाहट, हाथ-पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, दम घुटना इत्यादि लक्षण हैं। बचाव के बारे में बताया कि कुएं या गड्ढे में अनजाने में हाथ नहीं डालें, बरसात मे अंधेरे में नंगे पांव न घूमें, जूते को झड़ाकर पहनें, सांप को पकड़ने या छेड़ने की कोशि नहीं करें, घरों में गोबर के कंडों के ढेर, पैरा, लकड़ीं का गठ्ठे से इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें।

**सर्पदंश में क्या करें**-धीमी गति से रक्त का बहाव और विष का फैलाव धीमा करने के लिए रोगी को दिलासा दें, काटे हुए शरीर के अंग को स्थिर रखकर पट्टी का उपयोग करें, पीड़ित व्यक्ति को लेटे हुए स्थिति में रखकर तत्काल अस्पताल ले जाएं, काटे हुए छोर से अंगंठियां, कंगन, जूते या अन्य दबाव वाले वस्तु को निकाले तथा तत्काल 108 संजीवनी एक्सप्रेस को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराएं।

**सर्पदंश में क्याना करें**-किसी भी बंधन या संपीडन पट्टी को ना लगाएं, काटे गए स्थान पर ज्यादा कसकर न बांधें, जहर को निकालने के चूसना या चीरा देना इत्यादि ना करें, रोगी को मादक पदार्थ या एस्प्रीन न दें, पीड़ित व्यक्ति को चलने ना दें, काटने की जगह पर बर्फलगाकर इसे ठंडा ना करें।

# शासी परिषद की बैठक में हुआ विभिन्न कार्यों का अनुमोदन

## सांसद, विधायक व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com




जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक दोपहर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग सहित कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, सिहावा अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू सहित जिले के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर नम्रता गांधी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासी परिषद की प्रत्याशा में स्वीकृत कार्यों की जानकारी दी, साथ ही वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति और वर्तमान में कार्यों की स्थिति की जानकारी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी। इसके अलावा चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा अनुमोदित कार्यों के बारे में बताया गया।

# नगर के मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा होने से आवागमन बाधित

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



नगर के हृदय स्थल तथा सबसे व्यस्ततम ट्रैफिक वाले क्षेत्र डाकघर के सामने पशु चिकित्सालय से लगकर मुख्य मार्ग के किनारे लगभग 300 वर्गफीट की शासकीय भूमि पर व नाली के ऊपर गायत्री फोटोग्रॉफी सेंटर संचालक ऋषि शुक्ला पिता सिद्धनाथ शुक्ला ने अवैध कब्जा कर रखा है द्य पूर्व में मुख्य मार्ग चौड़ीकरण करने के दौरान काटे गए पीपल वृक्ष कों भी कब्जा करने की नियत से स्थापित कर रखा है द्य लगभग 300 वर्गफीट की जमीन पर सड़क चौड़ा होने के बाद से ही अवैध अतिक्रमण के आवागमन बाधित कर जनसुविधा, सौदर्यीकरण, नगर में हो रहें पाथवे निर्माण कार्य भी प्रभावित हो रहा है द्य ऋषि शुक्ला द्वारा किये गये अवैध कब्जे के विरुध्द कई बार नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा शिकायत की जा चुकी है लेकिन नगर पालिका आज पर्यन्त तक उक्त अवैध निर्माण को हटाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई द्य जिसकी लेकर अन्य अवैध कब्जाधारी को भी बल मिल रहा है, नगर को सुंदर बनाने के उद्देश्य से मुख्य मार्ग के किनारे नगर पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं लेकिन ऐसे उक्त स्थल पर कार्य करने पर पेंच अटक रहा है इसलिए उक्त स्थान को छोड़ दिया गया है जो नगर के सौदर्यीकरण में ग्रहण लगने जैसा दिख रहा है । सूत्रों से यह भी पता चला है कि ऋषि शुक्ला अपने आप को 80% दिव्यांग बताकर शासकीय अधिकारी कर्मचारी एवं आम नागरिकों पर इसी प्रकार का हमला कर मनमानी करता है लेकिन ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उनके द्वारा इनका समर्थन कर अवैध कब्जे जैसे कार्यों में सहयोग कर रहें है। जबकि अनुभागी अधिकारी बलौदाबाजार द्वारा अवैध कब्जा मुक्त करने के लिए तहसीलदार की टीम गठित कर दिए हैं उसके बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है।

# डोंगरा प्राथमिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन के संकुल केंद्र सिरियाडीह संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोंगरा प्रांगण में आयोजित किये गए थे जिसमें संकुल अंतर्गत सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओ, पालक समिति सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रहा। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर गुलाल तिलक अगरबत्ती श्रीफल के साथ हुआ। कायक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरा सरपंच मनोज टंडन, तिल्दा सरपंच, हरि राम साहू प्राचार्य सिरियाडीह व विशिष्ट अतिथियो में पत्रकार गोलू कैवर्त, उपसरपंच शिव वर्मा ,ताराचंद वर्मा सहित शिक्षक शिक्षिकाओं की विद्यार्थियों की उपस्थिति रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक बिरजू कुर्रे, आभार व धन्यवाद ज्ञापित प्रधान पाठक भूपेंद्र पटेल ने किये।

कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को मोमेंटो, पेन देकर सम्मानित किये गए। नवप्रवेशी बच्चों का प्रवेश कराए गए। तिल्दा डोंगरा, लाटा सिरियाडीह से पालक, ग्रामीण विद्यार्थियों की उपस्थिति रहा।

# भाटापारा पृथक ज़िला निर्माण की बात पर शिवरतन मौन क्यों: सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाटापारा मंडी में आयोजित आम सभा को भाटापारा वाशियो के लिये निराशाजनक बताया है। सुशील शर्मा ने जनता जनार्दन को याद दिलाते हुये कहा की सन् 2023 के विधान सभा चुनाव के दौरान लोकोत्सव मैदान में आयोजित भाजपा की चुनावी सभा में असम राज्य के मुख्यमंत्री हेमंताविश्वा शर्मा की उपस्थिति में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने खुल्लेआम सार्वजनिक मंच से घोषणा करते हुये कहा था कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा शासन के बनते ही भाटापारा स्वतंत्र और पृथक ज़िला निर्माण हो जायेगा आज प्रदेश में भाजपा का शासन है फिर भाटापारा ज़िला निर्माण क्यों नहीं किया गया शिव रतन शर्मा जी को यह बात जनता को बतानी चाहिये, प्रदेश में सत्तासीन भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री जब भाटापारा में आम सभा को संबोधित करने आये हो और भाजपा के सभी दिग्गज नेता मंच पर उपस्तिथ हो इसी मंच पर पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा जी को अपने पूर्व घोषणा अनुरूप भाटापारा को पृथक स्वतंत्र ज़िला निर्माण कराने की महत्वपूर्ण,जीवंत और जवलन्त माँग को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूरा कराना था लेकिन उन्होंने दुर्भावनावंश क्षेत्र की जीवंत ज्वलंत जयाज माँग को नहीं रखकर पूरे विधानसभा के विकास और प्रगति पर कुठाराघात किया है। कॉंग्रेस के शासनकाल में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जनता जनार्दन से मिलने अपने भेट-मुलाक़ात कार्यक्रम में ग्राम कड़ार आने वाले थे तब तत्कालीन विधायक शिवरतन शर्मा जी ने भाटापारा की सड़्को पर रैली निकाल कर भाटापारा को ज़िला बनाने धरना प्रदर्शन किया था।

# शॉर्टेज क्लोरीन की, सप्लाई लाइन कमजोर ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी में बढ़ रही मांग, बढ़ रहे दाम

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com




मौसम है बारिश का। स्वच्छता है अनिवार्य। देश स्तर पर निकल रही मांग ने ब्लीचिंग पाउडर को जिस ऊंचाई पर पहुंचा दिया है, उससे बाजार और उपभोक्ता हैरत में है। इधर फिटकरी भी गर्मी दिखाने लगा है क्योंकि जल शुद्धिकरण संयंत्रों की जोरदार मांग निकली हुई है। बरसों बाद ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी में गर्मी का आना देखा जा रहा है। खासकर ब्लीचिंग पाउडर में जो तेजी बनी हुई है, उससे मांग क्षेत्र असहज हो रहा है। यह भी पहली बार है जब निजी क्षेत्र का रुझान खरीदी को लेकर बढ़ा हुआ है। इसके पहले तक शासकीय एजेंसियां ही एकमात्र उपभोक्ता थीं। कमोबेश कुछ ऐसी ही स्थिति फिटकरी में भी बन रही है क्योंकि दरों में किलो पीछे 10 रुपए की गर्मी आ चुकी है।

**हल्की शॉर्टेज ब्लीचिंग पाउडर में**- जल जमाव वाले क्षेत्र और अपशिष्ट प्रबंधन के बाद ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग निकाय करती है। औसत मांग की तुलना इस बार इसलिए बढ़ी हुई है क्योंकि अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर आमजन गंभीर नहीं हैं। ऐसे में वेस्ट की मात्रा बढ़ी हुई है। यही वजह है कि निकायों को ब्लीचिंग पाउडर की खरीदी दोगुनी मात्रा में करनी पड़ रही है। सीधा असर आपूर्ति की गति पर पड़ रहा है, जिसकी वजह से अब 25 किलो की बोरी की खरीदी के लिए 800 रुपए की जगह 825 रुपए देने पड़ रहे हैं।

**सप्लाई लाइन ध्वस्त**-फिटकरी में मांग फिल्टर प्लांट के लिए स्थानीय प्रशासन से निकल रही है। पंचायत क्षेत्र भी मांग कर रहे हैं। इसके अलावा निजी क्षेत्र से भी फिटकरी की डिमांड लगभग दोगुनी है। ऐसे में उत्पादक पहली बार चौतरफा दबाव में हैं। रही-सही कसर स्वच्छ जल को लेकर सख्ती पूरी कर रही है। यही वजह है कि 25 रुपए किलो की कीमत पर मिलने वाला फिटकरी 10 रुपए की उछाल के बाद 35 रुपए किलो की ऊंचाई पर पहुंच गया है लेकिन इस कीमत पर भी उपलब्धता लगातार सीमित होती नजर आ रही है।

**नहीं बता पा रहे कीमत**-कुल उत्पादन के लगभग 80 फीसदी हिस्से की खरीदी शासकीय एजेंसियां कर रही हैं, इसलिए क्लोरीन टैबलेट की उपलब्धता ओपन मार्केट में लगभग शून्य की खबर है। कंपनियां उत्पादन तो बढ़ा रहीं हैं लेकिन मांग की तुलना से बेहद कम मात्रा की सूचना है। ऐसे में तरल क्लोरीन की आपूर्ति खुले बाजार में बहुत जल्द देखने में आएगी लेकिन कीमत के खुलासे की प्रतीक्षा खुले बाजार में की जा रही है।

# विद्यार्थियों को दी गई मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com





कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आज राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल कुरूद मेंएक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही शासकीय कन्या शाला कुरूद, उच्चतर माध्यमिक शाला नारी, दरबा, कचना, कोर्रा, सिवनीकला, चरमुड़िया, सिलौटी, अंवरी एवं स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल भखारा के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को कार्यशाला में सम्मिलित किया गया। कार्यशाला में मानसिक स्वास्थ्य हमारे रोजमर्रा के अनुभव का हिस्सा, शारीरिक स्वास्थ्य की तरह, हम सभी के पास मानसिक स्वास्थ्य, अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है और अपनी भावनाओ को कैसे नियंत्रित और अभिव्यक्त करते है, जिसका हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पडता है के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही बच्चो में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओ को समझना, जैसेहिंसा, आर्थिक परेशानी, शैक्षाणिक समस्याए, नशीले पदार्थ का उपयोग, परिवार का साथ छूट जाना, शारीरिक बिमारी इत्यादिके बारे में भी बताया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, भारतीय रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित कर मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान किया जा रहा है। साथ ही किशोरों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं एवं उपाय के बारे में विभिन्न खेल गतिविधियां बताई जा रहीं हैं। इनमें सांप सीढ़ी का खेल, भावना चक्र, टिप-टिप टैप खेल के साथ ही आत्म जागरूकता कहानी बताई जा रही है।

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश, योजनांतर्गत प्रगतिरत कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश

# सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव ने की पीएम जनमन की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com




जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने गत दिन जनपद पंचायत मगरलोड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पी.एम.जनमन योजना अंतर्गत मगरलोड विकासखंड में स्वीकृत 325 आवासों में से 81 आवास पूर्ण हो चुके हैं 45 आवास छत स्तर पर, 40 आवास प्लींथ स्तर के कार्य हो चुके हैं को एक माह के भीतर पूर्ण कराये जाने निर्देशित किया गया। इसी तरह योजनांतर्गत वर्तमान में 170 आवास स्वीकृत किये गये हैं जिसमें मोहेरा-82, मड़ेली-25, बिरझुली-21, झाझरकेरा-10 सर्वाधिक है। संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव को उक्त निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रा.) अंतर्गत मगरलोड विकासखंड को आगामी लक्ष्य भी प्रदाय किया जाना है के संबंध में सहायक अंभियंता द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को प्रस्तावित स्थल चयन करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। स्थल चयन में हितग्राही की सहमति पत्र संलग्न की जावें जिससे डिवीएशन की स्थिति निर्मित न हो। मुख्यमंत्री समग्र विकास, अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, स्कूल शिक्षा मद, लघु मरम्मत अंर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने एक माह के भीतर निर्माण कार्यों को पूर्ण करने निर्देशित किये। इसी तरह गौंण खनिज मद अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों की कार्य योजना तैयार कर प्राक्कलन जिला कार्यालय को प्रेषित करने तथा कार्य पूर्ण उपरांत वित्तीय वर्ष अनुसार निर्माण कार्यों की जानकारी भी प्रेषित की जावें। वित्तीय वर्ष 2021-22, 2023-24 लघु मरम्मत के 186 सभी अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। वित्तीय वर्ष 2023-24 स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत पठार, खड़मा (मा), मुड़केरा, सोनझरी, बोईरगांव, मारागांव, बुड़ेनी, धौराभाठा (न) में स्वीकृत मणीकंचन के कार्यों को 15 दिवस के भीतर पूर्ण कराये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। ग्राम पंचायत झाझरकेरा (धनबुड़ा), सरगी (केवराडीह) कुल्हाड़ीकोट, मड़ेली (बूढ़ाराव), मुड़केरा (राउतमुड़ा), सोनझरी (मुरूमडीह), खड़मा(सरईरूख, मड़वापथरा, गिरहोलाडीह), कुल्हाड़ीकोट (हथबंध) में सामुदायिक शौचालय में प्रगतिरत शौचालय को 15 दिवस के भीतर पूर्ण करावें। मगरलोड विकासखंड के 66 ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन हेतु ट्राईसिकल दी गई है, कचरा कलेक्शन एवं स्वच्छता शुल्क जल कर ग्राम संगठन एवं समूह की महिलाओं के माध्यम से अनिवार्य रूप से जमा कराये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। कचरा कलेक्शन हेतु स्वच्छता दीदी को पंचायत के माध्यम से ग्लब्स, दस्ताने जैसी सामग्री उपलब्ध कराये जाने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने समीक्षा बैठक के दौरान यह भी कहा कि गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका वाली पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ और हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाली पंचायत, सामजिक रूप सुरक्षित पंचायत, सुशासन वाली पंचायत, महिला हितैषी पंचायत जो ग्राम पंचायत दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरूस्कार की श्रेणी में आता है को राष्ट्रीय पंचायत पुरूस्कार के रूप में नामांकित एवं आदर्श ग्राम के रूप में भी विकसित किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। वहीं पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी ग्राम पंचायतों में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन करावें जिससे हितग्राहियों को शतप्रतिशत प्रीमियम का लाभ मिले। ग्राम पंचायत धौराभाठा (कु.) सचिव महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। इस समीक्षा बैठक में प्रीति दुर्गम डिप्टी कलेक्टर, राजेन्द्र पडोटी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड एवं योजनांतर्गत विभागीय अधिकारी सहित सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।

# प्लेसमेंट कैम्प 8 जुलाई को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 8 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 440 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। इनमें एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस लाईफ मित्र, सेक्यूरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर और लेबर के पद शामिल हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं और स्नातक हो, वे इस प्लेसमेंट कैम्प में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए आवेदक को सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ नियत तिथि को उपस्थित होना होगा।

# श्रमवीरों के बच्चे अब बनेंगे डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और अधिकारी

## मुख्यमंत्री ने ''नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना'' में 13 विद्यार्थियों को वितरित किए दो-दो लाख रुपए की राशि के चेक

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रमवीरों के परिवार के बच्चों के लिए अब डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक और प्रशासनिक अधिकारी बनने की राह अब आसान हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत दो-दो लाख रुपए के चेक प्रदान किए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। श्रमवीर परिवारों के ऐसे मेधावी बच्चे जिन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में मेरिट प्रथम दस में स्थान बनाया है, उन्हें दो-दो लाख रूपए की राशि के मिलने से इन बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने का रास्ता मिल गया है। मुख्यमंत्री के हाथों बच्चों को सम्मानित और उन्हें राशि मिलने से ये बच्चे उत्साहित हैं। उन्हें मिले सम्मान और सहायता राशि से उनका आत्मविश्वास और बढ़ गया है। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली वेदिका निषाद ने बताया कि वह कृषि वैज्ञानिक बनना चाहती हैं। उसने कृषि महाविद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा दी है। वेदिका ने बताया कि उसके माता-पिता किसानी और मजदूरी करके परिवार की गुजर बसर करते हैं। आज मिली राशि से उनका वैज्ञानिक बनने का सपना साकार हो सकेगा इस राशि का उपयोग वे आगे की पढ़ाई के लिए करेंगी। बालोद जिले की जिज्ञासा ने बताया कि उन्हें दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में पांचवा स्थान मिला है। उनके पिता मजदूरी करते हैं। वह डॉक्टर बनने का सपना संजोए हुए है। दसवीं की मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली पद्मनी शांडिल्य सिविल सर्विसेज में जाना चाहती हैं। इसी प्रकार मेरिट में आठवें स्थान में आने वाले खोमेंद्र इंजीनियर बनना चाहते हैं। दसवीं की बोर्ड परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली होनिशा के पिता मिस्त्री का काम करता हैं, होनिशा डिप्टी कलेक्टर बनना चाहती हैं।

## खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने विभागीय योजनाओं समीक्षा की



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने खाद्य आयोग कार्यालय में विगत दिवस खाद्य विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी पात्र हितग्राहियों को प्रत्येक माह नियमित रूप से राशन वितरण सुनिश्चित हो। यूनिवर्सल पीडीएस के तहत राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को ई-पास के माध्यम से पंसद की दुकानों में राशन वितरण करने संबंधी व्यवस्था को दुरूस्त करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। बाबरा ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन सामग्री वितरण में पारदर्शिता एवं जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पीडीएस से संबंधित शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर एवं कॉल सेंटर का दूरभाष नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। विभाग के कॉल सेंटर का दूरभाष क्रमांक 1800-233-3663 एवं टोल-फ्री नंबर 1967 है। उन्होंने समीक्षा बैठक में फोर्टिफाईड चावल वितरण, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम का क्रियान्वयन पहुंचविहिन उचित मूल्य दुकानों में अग्रिम राशन भण्डारण की व्यवस्था, ग्राम पंचायतों के उचित मूल्य के दुकानों का संचालन सहित खाद्यान्न वितरण से संबंधित विभिन्न विभागों में प्रचलित योजनाओं की समीक्षा की।

## किसान ने कहा, पटवारी से हूं हलाकान, मुख्यमंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

रायपुर। जनदर्शन में नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पौंसरी के किसान अशोक रजक आए। उन्होंने कहा कि मेरे गांव के पटवारी के पास एक काम के लिए आवेदन दिया। कई दिनों तक संपर्क के बावजूद काम नहीं हो पा रहा इससे मैं हलाकान हो गया हूं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही बेमेतरा कलेक्टर को किसान के आवेदन की प्रगति के संबंध में जांच कर राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भी देखें कि मामले में विलंब क्यों हुआ, यदि लापरवाही हुई है तो संबंधित पटवारी पर कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि जनदर्शन में जो भी राजस्व संबंधी प्रकरण आ रहे हैं। उनके निराकरण के लिए मौके पर ही संबंधित कलेक्टर को आवेदन फॉरवर्ड किया जा रहा है ताकि आवेदनों पर अविलंब कार्रवाई की जा सके।

## कृषि मंत्री रामविचार नेताम जिला बलरामपुर शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि और आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम आज जिला बलरामपुर में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। गौरतलब है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 06 से 14 वर्ष आयु वर्ग के समस्त बालक-बालिकाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के क्रम में स्कूल शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा के तहत शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम जिला मुख्यालय के सेजस हिन्दी माध्यम विद्यालय मैदान किया है। कार्यक्रम सबेरे प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता सरगुजा संसद चिन्तामणि महाराज करेंगे। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक शकुन्तला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनिशा नेताम, राधा सिंह देव उपाध्यक्ष जिला पंचायत बलरामपुर एवं जिले के समस्त जिला पंचायत सदस्यगण, नगरीय निकायों के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। उल्लेखनीय है कि नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 की शुरुआत एक उत्सव के रूप में हो व बच्चों तथा पालकों के लिए यह दिन विशेष तौर से यादगार बन सके इसी उद्देश्य के साथ नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को स्वस्थ वातावरण प्रदान करने और उन्हें विद्यालय की ओर आकर्षित करने के लिए शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। साथ ही नेवता भोज का आयोजन भी किया जाएगा।

## राज्यपाल हरिचंदन को बस्तर के गोंचा पर्व के लिए आमंत्रण




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में आरण्यक ब्राह्मण समाज बस्तर संभाग जगदलपुर के प्रतिनिधियों ने समाज के अध्यक्ष ईश्वरनाथ खंबारी के नेतृत्व में सौजन्य भेंट की। उन्होंने बस्तर के प्रसिद्ध गोंचा पर्व में शामिल होने के लिए राज्यपाल को आमंत्रण दिया। इस अवसर पर हेमंत पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, सुदर्शन पाणिग्रह भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बस्तर में गोंचा पर्व भगवान जगन्नाथ व देवी सुभद्रा और दाउ बलराम के रथ यात्रा का पर्व है। इस पर्व को प्रति वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से लेकर एकादशी तक पूरे 27 दिनों तक बस्तर वासियों के द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है।




05 July 2024 Pride Of Raipur





























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403